kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-330 ❑ मंगलवार, 31 दिसम्बर 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



राहुल गांधी ने अपने 'राजनीतिक लाभ' के लिए डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का फायदा उठाया और जब पूरा देश उनके निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गए। अमित मालवीय

एनसीसी का गणतंत्र दिवस शिविर शुरू, 2361 कैडेट ले रहे हैं हिस्सा 11

शीतलहर से बचाव में मुख्यमंत्री धामी ने बढ़ाई तत्परता 12

## संक्षेप

### सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर 'मकरविल्लाकु' उत्सव के लिए फिर से खुला

**सबरीमाला।** विश्व प्रसिद्ध भगवान अयप्पा मंदिर का मंदिर आगामी 14 जनवरी को 'मकरविल्लाकु' उत्सव के लिए सोमवार को फिर से खोल दिया गया। मंदिर का श्रीकोविल (गर्भगृह) आज शाम 17.00 बजे ''थंत्री'' (मुख्य पुजारी) की उपस्थिति में खोला गया था। बाद में निचले तिरुमुत्तम में पवित्र अग्निस्थान (आज़ी) जलाया गया। मकर संक्रांति पूजा के हिस्से के रूप में 14 जनवरी को पूर्ववर्ती त्रावणकोर रॉयल पैलेस से लाये गये 'घी' का उपयोग करके 'नेय्याभिषेकम' किया जायेगा। मकर संक्रांति पूजा सूर्य के धनु राशि से मकरम राशि तक पारगमन के दौरान की जायेगी। दो महीने तक चलने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा का सबसे शुभ अनुष्ठान 'मकरविलक्कु' और 'मकर ज्योति' दर्शन, मूर्ति को 'तिरुवभरणम', पवित्र सोने के आभूषणों से सुसज्जित करने के बाद किया जायेगा, जिन्हें पंडालम वलियाकोइकल श्री से यहां लाया जायेगा। मंदिर के मुख्य पुजारी 14 जनवरी की शाम को मुख्य पुजारी की उपस्थिति में दीपाराधना करेंगे। दीपाराधना के साथ ही पूर्वी क्षितिज पर एक तारा (मकर) दिखाई देगा, जो कि दीपाराधना के शुभ समय को दर्शाता है। मकर ज्योति को सन्निधानम, पंडितावलम, पुलमेदु, हिलटॉप, चलाकायम, अट्टाथोडु, सरमकुथी, नीलिमाला, मराकूटम से देखा जा सकता है।

### एनटीपीसी ऊंचाहार की एक इकाई ठप

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के ऊंचाहार में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की एक इकाई में तकनीकी खराबी के कारण विद्युत उत्पादन प्रभावित हुआ है। एनटीपीसी की प्रवक्ता कोमल शर्मा ने सोमवार को बताया कि तकनीकी खराबी के कारण एनटीपीसी की 210 मेगावाट की चार नम्बर इकाई बंद की गई है जिसके कारण विद्युत उत्पादन प्रभावित हुआ है। गौरतलब है कि एनटीपीसी में छह इकाईयों से 1550 मेगावाट विद्युत उत्पादन होता है। पहली इकाई नवंबर 1988 में चालू हुई थी। प्लांट के लिए कोयला उतरी करणपुरा कोल्डफिल्ड से प्राप्त होता है जबकि पानी का स्रोत शारदा सहायक नहर है। प्रवक्ता के अनुसार कल ही तकनीकी खराबी सामने आई थी इसलिए इकाई को बंद किया गया है और जल्द ही शुरू किया जाएगा।

### वितुल कुमार केन्द्रीय रिजर्व पुलिल बल के कार्यकारी महानिदेशक नियुक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के 1993 बैच के अधिकारी वितुल कुमार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का कार्यकारी महानिदेशक नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार वह बल के मौजूदा महानिदेशक अनिश दयाल का स्थान लेंगे जो मंगलवार को सेवानिवृत हो रहे हैं।

# मोदी के डिजिटल महाकुम्भ के विजन को साकार कर रहे योगी

## उप्र के 76वें जनपद को रिकॉर्ड समय में नागरिक सुविधाओं के साथ बसाने में जुटी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल महाकुम्भ के विज़न को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साकार कर रहे हैं। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के नए 76वें जनपद ''महाकुम्भ नगर'' को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसा रही है। महाकुम्भ में पहली बार मेला को बसाने का काम डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। ''महाकुम्भ भूमि एवं सुविधा आवंटन'' की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही हैं।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेले में जमीन आवंटन और मूलभूत सुविधाओं के काम में विभागों की जवाबदेही के साथ पूरी पारदर्शिता बरत रही है। आवेदक अपनी जमीन और मेला में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का स्टेटस ऑनलाइन कभी भी देख सकता है। कुम्भ 2019 में 5500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं उनके आवंटन का डिजिलाइज़ेशन किया गया है। इस बार पूरे मेला में 10 हजार से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी, आपातकालीन, सामजिक और धार्मिक संस्थाए शामिल हैं। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु-संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी से और जल्द हो रहा है।

गूगल मैप्स पर मुख्य स्थानों को मिली जगहअपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि कुम्भ मेला के लिए 25 सेक्टर में फैले 4000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग कर तैयार किया गया है। मानसून के पहले और बाद में ड्रोन सर्वेक्षण कर जमीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया है। सर्वेक्षणों के माध्यम से हाई रिज़ॉल्यूशन के नक्शे, जीआईएस बेस लेयर और 0.5 सेमी की एक्युरेसी के साथ जियो-रेफरेंस कैड फाइल तैयार की गई। प्रमुख सार्वजनिक उपयोगिताओं और अन्य आपातकालीन मुख्य स्थानों को श्रद्धालुओं के लिए गूगल मैप्स पर उपलब्ध कराया गया है। इसमें मुख्य रूप से आपातकालीन सेवाएं, थाने, चौकियां, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, अस्पताल, पार्किंग क्षेत्र, फूड कोर्ट, वेंडिंग ज़ोन, शौचालय, पांटून ब्रिज, सड़क इत्यादि शामिल हैं। सुविधा पर्चियों का किया गया डिजिटलाइजेशनप्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पारदर्शिता बरतने और सभी को अवसर देने के लिए जो संस्थाएं कुम्भ 2019 में मेला का हिस्सा रही हैं उनके भी आवेदनों को स्वीकार किया है। इसके लिए मेला प्राधिकरण ने ● शेष पेज 11 पर

### महा आयोजन

- ❑ महाकुम्भ भूमि एवं सुविधा आवंटन की साइट पर एक क्लिक में मिल रहीं भूमि और सुविधाएं
- ❑ कुम्भ 2019 में 5500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं उनके आवंटन का हुआ था डिजिटलाइज़ेशन
- ❑ मानसून के पहले और बाद में ड्रोन सर्वेक्षण कर जमीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया
- ❑ आवेदक अपनी जमीन और सुविधाओं को ऑनलाइन देख सकता है

### मुख्य स्नान पर्वों के दिन प्रयागराज रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग होंगे एंट्री और एग्जिट के रास्ते

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ 2025 को लेकर प्रयागराज रेल मण्डल ने अपनी लगभग सभी तरह की प्लानिंग और तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही मुख्य स्नान पर्वों जैसे मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा के दिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से प्रयागराज रेल मण्डल के सभी स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट के प्लान तैयार कर लिए गए हैं। स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं को किसी तरह की अफरा-तफरी और समस्याओं से बचाने के लिए एंट्री और एग्जिट के अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। मालूम हो कि अनुमान के मुताबिक महाकुम्भ में आने वाले 45 करोड़ श्रद्धालुओं में से लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु ट्रेन से प्रयागराज आएंगे। महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रयागराज रेल मण्डल अनुमान के हिसाब से महाकुम्भ के दौरान 3000 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ लगभग 13000 ट्रेनें चलाने की योजना पर काम कर रहा है। महाकुम्भ के मुख्य स्नान पर्वों पर प्रयागराज रेल मण्डल के स्टेशनों पर एंट्री और ● शेष पेज 11 पर

## अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करना बेहद जरूरी : राजनाथ सिंह



एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि तेजी से बदलती परिस्थितियों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करना बेहद जरूरी है और सैन्य प्रशिक्षण केन्द्र सैनिकों को इससे लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहे हैं।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि श्री सिंह ने मध्य प्रदेश के महू में आर्मी वॉर कॉलेज में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, आज के लगातार विकसित होते समय में प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है, और सैन्य प्रशिक्षण केंद्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सुसज्जित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। युद्ध के तरीकों में आ रहे आमूलचूल परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, विद्युत-चुंबकीय युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे गैर परंपरागत तरीके आज के समय में बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महू प्रशिक्षण केन्द्र इन प्रयासों में बहुमूल्य योगदान दे रहा है। उन्होंने बदलते समय के साथ प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए लड़ने के लिए तैयार करने के लिए केंद्रों की सराहना की। श्री सिंह ने सरकार के 2047 तक देश को विकसित बनाने के विजन पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान दौर को संक्रमण काल बताया। उन्होंने कहा कि भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और तेजी से विनिर्माण हब के रूप में उभर रहा है। सैन्य दृष्टि से हम आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। हम अन्य देशों को भी भारत में निर्मित उपकरण निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, आज 21,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री ● शेष पेज 11 पर

## शांति से मनाएं नया साल हुड़दंग किया तो चलेगा डंडा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नव वर्ष का जश्न सड़क पर हुंड़दंग के साथ मनाने की मंशा छोड़ देने में ही भलाई है क्योंकि ऐसा करने वालों से पुलिस सख्ती से पेश आयेगी।

सूबे के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के आदेशानुसार पुलिस नव वर्ष का जश्न मनाने के दौरान हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त रवैया अपनायेगी। आदेश में साफ कहा गया है कि नव वर्ष का जश्न मनाने की आड़ में कायदे-कानून तोड़ने वाले नागरिकों को उत्तर प्रदेश की पुलिस अच्छा खासा सबक सिखाएगी। नववर्ष 2025 के अवसर पर सुरक्षा को देखते हुए पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने खास एडवाइजरी जारी की है। उन्होने राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि नव वर्ष से संबंधित सभी आयोजनों की सूची तैयार की जाएगी और हाटस्पॉट को चिह्नित किया जाएगा। साथ ही राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाएगी और नियमित फुट पेट्रोलिंग की जाएगी। नववर्ष के दृष्टिगत कमिश्नरेट/जनपद के संवेदनशील स्थलों, आयोजन स्थलों, होटलों, क्लबों, मनोरंजन गृहों और सार्वजनिक स्थानों पर समुचित पुलिस प्रबंध किया जाएगा और विशेष सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। महिलाओं के आवागमन के मार्गों पर समुचित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाएगी। यूपी-112 के कर्मियों को भी समुचित ब्रीफ करते हुए उनका प्रभावी व्यवस्थापन किया जाएगा। नववर्ष के अवसर पर युवाओं द्वारा सड़कों पर मोटरसाइकिल/चारपहिया वाहन तेज गति से चलाए जाने ● शेष पेज 11 पर

## पनडुब्बी, तारपीड़ो उपकरणों के लिए 2867 करोड़ का अनुबंध

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने डीआरडीओ-एआईपी प्रणाली के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्लग के निर्माण और भारतीय पनडुब्बियों पर इसके एकीकरण तथा कलवरी- श्रेणी पनडुब्बियों पर इलेक्ट्रॉनिक हैवी वेट टॉरपीडो (ईएचडब्ल्यूटी) के एकीकरण के लिए लगभग 2,867 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि दोनों अनुबंधों पर यहां रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। एआईपी प्लग के निर्माण और इसके एकीकरण का अनुबंध मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई के साथ लगभग 1,990 करोड़ रुपये का हुआ, जबकि डीआरडीओ द्वारा विकसित किए जा रहे ईएचडब्ल्यूटी के एकीकरण का अनुबंध नेवल ग्रुप, फ्रांस के साथ लगभग 877 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। एआईपी तकनीक को डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है। एआईपी-प्लग के निर्माण और इसके एकीकरण से ● शेष पेज 11 पर

## बहराइच की 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे रामदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❑ योगी की ओडीओपी मुहिम का दिखा असर, किसानों को होगा ज्यादा मुनाफा
- ❑ डीएम बहराइच की मौजूदगी में तीन एफपीओ और स्वामी रामदेव की कंपनी के बीच हुआ करार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योगगुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वे आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे। बता दें कि बहराइच की हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी डिमांड भी काफी रहती है। यही वजह है कि योगगुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है।

बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप जिले के उत्पादों को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने और अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योगगुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायोएनर्जी फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है। हरिद्वार में हुए एमओयू में योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहिंपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच का मिहिंपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु होने के कारण कृषि के लिए काफी उपयुक्त है। यही वजह है कि यहां हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की काफी अधिक मात्रा में खेती की जाती है। इसे कई राज्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी भेजा जाता है। इसके बावजूद अन्नदाताओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इसे देखते हुए अन्नदाताओं ● शेष पेज 11 पर

## साइबर धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाएं

एजेंसी



❑ धोखाधड़ी वाले खातों की पहचान में हो तेजी: आरबीआई रिपोर्ट

मुंबई। बढ़ते डिजिटल लेनदेन के बीच साइबर धोखाधड़ी के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और गड़बड़ी करने के इरादे से खोले गये खातों की पहचान करने के प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट (एफएसआर) के दिसंबर संस्करण में कहा गया है कि डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ, साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं हाल के दिनों में बढ़ी हैं। इसमें नए-नए तरीकों का उपयोग किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''इन धोखाधड़ी के कारण वित्तीय नुकसान के साथ लोगों को भावनात्मक स्तर पर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए यह जरूरी है कि विनियमित संस्थान (आरबीआई के दायरे में आने वाले संस्थान) जनता को ऐसी धोखाधड़ी के बारे में सावधान करने के लिए व्यापक स्तर पर एहतियाती जागरूकता कदम उठाए। साथ ही फर्जीवाड़े के इरादे से खाले गये खातों (म्यूल एकाउंट) की पहचान के लिए प्रयासों को तेज किया जाए। 'भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति 2023-24' पर आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी मामलों की संख्या सालाना आधार पर बढ़कर 18,461 हो गयी। साथ ही इसमें शामिल राशि आठ गुना होकर 21,367 करोड़ रुपये पहुंच गयी। वहीं एक साल पहले ● शेष पेज 11 पर

### श्रम सुधारों और सामाजिक कल्याण की दिशा में हुए व्यापक बदलाव

## उद्योग और रोजगार के नए युग की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है और इसके लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। योगी सरकार ने न केवल औद्योगिक क्षेत्रों में बल्कि श्रम सुधारों और सामाजिक कल्याण की दिशा में भी व्यापक बदलाव किए हैं।

योगी सरकार ने रोजगार सृजन और उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन' की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत व्यापारियों और उद्यमियों को अनेक प्रक्रियाओं से मुक्त किया गया है। महिला श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। पॉटरी, कारपेट, पीतल, और ताला उद्योग में महिला श्रमिकों को रोजगार के विशेष अवसर दिए गए हैं। इन योजनाओं ने न केवल महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है। आईटी और वस्त्र उद्योगों में कामकाजी घंटों को 8 से बढ़ाकर 12 किया गया है। इससे कार्यदक्षता और उत्पादकता में वृद्धि हुई है। साथ ही, टेक्सटाइल और अन्य उद्योगों में स्थायी रोजगार अनुबंध की अनुमति दी गई है। इसके परिणामस्वरूप रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं।

योगी सरकार ने 2017 से अब तक 7 प्रमुख श्रम कानूनों में संशोधन और सरलीकरण किया है। इन सुधारों के कारण उत्तर प्रदेश ने 2022 में ''टॉप अचीवर'' की श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के तहत 2018 में प्रदेश का स्थान 14वां था, जो अब दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इन सुधारों ने न केवल औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया है, बल्कि प्रदेश को एक आर्थिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक मजबूत आधार भी तैयार किया है। सरकार ने छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को भी विशेष ध्यान दिया है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। 'श्रमिक कल्याण योजना' के तहत उत्तर प्रदेश में श्रमिकों को स्वास्थ्य, आवास, और शिक्षा में सुविधाएं दी जा रही हैं। महिला श्रमिकों के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है। इन प्रयासों ने श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मदद की है। सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और पारदर्शी बनाया है। अब श्रमिक और नियोक्ता दोनों के लिए नियमों का पालन करना आसान हो गया है। इससे श्रम विवादों की संख्या में कमी आई है और उद्योगों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है।



योगी सरकार ने डिजिटल प्रक्रियाओं का विस्तार किया है। उद्योगों की पंजीकरण और अनुदान प्रक्रियाओं को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। इस पहल ने उद्योगों के लिए समय और लागत की बचत की है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए विशेष कर योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे उन्हें आर्थिक प्रोत्साहन मिला है। योगी सरकार ने 'वन नेशन, वन टैक्स' के सिद्धांत को बढ़ावा देने के लिए गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स को प्रभावी ढंग से लागू किया है। यह व्यापारियों के लिए कराधान प्रक्रिया को सरल बनाता है और व्यापार करने में आसानी प्रदान करता है। योगी सरकार ने महिला श्रमिकों को विशेष प्राथमिकता दी है। उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और उनके लिए सुरक्षित कार्यस्थलों का निर्माण करने पर जोर दिया गया है। पॉटरी ● शेष पेज 11 पर

# महाकुम्भ रेल सेवा ऐप व वेब पोर्टल से यात्रियों को मिलेगी सुविधा : महाप्रबंधक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। महाकुम्भ मेला के दृष्टिगत रेलवे की सुविधाओं और योजनाओं से यात्री और श्रद्धालुओं को अवगत कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकुम्भ रेल सेवा 2025 ऐप एवं वेब पोर्टल शुरू किया गया है। इस ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से दिशा-वार ट्रेन, मेला विशेष ट्रेन, स्टेशन पर यात्री आश्रय एवं यात्री सुविधाएँ, हेल्पलाइन नंबर एवं रेल टिकट बुक करने जैसे विविध सुविधाएं मिल सकेंगी। यह जानकारी सोमवार को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेन्द्र चंद्र जोशी ने पत्रकारों को दी। उन्होंने प्रयागराज मंडल कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान महाकुंभ मेला के लिए रेलवे द्वारा की गयी तैयारियों एवं योजनाओं से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने बताया कि रेलवे ने टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 जारी किया है। 01 जनवरी से यह चौबीस घंटे प्रति शिफ्ट चार ऑपरेटरों द्वारा संचालित किया जाएगा और मेला अवधि के दौरान उड़िया, तमिल-तेलगु, मराठी और बंग्ला जैसी भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए बहुभाषी उदघोषणा प्रणाली शुरू की जा रही है। इस दौरान श्रद्धालुओं को यात्रा सम्बंधित जानकारियां 12 भाषाओं हिन्दी, अंग्रेज़ी, गुजराती, मराठी, तामिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बंग्ला, उड़िया, पंजाबी एवं असमिया में उद्घोषित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 13000 से अधिक गाड़ियां चलायी जाएंगी। 10,000 से अधिक नियमित गाड़ियां एवं 3000 से अधिक विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। इनमें से 1800 गाड़ियां छोटी दूरी के लिए, 700 गाड़ियां लम्बी दूरी के लिए और 560 गाड़ियां रिंग रेल पर चलायी जाएंगी। प्रयागराज-प्रयाग-अयोध्या-वाराणसी-प्रयागराज; प्रयागराज संगम-प्रयाग-जौनपुर-प्रयाग-प्रयागराज संगम; गोविंदपुरी-प्रयागराज-चित्रकूट- गोविंदपुरी एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-गोविंदपुरी-प्रयागराज-मानिकपुर- चित्रकूट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मार्गों पर रिंग रेल की योजना तैयार कर ली गयी है। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी सहित कुल 9 रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ मेला क्षेत्र में यूटीएस, एटीवीएम, एमयूटीएस, पूछताछ और पीआरएस सहित कुल 560 टिकटिंग पॉइंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन काउंटरों से प्रतिदिन लगभग 10 लाख टिकट वितरित किए जा सकेंगे। प्रयागराज-रामबाग के मध्य गंगापुल, फाफामऊ-जंघई दोहरीकरण, प्रयागराज जंक्शन पर नई सिग्नल प्रणाली, प्रयागराज के 9 स्टेशनों पर प्लेटफ़ार्मों की संख्या में वृद्धि करके 40 से 48 कर दिया गया है। यात्री आश्रयों की संख्या में वृद्धि करके 11 से 28 कर दिया गया है। प्रयागराज क्षेत्र में 438 करोड़ रुपये की लागत से 21 रोड ओवर ब्रिज एवं रोड अंडर ब्रिजों का निर्माण किया गया है।

महाकुम्भ की अनुमानित भीड़ देखते हुए भारतीय रेलवे के सभी हिस्सों से रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के 18 हजार से अधिक जवानों को ड्यूटी पर प्रयागराज लाया जा रहा है। रेलवे द्वारा सफाई के संबंध में विशेष व्यवस्था की जा रही है।

# कुम्भ के बाद अब महाकुम्भ में जन्मी गंगा

- महाकुम्भ के परेड स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में पहली कन्या ने लिया जन्म
- चिकित्सकों की टीम ने बांदा की महिला की सकुशल संपन्न कराई डिलीवरी
- एक दिन पहले ही कौशांबी निवासी महिला को हुई थी पुत्र रत्न की प्राप्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ की विधिवत शुरुआत से पहले ही महाकुम्भनगर में स्थापित सेंट्रल हॉस्पिटल ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को लगातार दूसरे दिन हॉस्पिटल में एक महिला की डिलीवरी संपन्न कराई गई। खास बात ये है कि महिला ने कन्या को जन्म दिया है जो महाकुम्भ में हॉस्पिटल में जन्मीं पहली बेबी गर्ल है। इसीलिए हॉस्पिटल और परिजनों की सहमित से इसका नाम गंगा रखा गया है। इस बेबी गर्ल का जन्म डॉ. गौरव दुबे के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। इससे पहले रविवार को डॉक्टर दुबे की टीम ने महाकुम्भ में पहले बेबी बॉय की डिलीवरी कराई, जिसे कुम्भ नाम दिया गया था।बांदा से आई है महिला महाकुम्भनगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में नोडल चिकित्सा स्थापना डॉ गौरव दुबे ने बताया कि सेंट्रल हॉस्पिटल में सोमवार को पहली कन्या ने जन्म लिया है। डॉ गौरव के साथ डॉ प्रमिला और डॉ पोंशी की टीम ने अपराह्न 12 बजकर 08 मिनट पर कन्या की सकुशल डिलीवरी संपन्न कराई। उन्होंने बताया कि बांदा जिले की निवासी शिवकुमारी और राजेल महाकुम्भ में जन्मी कन्या को मां गंगा का आशीर्वाद मान रहे हैं। इसी वजह से कन्या का नाम भी गंगा रखा गया है। डॉक्टर गौरव दुबे के अनुसार कन्या का वजन 2.8 किलो नापा गया है। उन्होंने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और अस्पताल में दोनों की अच्छे से देखभाल की जा रही है। इससे पहले, रविवार सायं अस्पताल में बालक का भी जन्म हुआ था जो महाकुम्भ में पहली डिलीवरी थी।

**रविवार को हुई थी पहली डिलीवरी**

उन्होंने बताया कि रविवार को कौशांबी निवासी 20 वर्षीय महिला सोनम को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। सेंट्रल हॉस्पिटल में डॉक्टर गौरव के नेतृत्व में डॉक्टर नूपुर और डॉक्टर वर्तिका ने यह डिलीवरी संपन्न कराई थी। मां और बेटा पूरी तरह स्वस्थ हैं। रविवार को 20 वर्षीय सोनम अपने पति राजा के साथ यहां पहुंची थी। यह परिवार महाकुम्भ मेला क्षेत्र में काम की तलाश में आया है। सोनम को अस्पताल लाए जाने पर तेज प्रसव पीड़ा हो रही थी। महिला डॉक्टरों ने परीक्षण किया और उसे भर्ती कर लिया।

सेंट्रल अस्पताल में लेबर रूम से लेकर आईसीयू तक की व्यवस्थामहाकुम्भ में करोड़ों लोगों की आमद को देखते हुए योगी सरकार ने यहां स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर खास प्रबंध किए हैं। मेला क्षेत्र में परेड स्थित सेंट्रल अस्पताल में 100 बेड का सेंट्रल अस्पताल निर्मित हो गया है और कई दिनों से क्रियाशील है। महाकुम्भ के केंद्रीय अस्पताल में ओपीडी समेत सामान्य वार्ड से लेकर प्रसव केंद्र और आईसीयू की व्यवस्था की जा चुकी है। इसमें बड़ी संख्या में लोगों का इलाज भी होने लगा है। इसी क्रम में अस्पताल ने अब तक दो डिलीवरी कराने में भी सफलता प्राप्त की।

# झूठे मुकदमें के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की : जियाउर्रहमान बर्क

एजेंसी



संभल। जिले में 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद सोमवार को पहली बार समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क संभल पहुंचे हैं। सांसद पर हिंसा भड़काने और बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ। सांसद ने पत्रकारों से बताया कि उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमें के विरूद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। उच्च न्यायालय जनवरी के पहले सप्ताह में इस याचिका पर सुनवाई कर सकता है। संभल की निचली अदालत में जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर का दावा पेश करने के बाद एडवोकेट कमिश्नर ने टीम के साथ 19 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे किया। रात का समय और भीड़ को देख सुरक्षा कारणों से सर्वे कार्य को बीच में ही स्थगित कर दिया था। इसके बाद ही 22 नवम्बर को जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद सांसद जियाउर्ररहमान बर्क ने वहां मौजूद नमाजियों को संबोधित किया। मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर सीधे-सीधे चुनौती दी थी। एक दिन बाद रविवार 24 नवंबर को टीम ने मस्जिद में सर्वे करना प्रारंभ कर दिया था और कुछ देर बाद जामा मस्जिद क्षेत्र में 700-800 लोगों की जुटी भीड़ उग्र हो गई थी। जिसने एक भयानक हिंसा का रूप ले लिया था। इस दौरान गोलीबारी के साथ पथराव हुआ था। हिंसा में जहां पांच युवकों की मौत हो गई थी, वहीं अनेकों पुलिस कर्मी चोटिल भी हो गए थे। इसके बाद 19 दिसंबर को बिजली विभाग की एक टीम पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स के साथ सपा सांसद के आवास पर गई थी। सांसद बर्क और पूर्व सांसद के नाम से दो अलग-अलग मीटर लगे थे। जिनकी क्षमता दो-दो किलोवाट थी। टीम ने घर का लोड और घर में लगे विद्युत उपकरणों को चेक किया था तो उसमें कई अनियमितताएं मिलीं। सांसद के आवास के मीटर की रीडिंग, एसी, पंखे और अन्य बिजली उपकरणों के लोड की भी जांच की गयी। बिजली मीटर का लोड निर्धारित लोड से अधिक था। इस मामले में भी सांसद के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

# महाकुंभ जागरूकता: जिलाधिकारी ने दो एलईडी प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी



एजेंसी

मीरजापुर। तीर्थराज प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से प्रारंभ होने वाले महाकुंभ में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से दो एलईडी प्रचार वाहन मीरजापुर भेजे गए हैं।

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन जनपद के प्रमुख बाजारों और चौराहों पर जाकर महाकुंभ के महत्व, विशेषताओं और प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर की जानकारी देंगे।

बड़े स्क्रीन वाली एलईडी पर महाकुंभ की विशेषताओं पर आधारित लघु फिल्में दिखाकर लोगों को प्रयागराज जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को कुंभ में स्नान और पुण्य के भागी बनने के लिए जाना चाहिए और सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए सावधानी और व्यवस्था के साथ यात्रा करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय समेत सूचना विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## करछना के सोनाई गांव पहुंची जिलाधिकारी नामित जांच टीम,किया कार्यो का सत्यापन

**करछना,प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



विकाश खण्ड करछना के सोनाई गांव निवासी अजय कुमार,राम सजीवन,कपिल देव,लल्लन यादव व विजयराज आदि ने जिलाधिकारी प्रयागराज से लिखित शिकायत कर ग्राम प्रधान सोनाई के गांव में कराये गये विकाश कार्यो में नाली,ईटर लाकिंग,तालाब,पंचायत भवन सम्बन्धी सात बिंदुओं की जांच कराने की मांग की थी।जिसे लेकर सोमवार को जिलाधिकारी के नामित जांच अधिकारियों में जग नारायण शर्मा जेई आरईएस,श्याम कुमार एई जलनिगम व अमित कुमार गुप्ता जेई जलनिगम समेत सचिव सुधीर जय शेखर जांच टीम के साथ सोनाई गांव के पंचायत भवन पहुँचे।जिनके द्वारा शिकायतकर्ताओं को बुलाकर दिये गये शिकायती पत्र को ग्रामीणों के समक्ष बिंदुवार पढ़कर सुनाया।उसके पश्चात नाली,तालाब,ईंटर लाकिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर जांच पड़ताल की।शिकायतकर्ताओं द्वारा किये गये शिकायतों की जांच में जांचकर्ताओं के साथ शिकायतकर्ताओं के संतुष्ट होने पर जांच कर वापस लौट गये।जिस मौके पर ग्राम प्रधान मंजू लता श्रीवास्तव,प्रधानप्रतिनिधि दिनेश कुमार श्रीवास्तव,पवन कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## महाकुंभ क्षेत्र में वैदिक परम्पराओं से स्थापित की गई श्री पंचायती तपोनिधि निरंजनी अखाड़े की धर्म ध्वजा

**महाकुंभ नगर।** वैदिक परम्पराओं एवं विधि विधान से श्री पंचायती तपोनिधि निरंजनी अखाड़े की पवित्र भगवा धर्म ध्वजा को नागा सन्यासियों ने स्थापित किया। धर्म ध्वजा स्थापित होने के बाद अखाड़े के सभी संत इस ध्वजा के संरक्षण में रहकर एक साथ सभी को महाकुंभ क्षेत्र में पूरे माघ मास रहकर जप-तप करेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने दी। इस अवसर पर तेरह अखाड़ों के प्रमुख संत एवं नागा संन्यासी, साधु उपस्थित रहे।श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा निरंजनी अखाड़े का ही नहीं सनातन धर्म का प्रतीक भगवा ध्वज पूज्य है। इसी धर्म ध्वजा के नीचे अखाड़े के सभी प्रमुख संत रहकर तपस्या करेंगे। यह धर्म ध्वजा 52 बंद है जो हमारी परम्परा के मुताबिक 51 हाथ की होती है। दस नाम में 52 मणियां होती है, उन्हीं मणियों के प्रतीक के रूप में 52 बंद लगाये जाते है। इसी धर्म ध्वजा के नीचे लाखों की संख्या में पूरा धर्म विधान का निर्वहन करते हैं। पूरे माह हमारे अखाड़े में भंडारा चलता रहेगा। मैं सनातनियों को निमंत्रण देता हूं कि विश्व के इस सबसे बड़े महापर्व में आयें और पावन अवसर पर एकजुट होकर सनातन परम्परा को करीब से देंखे और सनातन को मजबूत करें। उन्होंने बताया कि इसकी स्थापना 860 में श्री पंचायती तपोनिधि निरंजनी अखाड़ा बना। इसका मुख्यालय मायापुर हरिद्वार में है। जहां कई शिक्षण संस्था है। हमारे अखाड़े में काफी शिक्षित संत हैं। मैंने खुद पीएचडी की है।

## जब–जब सनातनी बटे, वह कटे हैं, बटने से ही मंदिर बन गए मस्जिद : रविन्द्र पुरी

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ क्षेत्र में बंटोगे तो कटोगे, और एक रहोगे तो सेफ रहें नारों के साथ लगे पोस्टरों को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी महाराज ने सोमवार को मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि जब–जब सनातनी बटे, तो वह कटे हैं। इस बात का इतिहास गवाह है। मैं सनातन धर्म के लोगों से अपील करता हूं कि जाति–पाति से ऊपर उठकर आगे बढ़ें और एक जुट हों। उन्होंने कहा कि आप ने देखा होगा कि जब भी हिन्दू बटा, वह कटा है। बंटने की वजह से श्री राम मंदिर बाबरी बन गया, मथुरा में मस्जिद, वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर मस्जिद बन गया। संभल में जब मस्जिद खोली गई तो वहां मंदिर निकला। मंदिर में भगवान शंकर, गणपति निकले। हमारी अपील है कि अब जाति में बंटे नहीं, जाति से ऊपर उठकर एक हों नहीं तो हम समाप्त हो जाएंगे। संगम क्षेत्र पूरा भगवा मय हो गया है। अखाड़ों के पंडाल दिव्य एवं भव्य रूप से सजने लगे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि संगम की रेती पर पूरा वैकुंठ नगरी बसी हुई है। चारों तरफ भगवा ही भगवा दिखाई दे रहा है। संत, नागा संन्यासी,साधु महान संत परम्पराओं को जानने के लिए आप आए और उनके स्वभाव एवं समाज सेवा के साथ उनकी भावना को करीब से जानें।

नव वर्ष पर दो दिन काशी विश्वनाथ मंदिर में लागू रहेगा सावन का प्रोटोकाल

## स्पर्श और सुगम दर्शन स्थगित, भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम

**वाराणसी।** आंग्ल नववर्ष के पहले ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। श्रद्धालुओं के चलते चौक से लगायत गादौलिया चौराहे तक भीषण जाम की स्थिति बन गई है। ऐसे में वर्ष के अन्तिम दिन 31 दिसंबर और नए वर्ष 2025 के पहले दिन बुधवार को श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने सुरक्षा व्यवस्था पर खासा ध्यान दिया है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने सोमवार को बताया कि भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर में सावन माह और महाशिवरात्रि पर किए जाने वाले प्रबंध और प्रोटोकाल लागू किया गया है। मंदिर के गर्भगृह में स्पर्श दर्शन और सुगम दर्शन को स्थगित किया गया है। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने दो जनवरी तक सभी प्रकार के टिकटों की बुकिंग पर रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि मंदिर में भीड़ प्रबंधन के लिए मंदिर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क व चैतन्य है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए जिग–जैग बैरिकेडिंग की गई है।

## पराली को जलाने की बजाय खेतों में मिलाएं, परिणाम चौकाने वाले पाएं : डॉ. अजय कुमार सिंह

**कानपुर।** किसानों द्वारा फसलों से निकलने वाले अवशेषों को जला देना मानव जीवन के साथ–साथ कृषि उत्पादन के लिए भी बेहद खतरनाक है। क्योंकि इससे निकलने वाले धुंए और गंदगी के चलते सब्जियों और फसलों के स्वाद एवं गुंडवत्ता में काफी कमी आ जाती है। ऐसे में यदि किसान भाई इन अवशेषों को जलाने के बजाय खेत की मिट्टी में मिला दें। तो परिमाण बेहद चौकाने वाले मिलेंगे। ये बातें (सीएसए) कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने कही । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा फसल अवशेष परियोजना के अंतर्गत कानपुर देहात स्थित दर्शन सिंह महाविद्यालय केसरी नवादा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 260 से भी ज्यादा छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के जरिये छात्रों को जागरूक कड़ते हुए केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि यदि किसान फसल अवशेषों में आग लगा देते हैं। जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है। साथ ही साथ मृदा (मिट्टी) में पोषक तत्वों को नुकसान पहुँचता है। ऐसे में किसान पराली को खेत में मिला दें। तो मृदा की उर्वरा शक्ति काफी हद तक बढ़ सकती है। आगे उन्होंने बताया कि खेत के अंदर जीवांश की मात्रा कम होने के कारण सब्जियों, फलों एवं अन्य फसलों को काफी नुकसान झेलना पड़ता है। जिस कारण स्वाद व गुणवत्ता में काफी कमी आ जाती है।

# जलकल विभाग अलीगंज, कार्यदायी संस्था सुएज की लापरवाही बन सकती है बड़े हादसे का सबब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जलकल विभाग अलीगंज के अधिशासी अभियंता एवं कार्यदायी संस्था सुएज के अधिकारी सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक की छवि को कर रहे हैं धूमिल। आई आई एम रोड पर महर्षि यूनिवर्सिटी के निकट सेमरा गौडी में कैलाशा धाम मंदिर के पास योगेश यादव, कुलदीप यादव द्वारा बिना जलकल विभाग, बिना नगर निगम की अनुमति के अवैध तरीके से बीचो-बीच सड़क पर सीवर को ऊंचा करके सड़क पर अतिक्रमण कर दिया गया है। जिससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बाइक सवार लोग अक्सर स्लिप होकर गिर जाते हैं बच्चे खेलते समय गिर जाते हैं। बच्चे साइकिल चलाते समय गिर जाते हैं। लोगों को अपनी कार निकालने में बहुत कठिनाई होती है। लोग अपने घर के बाहर बाइक खड़ी कर देते हैं। सीवर के अगल-बगल जब बाइक खड़ी हो जाती हैं तो कार निकालने में बहुत कठिनाई होती है। कार के नीचे का हिस्सा सीवर में लड़ जाता है। जिससे कार डैमेज हो जाती है। गली आगे बंद है। गली से निकलने का मात्र एक रास्ता है। और गली से निकलने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। जिससे स्थानीय निवासी गली के बाहर निकल सके। स्थानीय निवासी अनिल सक्सेना पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर हैं। सब इंस्पेक्टर अनिल सक्सेना एवं मोहल्ले के अन्य निवासियों द्वारा जलकल विभाग अलीगंज के अधिशासी अभियंता को बीचो बीच सड़क पर अवैधानिक तरीके से ऊंचे किए गए सीवर को हटाकर सड़क के बराबर समतल करने के लिए 23 सितंबर 2024 को प्रार्थना पत्र दिया गया था एवं जनसुनवाई पोर्टल पर भी मोहल्ले वालों द्वारा कई बार शिकायत की गई। समाज सेवक विवेक शर्मा द्वारा भी कई बार अधिशासी अभियन्ता अलीगंज से शिकायत की गई। मोहल्ले वालों द्वारा भी कई बार अधिशासी अभियन्ता को फोन करके शिकायत की गई समाजसेवी विवेक शर्मा ने कई बार एक्स पर जलकल विभाग एवं सुएज, नगरनिगम के एक्स पर शिकायत की। किसी भी विभाग के एक्स पर शिक़ायत की जाती है तो कार्रवाई विभाग द्वारा की जाती हैं। परंतु जलकल विभाग, कार्यदायी संस्था सुएज एक्स पर की गई शिक़ायत का भी संज्ञान नहीं लेते हैं। मंडल आयुक्त, नगर आयुक्त को चाहिए कि अकस्मिक निरीक्षण करे। और निष्क्रिय कार्यदायी संस्था सुएज को ब्लैक लिस्टेड करे। और जलकल विभाग के निष्क्रिय अधिकारी जो सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक की छवि को खराब कर रहे हैं। उन निष्क्रिय अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करें। एस बी सिंह वाली गली में भी परमानेंट सीवर बह रहा है जिस सीवर का पानी खाली पड़े प्लाट में इकट्ठा हो रहा है। जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैल रही हैं। पत्रकारो द्वारा इसके पहले भी खबर प्रकाशित की जा चुकी है। परंतु अधिशासी अभियन्ता एवं कार्यदायी संस्था सुएज के अधिकारियों द्वारा अभी तक अवैधानिक तरीके से बीचो-बीच सड़क पर ऊंचे किए गए सीवर को खुदवा कर सड़क के बराबर समतल नहीं करवाया गया। इतना ही नहीं विभाग द्वारा किसी की सुनी भी नहीं जा रही है। जिससे लोग और भी परेशान हैं। गली से बाहर निकलने का मात्र एक रास्ता है। उस रास्ते पर भी योगेश यादव, कुलदीप यादव द्वारा अतिक्रमण कर दिया गया है। रास्ता ऐसा है कि यहां से बिना निकले रह पाना भी मुश्किल है।

## गुणवंत सिंह कोठारी 31 दिसम्बर को पहुँचेंगे प्रयागराज

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य गुणवंत सिंह कोठारी 31 दिसम्बर को मुम्बई से वायुयान द्वारा प्रयागराज एयरपोर्ट आएंगे। वहां से कार द्वारा संघ कार्यालय आनंदा आश्रम सिविल लाइंस आएंगे। प्रयागराज में प्रवास के दौरान वह कई बैठकों में हिस्सा लेंगे। उक्त जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी मनीष द्विवेदी ने देते हुए बताया कि श्री कोठारी प्रवास के दौरान महाकुम्भ में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बैठक करेंगे। साथ ही शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करेंगे। सायंकाल 04 बजे वह संघ कार्यालय सिविल लाइंस में बैठक को सम्बोधित करेंगे। राष्ट्रीय संयोजक गुणवंत सिंह कोठारी महाकुम्भ में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा भी करेंगे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने महाश्रमदान कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि महाकुम्भ के लिए प्रयागराज सज रहा है। प्रयाग में ही कई शहर बस गए हैं। हर ओर सुंदर और दिव्य संगम क्षेत्र दिख रहा है। उन्होंने कहा कि घर के बेटी की शादी की तरह महाकुम्भ में सभी सहयोग करें। इसे दिव्य और भव्य बनाने के साथ ही स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी भी हम सबकी है। नगर विकास मंत्री सोमवार को महाश्रमदान कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने खुद दारागंज में अफसरों और सफाई मित्रों के साथ झाड़ू लगा कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। दशाश्वमेध घाट पर नगर विकास मंत्री ने कहा कि मैं अपने अनुभवों से कह सकता हूं कि आने वाले वर्ष में होने वाला महाकुम्भ अद्वितीय, दिव्य और भव्य होने वाला है। ऐसा महाकुम्भ आज तक किसी ने नहीं देखा होगा। इससे पहले नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने मंत्री एके शर्मा और मुख्य सचिव अमृत अभिजात को पौधों के गमले भेंट कर उनका स्वागत किया।

इसके बाद स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक किया गया। कार्यक्रम में महापौर गणेश केसरवानी, संयुक्त मिशन निदेशक जल निगम अमित सिंह, अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव, सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडेय, भाजपा प्रवक्ता ऋचा सिंह सहित कई पार्षद, अधिकारीगण, सफाई कर्मचारी मौजूद थे। --महाकुम्भ को अद्वितीय बनाने में सफाई मित्रों की बड़ी भूमिकानगर विकास मंत्री ने कहा कि इस महाकुम्भ को सुंदर, अलौकिक और अद्वितीय बनाने में सबसे बड़ी भूमिका सफाई मित्रों की है। आपके प्रयासों के बिना हमारे देश का माथा ऊंचा नहीं हो सकता है। अब इस महाकुम्भ के जरिए आपके प्रयासों से दुनिया में प्रदेश और देश का का सिर ऊंचा होने वाला है। पिछले अर्द्धकुंभ में प्रधानमंत्रीजी ने आपके चरण धोए थे। मैं भी आपको पूरे प्रशासन, सरकार, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री की ओर से अपके चरणों में वंदन ओर साधुवाद करता था। पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री आए थे तो उनके भाषण में एक तिहाई बातों में सफाई मित्रों की थी। --सफाई काम में 9000 कर्मचारी लगाए जा रहे, 3200 पहुंचेमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि, महाकुम्भ में सफाई व्यवस्था के लिए 3200 सफाई कर्मचारी नए आ गए हैं। कुल करीब 9000 कर्मचारी लगाए जा रहे हैं।

# अज्ञात युवक का झाड़ियां में शव मिलने से सनसनी, जांच में जूटी पुलिस,नहीं हो सकी शिनाख़्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मेजा प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड सिरसा मार्ग पर खानपुर गांव के समीप सड़क के किनारे सोमवार की सुबह एक अज्ञात युवक उम्र लगभग 28 वर्ष का शव झाडियों मे मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की जानकारी जैसे ही लोगों को हुई तो काफी भीड़ जमा हो गई। लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सकी।सूचना पर पहुंचे सिरसा चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने ग्राम प्रधान खानपुर को सूचना दी। लेकिन ग्राम प्रधान मौके पर नहीं पहुंचे। काफी देर तक युवक की शिनाख्त का प्रयास पुलिस द्वारा किया गया । जब शिनाख्त नहीं हो सकी तो पुलिस ने आवश्यक लिखा-पढ़ी करते हुए जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गांव की मुख्य सड़क पर जलभराव





## दुर्गंध और संक्रामक रोगों की आशंका के बीच जीने को मजबूर ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा । क्षेत्र की ग्राम सभा रहीम नगर पड़ियाना के मजरा त्रिलोचन खेड़ा से गुजरने वाली मुख्य सड़क तालाब में बदल चुकी है। पूरे गांव के घरों का गंदा पानी जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते सड़क पर ही आकर जमा होता है ग्रामीण भयंकर दुर्गंध और संभावित संक्रामक बीमारियों की आशंका के बीच जीने को मजबूर हैं वहीं इसी मार्ग से होकर राहगीर भी गुजरते रहते हैं। बावजूद संबंधित आंख मूंदे बैठे हैं। कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से लेकर विकासखंड तक इसकी शिकायत की परंतु कहीं कोई सुनवाई न हुई। जल भराव की समस्या की शिकायत नाराज ग्रामीणों द्वारा कई जगह करने के कई दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी जिम्मेदार ने शिकायत के निस्तारण की ओर ध्यान नहीं दिया। आलम यह है की ग्रामीणों और राहगीरों को घुटनों तक पानी से होकर आनाऽजाना पड़ता है। हालत दिन पर दिन पर दिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। लाख शिकायत करने के बावजूद भी कहीं से भी समस्या के निस्तारण के लिए कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंच रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

# उद्योग और रोजगार के नए युग की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है और इसके लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। योगी सरकार ने न केवल औद्योगिक क्षेत्रों में बल्कि श्रम सुधारों और सामाजिक कल्याण की दिशा में भी व्यापक बदलाव किए हैं। योगी सरकार ने रोजगार सृजन और उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन' की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत व्यापारियों और उद्यमियों को अनेक प्रक्रियाओं से मुक्त किया गया है। महिला श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। पॉटरी, कारपेट,




पीतल, और ताला उद्योग में महिला श्रमिकों को रोजगार के विशेष अवसर दिए गए हैं। इन योजनाओं ने न केवल महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है। आईटी और वस्त्र उद्योगों में कामकाजी घंटों को 8 से बढ़ाकर 12 किया गया है। इससे कार्यदक्षता और उत्पादकता में वृद्धि हुई है। साथ ही, टेक्सटाइल और अन्य उद्योगों में स्थायी रोजगार अनुबंध की अनुमति दी गई है। इसके परिणामस्वरूप रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। योगी सरकार ने 2017 से अब तक 7 प्रमुख श्रम कानूनों

## श्रम सुधारों और सामाजिक कल्याण की दिशा में हुए व्यापक बदलाव

में संशोधन और सरलीकरण किया है। इन सुधारों के कारण उत्तर प्रदेश ने 2022 में ''टॉप अचीवर'' की श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (उटइघ) के तहत 2018 में प्रदेश का स्थान 14वां था, जो अब दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इन सुधारों ने न केवल औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया है, बल्कि प्रदेश को एक आर्थिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक मजबूत आधार भी तैयार किया है। सरकार ने छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को भी विशेष ध्यान दिया है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। श्रमिक कल्याण योजना' के तहत उत्तर प्रदेश में श्रमिकों को स्वास्थ्य, आवास, और शिक्षा में सुविधाएं दी जा रही हैं। महिला श्रमिकों के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है। इन प्रयासों ने श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मदद की है। सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और पारदर्शी बनाया है। अब श्रमिक और नियोक्ता दोनों के लिए नियमों का पालन करना आसान हो गया है। इससे श्रम विवादों की संख्या में कमी आई है और उद्योगों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। योगी सरकार ने डिजिटल प्रक्रियाओं का विस्तार किया है। उद्योगों की पंजीकरण और अनुदान प्रक्रियाओं को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। इस पहल ने उद्योगों के लिए समय और लागत की बचत की है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए विशेष कर योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे उन्हें आर्थिक प्रोत्साहन मिला है। योगी सरकार ने 'वन नेशन, वन टैक्स' के सिद्धांत को बढ़ावा देने के लिए गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (क्क्टद्ध) को प्रभावी ढंग से

# वर्ष 2024: योगी सरकार के प्रयत्न से बेसिक शिक्षा में सुधार व ऐतिहासिक उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास से 2024 में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, प्रदेश ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (टद्धक) के तहत 6-14 आयु वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। इस पहल के तहत 1,65,544 गरीब बच्चों को गैर-सहायता प्राप्त विद्यालयों में सीटें आवंटित की गईं और उन्हें 1200 रूपए प्रति छात्र की राशि डीबीटी के माध्यम से दी गई, ताकि वे निःशुल्क यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी प्राप्त कर सकें। इसके अलावा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का उच्चीकरण, डिजिटल लर्निंग का विस्तार, दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रावधान और खेलकूद को बढ़ावा देने जैसे कदमों ने प्रदेश में बेसिक शिक्षा को नई दिशा दी है। इस बार, सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के समग्र विकास के



लिए कई योजनाएं लागू की हैं, जिनमें शारदा कार्यक्रम, निपुण आकलन परीक्षण, स्मार्ट क्लासेस और डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया गया है। इसके साथ ही, दिव्यांग बच्चों के लिए 'समर्थ' ऐप और विशेष सहायक उपकरणों का वितरण किया गया है। योगी सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास, शिक्षक प्रशिक्षण और डिजिटल साधनों के माध्यम से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ठोस प्रयास किए हैं। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था की गयी। इस योजना के तहत 1,65,544 बच्चों को गैर-सहायित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में सीट आवंटित की गयी। समस्त राजकीय, परिषदीय एवं सहायतित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1-8 तक समस्त बालक/बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं कार्यपुस्तिका वितरण किया गया। राजकीय, परिषदीय एवं सहायतित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1-8 तक के समस्त छात्र-छात्राओं को निःशुल्क यूनिफार्म, जूता मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी क्रय करने हेतु उनके अभिभावकों के खाते में धनराशि ?1200/- डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रति प्राथमिक विद्यालय ?5000/- और प्रति उच्च प्राथमिक विद्यालय ?10,000/- की दर से खेलकूद सामग्री क्रय करने हेतु धनराशि का प्रावधान किया गया।

प्रदेश में समग्र शिक्षा के अंतर्गत 1772 पायलट फ़ेज के 60 उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों और पीएम श्री योजना के अंतर्गत 570 उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों में लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम संचालित करने हेतु 04 दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का निपुण लक्ष्य/लर्निंग आउटकम पर आधारित निपुण आकलन परीक्षण का आयोजन हुआ।

# बीकेटी में युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड, मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । बख्शी का तालाब थानांतर्गत रविवार देर रात को पुलिस ने छत के कुंडे में फांसी के फंदे से लटकते एक युवक का शव बरामद किया।शव मृतक के घर से ही बरामद किया गया।मृतक की पहचान रामचंद्र पांडे के 28 वर्षीय पुत्र पवन पांडे के रूप में की गई है।चर्चा है कि प्रेम प्रसंग में उसने आत्महत्या कर ली है,प्राप्त जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थानांतर्गत रुदही डिफेंस कालोनी निवासी रामचंद्र पांडे मकान बनवाकर अपने परिवार के साथ काफ़ी वर्षो से रह रहे थे,उनके तीन बेटे थे मनोज,प्रमोद तथा पवन,वही रविवार देर रात उनके सबसे छोटे बेटे पवन ने घर के कमरे में ही छत के हुक में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया वही रात को उनके परिजन किसी काम से उनके कमरे पर गए और आवाज़ लगाई तो कोई जवाब जब नही मिला तो खिड़की से कमरे के अंदर झांका तो देखा कि पवन पांडे छत के



हुक में रस्सी के सहारे लटक रहा था,घटना की सूचना मृतक के परिजनों ने तत्काल पुलिस को दिया मौक़े पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई थी।वही सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक लखनऊ में ज्ञान दुग्ध फैक्ट्री में अकाउंटेंट के पद पर नौकरी करता था और उसने सुसाइड करने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा था जिसमे उसने लिखा था कि मेरी मृत्यु के बाद मेरी संपति मुझसे बड़े भाई को दे दिया जाए व मेरे बैंक खाता में जो भी रुपए है उनकी एफडी मेरे भाई के दोनों बेटियों के नाम कर दिया जाए और मैं अपनी जीवनलीला ख़ुद समाप्त कर रहा हू इसमें किसी का कोई दोष नही है।वही थाना प्रभारी बीकेटी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,मामले की जांच चल रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का असली कारण पता चल सकेगा।

### पांच जनवरी से शुरू होगी प्रदेश स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन ग्रीनपार्क स्टेडियम कानपुर में पांच जनवरी से शुरू होगा। 12 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय टीमों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। हर जिले और मंडल स्तर पर टीमें बनायी जा रही हैं।लखनऊ में जिला स्तर पर टीम का चयन मंगलवार को चौक स्टेडियम में होगा। इसके लिए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि मंगवार अपराह्न तीन बजे से शुरू हो रही चयन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र साथ में लेकर आना अनिवार्य है। बिना आयु प्रमाण पत्र के किसी भी खिलाड़ी को चयन में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। जिला स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने के बाद एक जनवरी को अपराह्न तीन बजे चौक स्टेडियम में ही मंडल स्तरीय टीम का चयन होगा। मंडल स्तरीय टीम कानपुर में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

### दो जनवरी को अपना दल (एस) की होगी विशेष बैठक, अनुप्रिया देंगी 2027 के चुनाव का विशेष मंत्र

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपना दल (एस) के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की विशेष बैठक दो जनवरी को बुलाई गयी है।इसमें पूरे प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटेंगे। इस विशेष बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को साल 2025 की शुभकामनाओं के साथ पार्टी की मजबूती को लेकर 2027 के विजन का मंत्र देंगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के कैम्प कार्यालय पर बुलाई गई ।

# मादक पदार्थों की बिक्री पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने जतायी चिंता, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उ0प्र0 के शहरी क्षेत्रों एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों की खुली बिक्री एवं इस्तेमाल की घटनाएं चिन्तनीय और घातक हैं। यह प्रशासनिक विफलता की ओर इशारा करती है। यह चिंता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।

श्री राय ने अपने पत्र में लिखा कि मादक पदार्थों की इस तरह खुलेआम बिक्री किसी भी सभ्य समाज के लिए निहायत शर्मनाक है एवं प्रशासनिक विफलता की ओर इशारा करती है। प्रदेश का नौजवान और गरीब तबका इसका सर्वाधिक शिकार हो रहा है। जिस नौजवान को प्रदेश के विकास में हिस्सेदार बनना है, वह नशे की गिरफ्त में आकर अपना और प्रदेश का भविष्य खराब कर रहा है। गरीब तबका जो दिनभर मजदूरी और मेहनत करके किसी तरह



इस महंगाई में अपने परिवार का पेट पाल रहा है वह भी इस नशे की गिरफ्त में आकर अपना परिवार तबाह कर रहा है।

उन्होंने लिखा है कि स्थिति यह है कि शहरों और गांवों की किस गली में कौन सा नशा उपलब्ध है। इसकी जानकारी आम जनमानस को है परंतु पुलिस को नहीं है। अर्थात यह सब पुलिस की जानकारी (संरक्षण) में हो रहा है। तमाम प्रतिष्ठित अखबारों में इस गंभीर मामले से जुड़ी रिपोर्ट और खबरें लगातार छप रही हैं, पूरा प्रदेश इन बातों से वाकिफ है, सिर्फ प्रदेश के पुलिस तंत्र को ही कुछ खबर नहीं है। या यूं कहें कि इतने संगीन मसले पर भी प्रशासन और पुलिस तंत्र ने कुंभकर्णी नींद अख्तियार कर ली है। श्री राय ने पत्र के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उक्त गंभीर मामले पर हस्तक्षेप कर तत्काल कठोर कार्यवाही करें, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को नशे के दलदल में जाने से बचाया जा सके।

# सड़क हादसों में दो की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। क्षेत्र में सोमवार की सुबह हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला व एक पुरुष की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को अपने कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के उमेद खेड़ा रोड पर सुबह करीब नौ बजे पहली घटना हुई यहां उन्नाव जिले के असोहा निवासी विकास अपनी मां माया देवी (50) वर्ष को बाइक पर बिठाकर लखनऊ इलाज कराने जा रहा था। इसी दौरान एक ट्रक ने उसे टक्कर मारी दी। टक्कर लगने से विकास और उसकी मां दोनों बाइक समेत सड़क पर जा गिरे। हादसे में माया देवी गंभीर रूप से घायल हो ग?ई, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उनकी मौत हो गई। वहीं इसी हादसे में विकास भी चोटिल हो गया। पुलिस ने ट्रक और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं दूसरी घटना सुबह ही करीब दस बजे बनी मोहान रोड पर बने अमेजॉन वेयरहाउस के पास हुई। यहां लखीमपुर निघासन के तिकुनिया निवासी राजा




## ट्रक ने महिला को कुचला वहीं पिकअप की टक्कर से मजदूर की मौत

उर्फ पप्पू कश्यप(48) पास ही के बनी गांव में अपने परिवार के साथ किराए पर रहकर पास ही में मजदूरी करते थे सुबह जब वह मजदूरी करने जा रहे थे इसी दौरान एक पिक?अप उन्हें टक्कर मारकर भाग ग?ई। हादसे में पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। दामाद किशन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी राम सिंह के मुताबिक कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने पिक?अप के भागते हुए उसका नंबर नोट किया था। जिसके आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि गाड़ी मालिक कौन है।

# बिजली कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मांग की है कि नए वर्ष में प्रदेश के 42 जनपदों में निजीकरण के मसौदे पर पूर्ण विराम लगाकर बिजली कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। एनर्जी टास्क फोर्स में पारित पीपीपी मॉडल के मसौदे में अनेक लीगल व वित्तीय तकनीकी कमियां उजागर हुई हैं। ऐसे में अब पावर कारपोरेशन प्रबंधन को अपनी चूक मानते हुए सभी कार्मिकों को बिजली कंपनियों में अपना आंदोलन समाप्त करने की अपील करनी चाहिए।

पूर्वांचल व दक्षिणांचल के निजीकरण को लेकर पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं, अभियंताओं व किसानों में आक्रोश व्याप्त है। पावर कारपोरेशन के प्रस्ताव पर एनर्जी टास्क फोर्स के अनुमोदन पर बड़े पैमाने पर कमियां सामने उजागर



होने के बाद मामले पर सभी ने चुप्पी साध रखी है। इस मामले में उपभोक्ता परिषद का कहना है कि ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार व पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को नए वर्ष 2025 में आगे आकर स्वतः मान लेना चाहिए कि जिस जल्दबाजी में निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया था, उसमें बडे पैमाने पर कमियां सामने आईं। विद्युत अधिनियम 2003 द्वारा प्रावधानित नियमों व वित्तीय कमियां निकलीं, जिससे कहीं-कहीं उद्योगपतियों को फायदा होने वाला था। इसलिए अब बिजली कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कानून और नियमों की परिधि में रहकर पीपीपी मॉडल से आगे कार्यवाही की जाए। ताकि अभियंता कार्मिक नियमित रूप से पूरे मनोबल के साथ उपभोक्ता सेवा में लग सकें। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश के 42 जनपदों का जिस प्रकार से पीपीपी मॉडल के तहत निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। वह पूरी तरह असंवैधानिक, नियमों के विपरीत वित्तीय खामियों से भरा हुआ प्रस्ताव था, जिससे कहीं-न कहीं आने वाले समय में देश व प्रदेश के निजी घरानों को लाभ होता।

# केले की खेती से बढ़ेगी यूपी के किसानों की कमाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केले की खेती और निर्यात से उत्तर प्रदेश के किसानों की कमाई बढ़ेगी। केले की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने उसे कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट भी घोषित कर रखा है। योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान यूपी की कनेक्टिविटी एक्सप्रेसवे, एयरवेज और रेल सेवाओं के जरिये वैश्विक स्तर की हो गई है। इसे लगातार और बेहतर बनाया जा रहा है। ऐसे में लैंड लॉक्ड होना यूपी की प्रगति के लिए कोई खास मायने नहीं रखता। लिहाजा केंद्र की पहल का सर्वाधिक लाभ भी यूपी के किसानों को होगा।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि योगी सरकार पहले से ही केले की खेती को प्रोत्साहन दे रही है। सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 38 हजार रुपये का अनुदान दे रही है। जगह-जगह केले को प्रसंस्कृत कर उसके फल, रेशे एवं



तने के जूस से अन्य उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग भी योगी सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही है। केले को प्रसंस्कृत कर अन्य उत्पाद बनाने वाले किसानों को एक्सपोजर दिया जा रहा है। नोएडा में कुछ माह पूर्व आयोजित ट्रेड शो में कुशीनगर के भी कुछ किसान गए थे।

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में शामिल कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी और बाराबंकी जैसे कई जिलों में केले की खेती की जा रही है। पिछले डेढ़ दशक से केले के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही बेहतर प्रजातियों और खेती के उन्नत तौर तरीकों से उपज और गुणवत्ता भी सुधरी है। इससे यूपी के केले की देश के महानगरों सहित नेपाल, बिहार, पंजाब, दिल्ली, जम्मू आदि में भी यहां के केले की खासी मांग है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है। 2013 में भारत से कुल 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर केले का निर्यात हुआ था। वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 25.14 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। जिस तरह से

## केले की खेती को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

वैश्विक स्तर पर हेल्दी फूड की मांग बढ़ी है, उसके मद्देनजर अभी इसके और बढ़ने की संभावना है। इन संभावनाओं को भारत के केला उत्पादक किसानों को अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए मोदी सरकार भी प्रयासरत है। इसी बाबत मुंबई में पहली बार केले को केंद्र में रखकर सेलर-बायर मीट भी प्रस्तावित है। यही नहीं केंद्र सरकार समुद्री रास्ते से दो दर्जन फलों के किफायती निर्यात के लिए पायलट प्रोजेक्ट बना रही है। उसमें बेहतर संभावनाओं के नाते केला भी शामिल है। स्वाभाविक है कि इन सबका लाभ उत्तर प्रदेश के केला उत्पादक किसानों को मिलेगा। केंद्र के खाद्य उत्पाद निर्यात प्रसंस्कृत प्राधिकरण (एपीडा) ने अगले दो से तीन वर्षों में केले का निर्यात बढ़ाकर एक अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है।

# नववर्ष के प्रथम दिन से शुरू होगा खेल महोत्सव

❒ 1 जनवरी को सांसद करेंगे उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहंगीराबाद (सीतापुर )। नव वर्ष की शुरुआत में एक तीन दिवसीय खेल महोत्सव निकटवर्ती उल्लहा गांव में आयोजित किया जायेगा। इस महोत्सव का उद्घाटन 1 जनवरी 2025 को सीतापुर के सांसद राकेश राठौर द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि रिजवान अहमद भी मौजूद रहेंगे। खेल महोत्सव में कई रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी, जिनमें शामिलहै ।

ऑल यू पी कबड्डी प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कबड्डी के प्रतिभागी इसमें भाग लेंगे। ऑल इंडिया कुश्ती दंगल प्रतियोगिता देश भर से कुश्ती के पहलवान इसमें अपनी कुश्ती का प्रदर्शन करेंगे।ऑल यू पी घोड़ा दौड़ प्रतियोगिताः उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से घोड़े की दौड़ में भाग लिया जाएगा। महोत्सव के अध्यक्ष पहलवान फुरकान गाजी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और विभिन्न खेलों के माध्यम से हमारी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। यह आयोजन क्षेत्र में पहली बार आयोजित किया जा रहा है।

आयोजक डा0 के के चौधरी एवं संयोजक अनुराग मिश्रा बबलू ने बताया महोत्सव के पहले दिन आल यूपी कबड्डी प्रतियोगिता, दूसरे दिन आल इंडिया कुश्ती दंगल प्रतियोगिता तथा तीसरे और अंतिम दिन आल यूपी घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता होगी। इस प्रकार की क्षेत्र में पहली बार हो रही प्रतियोगिताओं? में हजारों खेल प्रेमी दर्शकों की मौजूदगी रहेगी। यह आयोजन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक होगा।

# उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत पांच अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । एसपी चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में घटित घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बिसवां के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर ग्राम दुबई थाना तम्बौर में लालच व प्रलोभन देकर ईसाई में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है।

की सूचना पारकर मौके पर पहुंच कर 1. संतोष बुद्ध पुत्र धर्म प्रकाश निवासी मोहल्ला छावनी कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर 2. मिश्रीलाल पुत्र गंगराम निवासी ग्राम विजैसेपुर थाना लहरपुर सीतापुर 3. गंगाराम पुत्र रामदलाल नि0 ग्राम सुपौली थाना तम्बौर जिला सीतापुर 4. सुरेन्द्र जायसवाल पुत्र किशोरी लाल नि0 दुबई थाना तम्बौर सीतापुर 5. शिवकुमार पुत्र बाबू नि0 दुबई थाना तम्बौर सीतापुर धर्मपरिवर्तन करा रहे थे को गिरफ्तार किया गया जिनके विरूद्ध मु0अ0सं0 521/24 धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्मसंपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 पंजीकृत किय किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# पुनः भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

झरेखापुर सीतापुर। हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मंडल मे भाजपा के सक्रिय सदस्य कौशलेंद्र सिंह को भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा दुबारा मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं मे खुशी की लहर दौड गयी। कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर बधाई दी। नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि पार्टी की ओर से मुझे जो जिम्मेदारी पुनः सौंपी गई है उसके लिए शत प्रतिशत खरा उतरूंगा और हमारा पूरा प्रयास रहेगा की सभी कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान मिले तथा बूथ स्तर पर संगठन को और भी मजबूत करने का काम करेंगे। कौशलेंद्र सिंह को मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर हरगांव विधायक कारगार राज्य मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर पंकज पांडेय, अनुज शुक्ला, विनय सिंह, अर्पित सिंह, शोभित शर्मा, अभय सिंह, रवी थापर, पप्पू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोनयन से कहीं खुशी तो कहीं दिखा गम

**सकरन(सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों के मनोनयन से कहीं दिखे खुशी के आंसू तो कहीं जमीनी कार्यकर्ताओं में संगठन हैक के लगे आरोप।विधान सभा बिसवां के पांच मंडलों में प्रमुख मंडल बिसवां नगर में अभी तक चयन न होने से मची खलबली के बीच महराजनगर,मानपुर,कमलापुर,बिसवां देहात में पूर्व मंडल अध्यक्षों के रसूख के सामने नहीं टिक पाए पुराने व जमीनी कार्यकर्ता,जमीनी हकीकत से कोसों दूर के चयन ने एक बार पुनः पुराने व जमीनी नेताओं को मायूस किया कि खबरें आम हो गईं।भाजपा के आनुषंगिक संगठनों व जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी पर उठ रहे सवाल। अभी लोकसभा चुनाव में बिसवां विधान सभा मे करीब आधा लाख से हारने वाली भाजपा के भविष्य को स्वर्णिम बनाने की जिम्मेदारी जिन्हें सौंपी गई है क्या भाजपा के दिन बहुर सकते ये भविष्य के गर्भ में पर मंडल अध्यक्षों के चयन से भाजपा संगठन के पुरोधाओं के माथे पर भविष्य की एक चिंता की लकीर अवश्य खिंची है।

अब आकलन समाकलन के बीच मंडल अध्यक्ष बिसवां नगर की कमान के मुखिया के इंतजार में बिसवां भाजपा।

## सड़क पार कर रही वृद्धा की निजी बस से कुचल कर मौत

**कानपुर।** सचेंडी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव के पास सोमवार को सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात में रहने वाली 65 वर्षीय जयरानी देवी का पीहर सचेंडी के दुआरी गांव में है। सोमवार की सुबह उनके रिश्तेदार की मौत हो गयी थी। जिसकी सूचना पर वह गमी में शामिल होने जा रहीं थीं। टैम्पो से उतरकर जब वह सड़क पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार निजी बस ने उन्हें कुचल दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन वृद्धा को हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित बस चालक मौके से फरार हो गया है। हालांकि पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर भी प्राप्त नहीं हुई है।

## ट्रेन से कटकर पल्लेदार की हुई मौत

**जालौन।** उरई कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला गांधी नगर निवासी 57 वर्षीय महेश वर्मा रेलवे लाइन पार करते समय डॉ. नरेश के मकान के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। गल्ला मंडी में वह पत्नी शशि वर्मा के साथ पल्लेदारी का काम करता था। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। इसी कारण पत्नी अपने साथ ही उसको काम पर ले जाती थी। उसके दिमाग का कई सालों से इलाज भी चल रहा था। सोमवार की दोपहर को वह मंडी से घर जाने की बात कहकर चला आया था। इसी दौरान हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना तुरंत रेलवे व कोतवाली पुलिस को दो। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा। दिवंगत के पुत्र राज वर्मा ने कहा कि पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक की ट्रेन से कटकर मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र में सोमवार को एक युवक का शव रेलवे ट्रेक के किनारे क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 30 वर्षीय युवक का शव हथोड़ा स्टेडियम के पीछे रेलवे लाइन पर पड़ा मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आस पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## अवैध वेंडरों पर आरपीएफ का शिकंजा, छह गिरफ्तार

**मीरजापुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मीरजापुर पोस्ट ने सोमवार को अवैध वेंडरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेन नंबर 20802 में प्रयागराज से मीरजापुर के बीच खानपान बेचते हुए छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों दिलीप कुमार निवासी थाना मड़िहान, प्रभात कुशवाहा निवासी मेजा रोड, प्रयागराज, चंदन कुमार निवासी विंध्याचल, दीपू निवासी विंध्याचल, शिव बहादुर भारती निवासी मेजा, प्रयागराज व राहुल निवासी करारी, जिला कौशांबी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरपीएफ की इस कार्रवाई का उद्देश्य रेलवे परिसर और ट्रेनों में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने इग्नू सत्रांत परीक्षा का लिया जायजा

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में चल रही इग्नू सत्रांत परीक्षा का रीजनल सेण्टर, लखनऊ की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने औचक निरीक्षण किया । उन्होंने केन्द्र व्यवस्था का जायजा लेते हुए पारदर्शीपूर्ण परीक्षा कराने पर संतोष व्यक्त किया। डॉ. सिन्हा ने बताया कि इग्नू विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यक्रमानुसार केन्द्र पर दो पालियों में परीक्षा संचालित की जा रही है। इस सत्रांत परीक्षा में सर्टिफिकेट प्रोग्राम, डिप्लोमा प्रोग्राम, पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ. रामजीत सिंह यादव, धर्मेन्द्र कुमार, संतराम सहित अन्य मौजूद रहे।

## खेत में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**कानपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के मेघनी पुरवा गांव के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। मृतक के सिर, चेहरे पर गहरे घाव के निशान मिले हैं। शव के पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। चौबेपुर के मेघनी पुरवा गांव के पास भोला धर्म कांटा के पीछे बाग में सोमवार सुबह खेत जा रहे किसानों ने एक अज्ञात युवक शव देखा तो पुलिस को सूचित किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाया। मृतक के सिर और चेहरे पर गहरे घाव के निशान मिले हैं। टीम ने अनुमान लगाया कि व्यक्ति के सिर में कोई भारी नुकीली चीज से प्रहार किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस को मृतक की पैंट की जेब से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त बाराबंकी के फतेहपुरवा मलोली निवासी आलोक कुमार (29) के रूप में की है। एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मृतक के परिजनों से पता चला है कि आलोक बाराबंकी में एक निजी कंपनी में काम करता था। वह चौबेपुर कैसे पहुँचा ? ये किसी को पता नहीं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

## सड़क पार कर रही वृद्धा की निजी बस से कुचल कर मौत

**कानपुर।** सचेंडी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव के पास सोमवार को सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात में रहने वाली 65 वर्षीय जयरानी देवी का पीहर सचेंडी के दुआरी गांव में है। सोमवार की सुबह उनके रिश्तेदार की मौत हो गयी थी। जिसकी सूचना पर वह गमी में शामिल होने जा रहीं थीं। टैम्पो से उतरकर जब वह सड़क पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार निजी बस ने उन्हें कुचल दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन वृद्धा को हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित बस चालक मौके से फरार हो गया है। हालांकि पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर भी प्राप्त नहीं हुई है।

# शिवलिंग वाली बात कहने के पीछे अखिलेश यादव की मंशा सनातन का अपमानः बंटू

एजेंसी



बलिया। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा मुख्यमंत्री आवास की खुदाई में शिवलिंग निकलने का दिए गए बयान पर जिले के भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के जिला मंत्री अरुण सिंह बंटू ने सोमवार को जारी अपने एक बयान में कहा कि शिवलिंग वाली बात कहने के पीछे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मंशा शिव, संत व सनातन का अपमान करना है। अरुण सिंह बंटू ने कहा कि अखिलेश यादव एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए सनातन और सनातन संस्कृति का अपमान कर रहे हैं, जो निंदनीय है। भारतीय मूल दर्शन सनातन धर्म को दर्शाते हैं। इस तरह हिन्दू, बौद्ध, जैन एवं सिख धर्म उस व्यवस्था को मजबूत करते हैं। यद्यपि इन धर्मों को अपने-अपने परिवेश में विकसित होने में धार्मिक स्वतंत्रता अवश्य रही, परंतु सांस्कृतिक एकता बनी रही। भारतीय संस्कृति के समग्र विकास में भारत के सभी धर्मों ने अपना-अपना योगदान दिया। इस प्रकार भारत की सामाजिक व्यवस्था धार्मिक एवं सांस्कृतिक होते हुए भी वैज्ञानिक विचारों को हमेशा आत्मसात करती रही। विकास की नई सम्भावनाओं को संबल प्रदान करती रही। धर्म के मार्गदर्शन में ही भारतीय चिंतन व्यवस्था पनपी और कालांतर में विश्व की चिंतन व्यवस्थाओं और मान्यताओं को प्रभावित करती रही। परिणामस्वरूप भारत धर्म गुरु के रूप में स्थापित हुआ और इस तरह भारत का सम्बंध विश्व में प्रभावी रूप से कायम हुआ। आरोप लगाया कि अखिलेश यादव हमेशा सनातन का अपमान करने में लगे रहते हैं।

# अटल जन्म शताब्दी के अवसर पर लोगो प्रतियोगिता आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर एक ''लोगो प्रतियोगिता'' का आयोजन डोर फाउंडेशन और संजीवन ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से अग्रेसन भवन मे किया गया द्य विभिन्न कॉलेज से आये लड़के और लड़कियों ने अटल जी के जीवन को रेखांकित हुए बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया । निर्णायक मण्डल मे शिवांशी मिश्रा और बृजेश गुप्ता ने प्रथम पुरस्कार के लिए शिवांश बाजपेयी, द्वितीय पुरुस्कार के लिए दिव्यांश शर्मा, और तृतीय पुरस्कार के लिए श्यामभी सिंह का चयन किया द्य पुरुस्कार वितरण समाज सेवी राजेंद्र अगरवाल द्वारा किया गया । इस अवसर पर आकाश बजरंगी ने बोलते हुए अटल जी के जीवन के कुछ रोचक तथ्यों को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया द्य लोगो प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक संपन्न कराने मे डॉ वीरेंद्र आर्या, संतोष कुमार, पूनम मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा, दीपक शुक्ला, मनीष मिश्रा, प्रमोद सिंह, देवेश मिश्रा, प्रशांत शेखर सिंह,मानस मिश्रा, ममता तिवारी, बृजेश तिवारी, सुरेश कनौजिया,शिवांश दीक्षित और खूशी सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

डोर फाउंडेशन संस्थापक सुधांशु मिश्रा द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया ।

# पूर्व में अपराध के आरोपी 17 लोगों पर हुई निरोधात्मक कार्यवाही

एजेंसी




जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के कई गांव के पूर्व में लूट,चोरी व नकबजनी वाले 17 अपराधियों पर पुलिस ने निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए सोमवार को शांतिभंग में चालान किया। पुलिस की इस कार्यवाही से हड़कम्प मचा है। थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर ऊक्त मामलों के चिन्हित लोगों को पकड़ कर थाने लाया गया।

उन सभी के चाल चरित्र का पता लगाया गया। सभी पर कार्यवाही की गई।

साथ ही उन लोगों को कड़ी हिदायत दी गयी कि किसी प्रकार की शिकायत पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

पकड़े गए अभियुक्त अनिल निषाद पुत्र राम अवतार, राजेश निषाद पुत्र भुल्लन, सुखराम निषाद पुत्र राजेश निवासीगण मोहद्दीपुर,उमाशंकर चौधरी पुत्र कौड़ीराम निवासी कादीपुर,दिनेश साहू पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल,ओमप्रकाश गौतम पुत्र स्वर्गीय रमाशंकर निवासी हिसामपुर,सदानंद पुत्र श्यामजी ठाकुरद्वारा किरतापुर,सुदीप पुत्र स्वर्गीय राम बुझारत निवासी करमही,वीरेंद्र उर्फ पप्पू यादव पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी पौना,निर्भय पाठक पुत्र बांकेलाल पाठक निवासी सुंगुलपुर,प्रवीण चौहान पुत्र परमहंस चौहान निवासी बैजाबाद,संजय गुप्ता उर्फ खिचडू पुत्र सुबाष चन्द्र गुप्ता निवासी सेवईनाला,मुनिल यादव पुत्र रामबली निवासी नाथूपुर,राजेश गुप्ता, प्रवेश गुप्ता पुत्रगण इमरती लाल गुप्ता निवासी,माधोपट्टी,फैयाज अली पुत्र समसुद्दीन निवासी कजगाव,विश्वजीत यादव पुत्र रामजीत यादव निवासी नेवादा के ऊपर उक्त कार्यवाही की गयी।

# संभल हिंसा के पीड़ितों को सपा प्रतिनिधि मंडल ने सौंपे 5-5 लाख के चेक



एजेंसी

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के नेतृत्व में संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पार्टी की ओर से 5-5 लाख रुपये के चेक सौंपे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम पहले आना चाहते थे, लेकिन हमें आने नहीं दिया गया। माता प्रसाद पांडे ने आगे कहा कि जो मुकदमे सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर दर्ज कराए गए हैं, वह पूरी तरह से गलत हैं। बीते माह 24 नवम्बर को कोर्ट कमिश्नर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संभल की विवादित जामा मस्जिद/हरिहर नाथ मंदिर का सर्वे कर रहे थे। सर्वे प्रारंभ होने के कुछ देर बाद जामा मस्जिद क्षेत्र में 700-800 लोगों की जुटी भीड़ उग्र हो गई थी। जिसने एक भयानक हिंसा का रूप ले लिया था। जिसमें आगजनी और पथराव हुआ था। इस हिंसा 4 युवकों की मौत हो गई थी और अनेकों पुलिसकर्मी चोटिल हो गए थे। इन्ही मृतकों के परिवारों से आज सपा का प्रतिनिधि मंडल वाले 5-5 लाख के चेक देने पहुंचा था।

प्रतिनिधिमंडल में संभल सांसद जिर्याउरहमान बर्क, संभल सदर विधायक व पूर्व मंत्री नवाब इकबाल महमूद, मुरादाबाद की कांठ विधानसभा से विधायक व पूर्व मंत्री कमाल अख्तर आदि रहे।

# पूर्व मंत्री स्व अंचल की प्रतिमा तोड़ने वाले विशाल यादव व विक्की यादव गिरफ्तार



एजेंसी

बलिया। जिले के चितबड़ागांव थाने के रामपुर चिट में चार दिन पहले समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में से एक व मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे जननायक पूर्व मंत्री स्व. शारदानंद अंचल की प्रतिमा खंडित करने वाले दो अराजक तत्वों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इनकी मंशा प्रतिमा तोड़ कर माहौल खराब करने की थी। 26 दिसम्बर को रामपुर चिट में वर्षों पहले स्थापित स्व शारदानंद अंचल की प्रतिमा को तोड़ दिए जाने की घटना सामने आयी थी। शारदानंद अंचल की प्रतिमा से सिर गायब देख लोगों में आक्रोश फैल गया था। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिलाधिकारी से मिलकर इसका जल्द पर्दाफाश करने की मांग की थी। सपा नेताओं ने प्रतिमा तोड़ने वालों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सीओ सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर दी थी। इस मामले में थाना चितबड़ागांव में धारा 298 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि चितबड़ागांव थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामपुर चिट के ही रहने वाले दो युवकों विशाल यादव पुत्र रामजी यादव निवासी रामपुरचिट व विक्की पुत्र स्व सियाराम यादव को पुलिया के पास से सोमवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अराजक तत्वों के कब्जे से मूर्ति का टूटा हुआ अवशेष भी बरामद किया गया है।

# पीएम किसान सम्मान निधि की अग्रिम किस्त के लिए ऑनलाइन कराएं फार्मर रजिस्ट्री

एजेंसी



फतेहपुर। एग्रीस्टैक के अंतर्गत 18 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए निर्देश देते हुए उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने जिले के किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत जनपद के कृषकों का विवरण एग्रीस्टैंक के अंतर्गत तैयार कर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जायेगा।

भारत सरकार द्वारा भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम में प्रत्येक समान नाम व पिता के नाम वाले कृषकों का ऑनलाइन बकेट तैयार किया जायेगा, जिसका प्रयोग कर राज्य स्तर से फार्मर रजिस्ट्री तैयार किया जाना है। जिसके सम्बंध में जनपद के समस्त कृषकों को उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त उन्ही कृषकों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी जिनकी फार्मर रजिस्ट्री सम्पन्न हो गई होगी।

जिन कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त प्राप्त नहीं हो सकेगी। उन्होंने समस्त कृषकों से अपील करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त कर रहे समस्त किसान आज ही अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा लें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त उनको प्राप्त हो सके। यद्यपि कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग समस्त ग्रामों में संयुक्त कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य कर रहे हैं।

फिर भी इस कार्य को समय से पूर्ण कराने के लिए किसान अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अवश्य पूर्ण करा लें। ताकि उनको प्राप्त हो रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कोई बाधा न आ सके।

# चौदह बूथ अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से अपने पद से दिया इस्तीफा,निर्वाचन का किया विरोध

❑ सक्रिय सदस्यों ने जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को अपने स्तीफा का भेजा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षो के निर्वाचित होने की सूची जारी होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में विरोध के स्वर उठने लगे है। जिले के कुशीनगर विधानसभा के कुड़वा दिलीप नगर में कुल 14 बूथ अध्यक्ष है।चौदहों ने सामूहिक रूप से अपने पद से इस्तीफा देकर निर्वाचन का विरोध किया है। चौदहों बूथ अध्यक्षो और सक्रिय सदस्यों ने जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को अपने स्तीफा का पत्र भेजकर विरोध किया है। भेजे अपने पत्र में यह आरोप लगाया है कि कसया मंडल अध्यक्ष के चयन में बार-बार एक ही जाति विशेष को चुना जाना दुर्भाग्य है।कार्यकर्ताओ का आरोप है कि नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अल्प समय से पार्टी में है। यहाँ तक कि अभी सक्रिय सदस्य भी नही है। समाजवादी पार्टी से आयातित होने के बाद मंडल अध्यक्ष बनना हम सब कार्यकर्ताओ के आन मान और सम्मान के साथ खिलवाड़ है।

इन लोगो का कहना है कि अकेले कुड़वा में एक दर्जन से भी ज्यादे सक्रिय सदस्य है। फिर भी हम सबकी उपेक्षा की गई है। स्तीफा देने वाले बूथ अध्यक्षो में रामनारायण, अश्वनी कुमार शर्मा, संदीप शर्मा, हर्ष गोंड़, अनुराग पाण्डेय, वीरेंद्र प्रसाद, राजन सिंह, पंकज चौरसिया, डॉ पारस कश्यप, उमेश यादव, जितेंद्र कुशवाह, हरिभुवन, केशव लाल कुशवाहा सभी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

# रास्ता अतिक्रमण को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

❑ खलियान की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। जटहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कंठीछपरा में खलियान की जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि यह सरकारी खलियान की भूमि है ।

जिस पर गांव में आने जाने का वही मेन मार्ग है जिसमें गांव के ही मुन्ना प्रसाद व पिंटू प्रसाद ने ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल से मिलकर अतिक्रमण किया जा रहा है प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि इसके संबंध में हम लोगों ने सदर एसडीएम पडरौना को लिखित शिकायत किया मगर उस आवेदन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही।

निर्माण कार्य रुका है इसी को लेकर आज ग्रामीणों ने गांव में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया इस प्रदर्शन में नागेंद्र कुशवाहा अवधेश कुशवाहा अनिल कुशवाहा राकेश कुशवाहा भगवत कुशवाहा महात्मा कुशवाहा लक्ष्मी कुशवाहा हरेंद्र कुशवाहा सुदामा कुशवाहा नवल किशोर कुशवाहा बिकाऊ गिरी सुदामा कुशवाहा दुखी दिनेश पप्पू कुशवाहा ।

# लोकार्पण के चार माह बाद अधूरा है नाली निर्माण

❑ लोकार्पण पत्थर पर कुशीनगर विधायक पीएम पाठक और नगरपालिका अध्यक्ष किरण जयसवाल व सभासद मधुबाला के लिखे है नाम।

❑ प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक, 32 लाख की लागत का 600 मीटर है निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर-12 वीर अब्दुल नगर में लोकार्पण के चार माह बाद भी नाली निर्माण का कार्य अधूरा है।

सभासद व ठेकेदार ने वाहवाही लूटने के लिए जल्दीबाजी में इसका लोकार्पण कर दिया। खास बात तो यह है कि लोकार्पण के बाद भी अधूरे नाली का निर्माण भी बंद है। कहना ना होगा कि लोकार्पण पत्थर पर कुशीनगर विधायक पीएम पाठक और नगर पालिका अध्यक्ष किरण जयसवाल व सभासद मधुबाला का नाम लिखा हुआ है। गौरतलब हो कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के उक्त वार्ड में प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक 600 मीटर नाली निर्माण की स्वीकृति नगर पालिका द्वारा की गई है।

जिसकी लागत 32 लाख रूपये है। ठेकेदार अनीश आलम द्वारा निर्माण कार्य पूरा कराए बिना ही नाली का लोकापर्ण करा दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली मात्र 250 मीटर ही बनाई गई है। इसकी शिकायत लगातार नगर पालिका अधिकारी, नगर अध्यक्ष व विधायक से की गई, लेकिन न तो कोई जिम्मेदार मौके पर आए और ना ही ठेकेदार से निर्माण कार्य पूर्ण कराने की ही बात कही गई।

लोकार्पण पत्थर पर जनप्रतिनिधियों के नाम लिखे हैं। लोकार्पण के चार माह बाद भी नाली निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है। इस संबंध में जब ईओ से वार्ता किया गया तो उन्होंने कहा कि जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी।

# अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिल्ली चैलेंजर्स ने जीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। स्थानीय पावानगर महावीर इण्टर कालेज के राज मालती स्टेडियम में आयोजित 19 वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दिल्ली चैलेंजर्स दिल्ली की टीम ने एनई रेलवे को 162 रनों से जीतकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। दिल्ली के खिलाड़ी कैफ अहमद को मैन एफ द मैच घोषित किया वहीं पूरे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एनई रेलवे के खिलाड़ी राजनायक को मैन आफ सीरिज चुना गया। सोमवार को दस बजे से शुरू हुए इस फाइनल मुकाबले में दिल्ली के कप्तान अंकित त्रिपाठी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए उनकी टीम ने 29 वें ओवर में एक गेंद शेष रहते सभी विकेट खोकर 263 रनों का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की शुरुआत काफ़ी आक्रामक रहा और तीसरे ओवर में बिना नुकसान के 50 रनों का स्कोर पार कर लिया था। दिल्ली के तरफ से खेलते हुए कैफ अहमद 45 गेंदों पर पांच छक्के, चार चौकों के मदद 64 रन, कप्तान अंकित त्रिपाठी ने 15 गेंदों पर पांच छक्के तीन चौकी के मदद से 45 रन, गौरव तोमर 18 गेंद चार छक्के चार चौकों के मदद से 42 रन, शिवम शर्मा ने 33 गेंदों पर दो छक्के, तीन चौकों के मदद से 33 रन, आईपीएल खिलाड़ी अनुरीत सिंह ने 26 तथा पंकज जायसवाल ने 18 रनों का योगदान दिया। एनई रेलवे के तरफ से गेंदबाजी करते हुए राजनायक छः ओवर में 45 रन खर्च करते हुए पांच विकेट, शिवम दीक्षित दो विकेट, शमशुल हक, त्रिशाल द्विवेदी तथा प्रशान्त अवस्थी को एक- एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे की टीम का शुरुआत काफी खराब रहा और उसके खिलाड़ी थोड़े थोड़े अन्तराल पर पवेलियन लौटते गए और 22 ओवर के अन्तिम गेंद पर सभी विकेट गंवाकर मात्र 161 रन ही बना सकी। जिसमें प्रशान्त अवस्थी ने 56 गेंदों पर चार छक्के चार चौकों के मदद से 60 रन , कीर्ति वर्धन 16 गेदों पर पांच छक्के के मदद 32 रन, अंकित यादव 22 तथा अक्स वर्मा 17 रनों का योगदान दिया। रेलवे के तीन खिलाड़ी शून्य पर पवेलियन लौट गए थे जबकि चार खिलाड़ी दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके।

दिल्ली के तरफ से गेंदबाजी करते हुए मोहमद आसिफ मंसूरी ने छः ओवरों में 24 रन देकर चार विकेट, मोनू शुक्ला ने चार ओवर में 17 रन खर्च करते हुए तीन विकेट, अनुरीत सिंह दो तथा पंकज जायसवाल ने एक विकेट लिया।

दिल्ली के खिलाड़ी कैफ अहमद को 64 रनों की पारी खेलने पर मैन आफ द मैच का पांच हजार का पुरस्कार विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा तथा समाज सेवी मनोज चौबे ने संयुक्त रूप से दिया। आज के मैच का शुभारंभ डा.वाईके मद्धेशिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच का अम्पायरिंग यूपीसीए पैनल के अंपायर सतीश पाण्डेय व संतोष कुमार सिंह ने किया। रहे जबकि थर्ड अंपायर अशोक शर्मा रहे।

स्कोरिंग बीसीसीआई पैनल के स्कोरर एसपी सिंह ने किया।मैच के रेफरी पवन यादव रहे।मैच का कमेंट्री मुहम्मद आलम तथा गुड्डू पाण्डेय के साथ अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी कमेंटेटर सुमित मिश्रा गुलाम हुसैन रिजवी जीओ सिनेमा ने किया। मैच का लाइव प्रसारण सचिन यादव और उनके टीम द्वारा किया जा रहा है।

पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि 11वीं सिक्ख रेजीमेंट के मेजर हिमांशु बडोदरा ने एक लाख पच्चास हजार नगद और विजेता ट्राफी प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सैनिक की दो मां होती है एक उनको जन्म देने वाली दूसरी भारत माता है, सैनिक का कर्तव्य दोनों का सम्मान का रक्षा करना है। शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए।

## लगातार चौथी बार कौस्तुभ ने जीता गोल्ड मेडल



राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड फाजिलनगर के ग्रामसभा जोकवा खुर्द निवासी 15 वर्षीय कौस्तुभ ने प्रथम बार जनपद कुशीनगर में आयोजित 39 वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपने आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उड़ीसा के अपने प्रतिद्वंदी को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त कर चौथी बार गोल्ड मेडल जीतकर अपने जिले कुशीनगर का नाम रोशन किया है। 27 से 29 दिसम्बर को इंटरनेशनल ताइक्वांडो फ़ेडरेशन यूनियन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल सोलह प्रदेशों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया था।विदित हो कि इसके पूर्व भी कौस्तुभ पाण्डेय ने विगत पूर्व तीन वर्षों में लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।कौस्तुभ का कहना है कि भविष्य में वह देश के लिए ओलंपिक एशिया राष्ट्रमंडल खेल समेत तमाम खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर अपने जिले का नाम रोशन करना चाहता है।कौस्तुभ द्वारा लगातार किये जा रहे बेहतरीन प्रदर्शन से ग्रामीणों में काफी प्रसन्नता व्याप्त है।

# स्व. विजय सिंह ने सेवा कर्म की बदौलत लोगों के दिलों बनाई जगह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्वर्गीय विजय प्रताप नारायण सिंह की 8 वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक सम्पन्न**



कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के साखोपार मेंसमाजसेवी स्व0 विजय प्रताप नारायण सिंह की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर जरूरतमंदों को कम्बल देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को आयोजित पुण्यतिथि समारोह में स्व0 विजय प्रताप नारायण सिंह व उनके पिता स्व0 नवल किशोर सिंह की समाधि पर पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बगही कुट्टी के महन्थ विश्वम्भर दास ने कहा कि ने कहा कि अपने कर्मों की बदौलत व्यक्ति हमेशा याद किये जाते हैं। ऐसे ही महा लमानव थे स्व0 विजय सिंह जिन्होंने सेवा व अपने कर्मों की बदौलत लोगों के दिलों में जगह बनाई। राष्ट्रीय हृदय रोग संस्थान नई दिल्ली के सलाहकार व प्रमुख सलाहकार गवर्नर उजेबीकिस्तान डॉ आनन्द त्रिपाठी ने स्व0 सिंह के परिजनों की सराहना करते हुए कहा कि धन्य हैं वे संतानें जो अपने माता पिता को याद करते हैं और उनके बताए सदमार्ग मार्ग पर चलकर लोक कल्याण का कार्य करते हैं जो अनुकरणीय है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जेपी शाही ने कहा कि स्व0 विजय सिंह के सामाजिक सरोकार के सपनों को उनके परिजन पूरा कर रहे हैं। स्व0 सिंह के छोटे भाई व नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य अभय प्रताप नरायण सिंह, पीयूष प्रताप नरायण सिंह, ग्रामप्रधान शैलेश प्रताप नरायण सिंह, एडवोकेट कुशल प्रताप सिंह, त्रिपुरेश प्रताप, शशांक प्रताप, सत्यम प्रताप, शिवम सिंह, सुंदरम सिंह, भुवनेश, सूरजदेव, रत्नेश सिंह, करुणेश, त्रयम्बकेश्वर सहित परिजनों ने सभी का स्वागत किया और बुजुर्गों, महिलाओं, जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किया। आभार पूर्व ग्रामप्रधान और स्व0 सिंह की पत्नी श्रीमती शीला सिंह ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अपने पति के जन सेवा के कार्यों को मैंने और मेरे पुत्रों ने हमेशा आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। हर हर जरूरतमंद की सेवा के लिए मेरा परिवार हर वक्त तैयार है। इस अवसर पर श्री राम चरित मानस पाठ, श्रद्धांजलि सभा, सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन मंडली के कलाकार सत्य प्रकाश पाण्डेय व टीम ने निर्गुण, भजन, भक्ति गीत प्रस्तुत किये। संचालन संतोष कुमार संगम ने प्रस्तुत किये। बगही कुट्टी के महन्थ विश्वम्भर दास, आलोक सिंह, मेघना त्रिपाठी, आरजेडी नेता दयाशंकर सिंह, राहुल गोंविन्द राव, राहुल सिंह, विनोद राव, आजमगढ़ के अंकित राजपूत , आशीष सिंह, केन यूनियन चेयरमैन अम्बरीष राव, हरिन्दर सिंह, राम प्रसाद जायसवाल, बृजेश गोंविन्द राव, भोला प्रजापति, कृपा नरायण दीक्षित, अमरेश सिंह, प्रदीप राव, मनोज सिंह, रमेश पाण्डेय, रविन्द्र यादव, कृष्णनन्द पाण्डेय, हरेंद्र यादव राम बिलाश यादव, विकास यादव, राहुल गोंड़, महेश सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# एक जेई के भरोसे दो ब्लॉक, नगर पंचायत व विधायक निधि का जिम्मा

❑ निर्माण स्थल पर जेई के न पहुंचने से गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले में एक जेई के भरोसे दो ब्लॉक, एक नगर पंचायत व हाटा विधायक निधि का जिम्मा है। एक ही जेई को चार जगहों का प्रभार मिलने से क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है।

उधर निर्माण स्थलों पर समय से जेई के न पहुंचने से ठिकेदार ऐसे तैसे कार्य करा दे रहे है, जो गुणवत्ता पर सीधे सवाल है। बताया जा रहा है कि जेई साहब पिछले दस वर्षों से इस क्षेत्र में जमे हुए है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली में करोड़ों रुपए से सीसी रोड व भूमिगत नाली का निर्माण कार्य इन दिनों चल रहा हैं।

ऐसी चर्चा है कि निर्माण स्थल पर जेई के समय से न पहुंचने पर ठीकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से कार्य कराया जा रहा है। इसपर नगर के जिम्मेदार भी चुप्पी साधे हुए है। सूत्र बताते है कि जब से अधिशाषी अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया है वे निर्माण स्थल का कभी जायजा भी नहीं लिए। निर्माण में क्या गुणवत्ता है, क्या नहीं है किसी को कुछ पता नहीं चल रहा है। कमीशनबाजी के चक्कर में घटिया निर्माण कराया जा रहा है।

ठीकेदारों द्वारा चैम्बर व साइड दिवाल में सफ़ेद बालू व दो नंबर ईंट धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है।

इतना ही नहीं जहां ढलाई का कार्य हो रहा है वहां जेई व नगर के कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं रह रहे।

एस्टीमेट की बात पर चुप्पी साध ले रहे है। जिससे गुणवत्ता पर तरह तरह के सवाल उठ रहे है। इस संबंध में जेई ने बताया कि मैं साइड पर जाता हूं, हर साइड का फोटो भी रखा हूं।

एक प्राइवेट वर्कर भी रखा हूं, अगर मैं नहीं जा पाता हूं तो उन्हें भेजता हूं। हाटा, मोतीचक ब्लॉक के अलावा नगर पंचायत मथौली व विधायक निधि का कार्य जेई देखते है।

नगर के कई लोगों ने बताया कि दर्जनों साइड चल रहा है लेकिन जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंच रहे है। कार्य शुरू होने के बाद कभी कभार दोपहर बाद जेई साहब आ जाते है और फोटो खिंचवाने के बच चले जाते है, उसके बाद ठीकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से कार्य शुरू करा दिया जाता है।

# साइबर अपराध करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

एजेंसी

गाजियाबाद। साइबर क्राइम पुलिस ने सोमवार को साइबर अपराध करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर विभिन्न राज्यों की लगभग 4.5 करोड़ रुपये के साइबर अपराध की विभिन्न घटनाओं का खुलासा किया है । इसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 09 मोबाइल फोन, 01 चेकबुक, 01 पासबुक, 02 एटीएम कार्ड बरामद हुए। एडीसीपी सच्चिदानन्द ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में अमित राय निवासी ग्राम बेलतला बाजार, थाना नवदीप, जिला नदिया, पश्चिमी बंगाल, विवेक कुमार उर्फ जतिन गुप्ता निवासी मोहल्ला नौमी, बढ़ापुर, थाना बढ़ापुर, जिला बिजनौर व राहुल निवासी सोनिया विहार, थाना हैं। उन्होंने बताया कि इनके द्वारा खुलवाये गये बैंक खातों के आधार पर गुजरात के राजकोट निवासी रिद्धिष शाह के साथ 3.66 करोड़, अहमदाबाद निवासी जिगनेश भाई के साथ 44 लाख, आनन्द निवासी किशोर भाई जादव के साथ 39 हजार का फ्राड, राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी श्री विजय सिंह के साथ 03 लाख, पंजाब के गुरदासपुर निवासी अनिल के साथ 75 हजार, तेलंगाना के करीमनगर निवासी अभिनव रेड्डी के साथ 35सौ रुपये के साइबर अपराध की घटना का खुलासा हुआ है। इस गिरोह द्वारा बैंक के चेक ड्रॉप बॉक्स से चेक धोखाधड़ी से प्राप्त कर कूटरचना कर फ्रॉड करने की विभिन्न शहरों की 31 घटनाओं का भी खुलासा हुआ है । चेकों की डिटेल के आधार पर सम्बन्धित बैंकों से घटना की जानकारी की जा रही है ।

पुलिस पूछताछ में आरोपी अमित रॉय ने बताया कि उसके गिरोह में उत्तम दा, विवेक कुमार, अनुज कुमार, मुकेश चौहान उर्फ प्रधान, अतुल, विक्की यादव और राहुल सक्रिय सदस्य हैं । गिरोह के लोग जरूरतमंद लोगों के बैंक खाते खुलवाकर साइबर अपराध में प्रयोग करते हैं । इसके अलावा इस गैंग के सदस्य बैंक के चेक ड्रॉप बॉक्स से लोगों के चेक धोखाधड़ी से प्राप्त कर, उन चेकों में बैनीफिशयरी के नाम को केमिकल से हटाकर उसकी जगह इनके पास मौजूद म्यूल बैंक खातों की डिटेल भरकर इन चेकों को कैश करा लिया करते हैं । बैंकों में जाकर चेक ड्रॉप बॉक्स में गलत चेक डल जाने की बात कहकर बैंक कर्मी से चेक ड्रॉप बॉक्स खुलवाकर ये लोग चेक प्राप्त कर लिया करते थे और इन्ही चेकों में नाम बदलकर पैसे निकाल लेते थे । अमित रॉय और उत्तम दा इन कूटरचित चेकों को जिन बैंक खातों में जमा किया जाता था, उन खातों से पैसे निकालने का काम करते थे ।

विवेक कुमार ने बताया कि वो अपने साथी अनुज, मुकेश चौहान उर्फ प्रधान, अतुल, विक्की यादव के साथ कोलकाता, लखनऊ, मुम्बई, बड़ौदा, नागपुर, भोपाल, विजयवाड़ा, चेन्नई, हैदराबाद सहित देश के विभिन्न शहरों के बैंकों के चेक ड्रॉप बॉक्स से चेकों को प्राप्त करने तथा नाम बदलने का काम करते थे ।

इस गैंग के द्वारा खुलवाये गये बैंक खातों का प्रयोग विभिन्न साइबर अपराधों में किया गया है । अमित रॉय के पास से लाखों की कीमत के सैमसंग, तथा आइफोन के लेटेस्ट मॉडल मिले हैं, जो कि इसने साइबर अपराध से अर्जित कर खरीदा था । गैंग के शेष सदस्य उत्तम दा निवासी साल्टलेक, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, अनुज कुमार निवासी बिजनौर और अतुल निवासी बिजनौर, मुकेश चौहान उर्फ प्रधान निवासी देहरादून, विक्की यादव निवासी दिल्ली की तलाश की जा रही है।

## करोड़ रुपये गबन मामले में दो आरोपित पकड़े गए



**वाराणसी।** मंडुवाडीह पुलिस ने एक कंपनी के दो करोड़ रुपये गबन करने के मामले में दो आरोपितों को गेट नंबर-4 के पास स्थित एक चाय की दुकान से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित उसी कंपनी के कर्मचारी बताए हैं। दो सितम्बर को कंपनी की ओर से थाने में दो करोड़ रुपये गबन करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। कर्मचारी चोलापुर थाना क्षेत्र के तेवर निवासी युवराज सिंह और मिर्ज़ापुर जिले के अहरौरा क्षेत्र सरिया निवासी रंजीत सिंह उर्फ रणजीत सिंह पर फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर नकली दुकानदारों के नाम से बिल काटने और कंपनी के पैसे का गबन करने का आरोप है। पुलिस अफसरों के अनुसार पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में मंडुवाडीह पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपितों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी भरत उपाध्याय, उपनिरीक्षक सत्यानंद यादव, हेड कांस्टेबल दयाशंकर शर्मा और कांस्टेबल धर्मवीर भारती आदि शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में फायरिंग, गोली लगने से श्रद्धालु घायल

एजेंसी



मथुरा। वृंदावन कोतवाली की रमणरेती पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत श्यामा श्याम धाम के पीछे स्थित एक गेस्ट हाउस के निकट बीतीरात दो पक्ष पुरानी रंजिश के चलते आमने-सामने आ गए। एक पक्ष के युवक द्वारा की गई फायरिंग में एक राहगीर श्रद्धालु पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया।वृंदावन कोतवाली इलाके के रमणरेती पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत श्याम श्याम धाम आश्रम के पीछे स्थित सत्यम गेस्ट हाऊस के निकट पुनीत गौतम और गोपाल गौतम का पुरानी रंजिश के चलते आमना-सामना हो गया। गोपाल गौतम ने बताया कि दूसरे पक्ष के पुनीत गौतम एवं अन्य युवक उस पर हमला करने के उद्देश्य से वहां पहले से घात लगाए बैठे थे।

उन्होंने गोपाल गौतम पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

उसके बाद तमंचे से फायरिंग कर दी, जिससे बचने के लिए वह गेस्ट हाउस में घुस गया।

तभी वहां से गुजर रहे राहगीर श्रद्धालु कमल कंात शर्मा निवासी संभल के पैर में गोली लग गई। फायरिंग की सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और घायल युवक कमल कंात को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से उसे सिम्स हॉस्पिटल मथुरा के लिए रेफर कर दिया गया।

वहीं, गोपाल गौतम ने इस संबंध में पुनीत गौतम एवं चार-पांच अन्य युवकों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अन्य युवकों की पहचान करने में भी जुटी हुई है।

मौके पर पहुंचे एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि गोली लगने की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। गोपाल गौतम द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम में गठित की गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्यवाही:आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । मण्डलायुक्त देवीपाटन ने मंडल में चल रहे विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की।उन्होंने नवम्बर माह में मंडल में कराए गए विकास कार्यक्रमों की बारी-बारी से समीक्षा की।आयुक्त द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना,मनरेगा, पीएम कुसुम योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, निराश्रित गोवंश,शादी अनुदान योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, निराश्रित महिल पेंशन योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।बैठक के दौरान आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को जनपद स्तर पर विकास कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिन अधिकारियों के पास दो या तीन जिलों का अतिरिक्त प्रभार है वह अक्सर बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं, इस पर आयुक्त ने निर्देश दिए कि समीक्षा बैठक में सभी अधिकारी नियमित रूप से उपस्थित हो यदि किसी अधिकारी द्वारा बिना स्वीकृति के अनुपस्थित होते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने सभी जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाए, साथ ही मंडल स्तर पर भी अवगत कराया जाए।बैठक में बलरामपुर के जिलाधिकारी ने बताया कि बलरामपुर के पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव अक्सर बैठकों में गायब रहते हैं इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए।आयुक्त ने टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। प्रत्येक व्यक्ति को इसके प्रति सचेत किया जाए। टीबी से ग्रसित व्यक्तियों के पहचान कर उनका समुचित उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में वापस लाया जाए। उन्हें हर संभव मदद प्रदान की जाए, टीबी रोग से पूरे प्रदेश को मुक्त किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने तथा उन्हें बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान कराए जाने को लेकर की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा की उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में बच्चे कम उपस्थित होते हैं वहां के शिक्षक को अच्छी ट्रेनिंग दी जाए साथ ही अभिभावकों से अनुरोध कर बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाए जाए उसको दूर कराया जाए,बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन, वन संरक्षक देवीपाटन, जिलाधिकारी गोंडा, मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, अपर निदेशक स्वास्थ्य, सभी विभागों के मंडलीय अधिकारीगण सहित अन्य जिलों के अधिकारी ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े रहे।

# करीब डेढ़ करोड़ की चरस के साथ आरोपी चढ़ा एसएसबी के हत्थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । एसएसबी 42वीं वाहिनी की टीम ने एक अभियुक्त को 5.978 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर किया रूपईडीहा पुलिस के सुपुर्द । गुप्त सूत्रों के द्वारा दिलीप कुमार, उप कमांडेंट (ऑपरेशंस) को एक विश्वसनीय स्त्रोत से प्राप्त विश्वसनीय खुफिया सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति चरस की बड़ी खेप लेकर नेपाल से रुपैडिहा होकर बाबागंज जा रहा है। प्राप्त आसूचना के आधार पर राज रंजन, कार्यवाहक कमांडेंट 42वीं बटालियन एसएसबी बहराइच प्रथम के निरंतर पर्यवेक्षण में दिलीप कुमार, उप कमांडेंट (ऑपरेशंस) वाहिनी से बी-समवाय रुपैडिहा पहुंचे एवं रुपैडिहा पुलिस से संपर्क कर एसएसबी एवं उत्तर प्रदेश पुलिस की एक विशेष संयुक्त गश्ती टीम का गठन कर बी.पी. नं. 651/05 के पास पहुंचे। समय लगभग 1515 बजे सीमा स्तंभ संख्या 651/05 के पास उक्त दल ने एक नेपाली व्यक्ति जिसका नाम ज्ञानमान हरिजन उम्र 26 वर्ष पुत्र-राम बहोरी हरिजन, पता- जानकी ग्राम पालिका, बेलभार वार्ड न.-05, जिला-बाँके, राष्ट्र- नेपाल मोटरसाइकिल (यूपी 40 ए एन 3592) से बी.पी. नं. 651/05 के पास पहुंचा। गश्ती दल द्वारा रोका गया और पकड़ लिया गया। उनके कब्जे से प्लास्टिक की थैली में भूरे रंग के टेप से लपेटा हुआ कुल 5.978 किलोग्राम चरस बरामद किया गया।

मौके पर पूछताछ के दौरान ज्ञान मान हरिजन ने स्वीकार किया कि उसे जानकी गांव, पालिका नेपालगंज में लंगड़ा और महेश चमार से चरस की ये खेप मिली थी। उसे इस खेप को एसएसबी पोस्ट के पार कर भारतीय बाजार बाबागंज में एक भारतीय नागरिक बिष्णु शाह जो बाबागंज बाजार में किराना स्टोर चलाता है, को देना था । उसने यह कार्य आसानी से पैसे कमाने के लिए किया है। पकडे गए चरस की इस खेप की बाजार कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गई है। अभियुक्त को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार के निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया और अग्रिम कार्यवाही हेतु रुपैडिहा पुलिस थाना में सुपुर्द किया गया। कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन, ने बताया कि अवैध आवागमन, बढती तस्करी को मद्देनजर रखते हुए सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। हमारे जवानो द्वारा भारत नेपाल सीमा पर लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे जवान अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं।

# एसएसबी, पुलिस व अन्य सहायक एजेंसियों के साथ हुई समन्वय बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । तहसील नानपारा के अगैय्या स्थित एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा के सभागार में कमांडेंट कैलाश चंद रमोला एवं एसपी बहराइच की मौजूदगी में बहराइच पुलिस एवं अन्य सहायक एजेंसियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित हुई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सीमा सुरक्षा, कार्यक्षेत्र में संरक्षित वन इलाकों में प्रचालन गतिविधिया, सभी सुरक्षा एजेंसीयों के मध्य सयुंक्त रूप से कार्यक्षेत्र की सुरक्षा एवं निगरानी, सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने संबधित, अंतर्राष्ट्रीय सीमा एवं वन क्षेत्र में पुलिस चौकियों की स्थापना सम्बंधित चर्चा, आगामी महाकुम्भ के मद्देनज़र सुरक्षा/ आसूचना संबंधी पहलुओं जैसे कई बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई साथ ही अपने अपने सुझाव भी रखे। इस मौके पर एसएसबी कमांडेंट कैलाश चंद रमोला, द्वितीय कमान अधिकारी शक्ति सिंह ठाकुर, कार्यवाहक कमांडेंट, द्वितीय कमान अधिकारी, 42वीं वाहिनी राज रंजन, उप कमांडेंट दिलीप कुमार, उप कमांडेंट, 59वीं वाहिनी हिमांशु दुबे, उप कमांडेंट, 59वीं वाहिनी अच्छर सिंह सहित सहायक एजेंसीयों में पुलिस अधीक्षक, बहराइच राम नयन सिंह, उप अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच अजित प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी, नानपारा प्रद्युमन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, रूपईडीहा दद्दन सिंह, कोतवाल नानपारा प्रदीप कुमार सिंह, एसीआईओ आई. बी. रूपईडीहा देवांशित खरे, फील्ड ऑफिसर, स्पेशल ब्यूरो, रूपईडीहा शिवम शुक्ला, निरीक्षक एलआईओ राहुल, उप निरीक्षक एलआईओ राम प्रसाद यादव, प्रभारी एटीएस रूपईडीहा रंजीत कुमार मौजूद रहे।

# अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर धड़ल्ले से हो रहे संचालित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के कर्नलगंज तहसील क्षेत्र में अवैध पैथोलॉजी लैब व डायग्नोस्टिक सेंटर की बाढ़ सी आ गई है।कलेक्श न सेंटर की आड़ में धड़ल्ले से अवैध पैथोलॉजी लैबों का संचालन किया जा रहा है।जिला मुख्यालय से 26 किलो मीटर की दूरी स्थित क़र्नैलगंज सीएचसी के नाक के नीचे जगह-जगह पैथोलॉजी लैब खोल ली गई हैं और इनकी संख्या में तेजी से इजाफा भी होता जा रहा है।बिना रजि स्ट्रेशन व अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रहीं पैथोलॉजी लैबों की जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार क़र्नैलगंज में डायग्नोस्टिक सेंटर व पैथोलॉजी लैब की भर मार है किसी के अधिकतर पैथो लॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर पर रेडियोलॉजिस्ट व डॉक्टर की उपस्थिति नहीं रहती है। मन माफिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है।लेकिन क़र्नैलगंज में ही एक दर्जन से ज्यादा अवैध पैथोलॉजी संचालित हो रही है।क़र्नैलगंज में यह आंकड़ा एक दर्जन से ज्यादा भी बताया जा रहा है।

लैब का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है और लोगों के सैंपल लेकर जांच की जा रही है।न योग्यता न रजिस्ट्रेशन लैब संचालन व डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए शासन द्वारा विधि वत नियम लागू किए गए हैं,लेकिन जिले में आश्चर्यजनक रूप से डीएमएलटी व उनके सहयोगी तक लैब संचालित कर रहे हैं, वे ही रिपोर्ट में साइन करके दे रहे हैं, जबकि लैब संचालक एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजिस्ट व डायग्नो स्टिक सेंटर का संचालक सोनोलॉजिस्ट होना चाहिए। इतना ही नहीं अवैध तरीके से संचालित हो रहीं लैब व डायग्नोस्टिक के पास न ही नियमानुसार पॉल्यूशन बोर्ड का रजिस्ट्रेशन है और न ही पंजीकृत मेडिकल वेस्ट फर्म का पंजीयन है।लैब व डायग्नोस्टिक सेंटर के पास पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का रजिस्ट्रेशन,पंजीकृत मेडिकल वेस्ट सर्विस से एग्रीमेंट, सीएमएचओ ऑफिस का रजिस्ट्रेशन,नगर पंचायत का अनुमति पत्र व गुमाश्ता लायसेंस,दुकान का किराया नामा होना आवश्यक है, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं। वहीं सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है,

कि परसपुर में संचालित हो रहे अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर जिनका पंजीकरण है। उनके यहां

एमबीबीएस,एमडी पैथोलॉजिस्ट व डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालक सोनोलॉजिस्ट के डिग्री धारक नहीं मौजूद हैं। आप प्रशिक्षित डॉक्टर के द्वारा जांच की जा रही है। वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है पैथोलॉजी लैब व डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालन के पीछे सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ अमले की मिलीभगत बताई जा रही है।इनके फलने-फूलने के पीछे ऐसे चिकित्सकों की भी कम भूमिका नहीं जो अधिक कमीशन के चक्कर में चिकित्सक इन अप्रशिक्षित लैब में अपने मरीजों को जांच के लिए भेज रहे हैं। वहीं सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि कई डॉक्टर तो अपनी क्लिनिक में सेंपल लेकर इन लैब तक पहुंचा रहे हैं।

# गोण्डा नगर पालिका परिषद बिना पार्किंग के ही शहर में चल रहे शॉपिंग मॉल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले आम आदमी के घरों के स्वीकृत नक्शे के अनुरूप निर्माण में कोई तब्दीली होने पर तत्काल गंभीरता दिखाने वाले नगर पालिका व जिला प्रशासन

शॉपिंग मॉल संचालकों के आगे बेबस हैं।वहां उन्हें न तो नियमों का उल्लंघन नजर आ रहा है तो न ही पटरियों पर कोई अतिक्रमण।नतीजा शहर में संचा लित अधिकांश शॉपिंग मॉल में मनमानी हावी है। एक-दो मॉल या कांप्लेक्स को छोड़ दें तो कहीं भी पार्किंग की सुविधा नहीं है,जबकि मॉल या व्यावसा यिक कांप्लेक्स निर्माण की यह अहम शर्त है कि बेसमेंट में जहां पार्किंग होनी चाहिए,वहां भी दुकानें चल रही हैं।मॉल संचालकों पर मेहरबानी का खामिया जा आम राहगीरों को जाम में घंटों बिताकर भुगतना पड़ रहा है।गोण्डा नगर पालिका परिषद शहर के विभिन्न जगहों पर करीब दर्जन भर से अधिक शॉपिंग मॉल चल रहे हैं।इनमें किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।कुछ के पास है भी तो वह मानक विहीन हैं।ग्राहक सड़कों पर वाहन खड़ी कर शॉपिंग के लिए अंदर जाते हैं।बाहर सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है।लंबे समय खरीदारी करने के चलते कई लोगों के वाहन चोरी भी हो जाते हैं।ऐसी स्थिति में मॉल संचालक वाहन रखवाली की जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं।इन सब दुर्व्यवस्थाओं के बावजूद नक्शा विभाग की ओर से कई शॉपिंग मॉल को कानूनी मान्यता देते हुए बाकायदा नक्शा पास कर दिया गया है।

नक्शे में जितना एरिया शॉपिंग मॉल के लिए दिया गया है उतना ही एरिया पार्किंग के लिए भी दर्शाया गया है,जबकि धरातल पर तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है।कई ऐसे शॉपिंग मॉल हैं जिसके बाहर एक चार पाहिया वाहन खड़ा करने के लिए जगह नहीं है। इसके बाद भी उनमें एक साथ पचास से अधिक लोग खरीदारी करते हैं।गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में छोटे शॉपिंग मॉल को छोड़ दें तो शहर में नामी कंपनि यों के दर्जन भर से अधिक मॉल खुले हैं।नगर पालिका परिषद के मुताबिक इनमें तीन को छोड़कर बाकी सभी शॉपिंग मॉल नक्से के विपरीत बनाए गए हैं।और अब उसमें शॉपिंग मॉल चल रहे हैं।घर के नक्शों में जरा सी मानक की अनदेखी होने पर निर्माण तोड़ने का आदेश देने वाले अधिकारी यहां कानून के उल्लंघन पर मौन हैं।ऐसा नहीं कि मॉल चोरी-छिपे चल रहे हैं। सब कुछ सरेआम होने के बाद भी जिम्मेदार बेखबर हैं।

## नक्शा पास कराने के नियम

शॉपिंग माल बनाने के लिए सबसे पहले जमीन की कागजात और उसका नक्शा नगर पालिका परिषद को देना होता है।विभाग नक्शे की गहन जांच के दौरान यह सुनिश्चित करता है कि पार्किंग की सुविधा है या नहीं।बिना पार्किंग के कोई भी नक्शा स्वीकृत नहीं किया जा सकता है।पार्किंग के लिए भी शॉपिंग मॉल के बराबर एरिया निर्धारित की जाती है।लिहाजा आम तौर पर बेसमेंट में ही पार्किंग की सुविधा दी जाती है।नक्शा स्वीकृत करने के बदले चार या पांच रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से विकास शुल्क रुपये वर्ग मीटर के हिसाब से मानचित्र शुल्क जमा करना होता है वही शॉपिंग मॉल का नक्शा पास कराने के लिए लोग जमीन के कागजात के अलावा जरूरी धनराशि नगर पालिका परिषद के जेई व बाबुओं के पास जमा कर देते हैं।विभाग नियमों के मुताबिक नक्शा पास कर देता है,मगर इसके बाद कोई भी कर्मचारी यह देखने निर्माण स्थल पर नहीं जाता कि नक्शे के अनुरूप काम हो रहा है या नहीं हो रहा है। यही कारण है कि नक्शे में भले ही पार्किंग हो लेकिन मौके पर उनका वजूद नहीं है।वही कुछ ने अस्पतालो ने तो किराए पर पार्किंग की जगह ले रखी है लेकिन वह भी मानक के अनु रूप नहीं है।

## शहर में रोजाना घंटों जाम झेलते हैं लोग

शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्रों में शुमार एलबीएस चौराहे से लेकर बड़गांव पुलिस चौकी स्टेशन रोड का आलम यह है कि यहां वाहनों की पार्किंग सड़क पर ही होती है।रोड पर घुसने के बाद सड़क अवैध पार्किंग के जाम में जकड़ी हुई है।इससे रोजाना घंटों जाम लगता है। लोग इधर जाने से बचते हैं।यही हाल गुरु नानक चौराहे से लेकर मनकापुर बस स्टैंड उतरौला रोड का भी है वही शहर बने शॉपिंग मॉल में पार्किंग ना होने और बेसमेंट में दुकानें संचालित होने और सड़क पर वाहन खड़ा होने के बारे में जान कारी सिटी मजिस्ट्रेट से दूरभाष पर लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने अपना फोन उठाना उचित नहीं समझा और फोन को विजी कर जिससे जानकारी नहीं मिल पाई है।

# मण्डल जरवल के अध्यक्ष बने मुकेश जायसवाल



नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष भाजपा व जिला प्रतिनिधि को मिठाई खिला कर बधाई देते हुए निर्वतमान अध्यक्ष पवन वर्मा व मौजूद अन्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच । भारतीय जनता पार्टी ने जरवल मंडल अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में मुकेश जायसवाल उर्फ प्रदीप जायसवाल को निर्वाचित घोषित किया है।

प्रदेश नेतृत्व से हरी झण्डी मिलने पर जिला चुनाव अधिकारी नरेन्द्र सिंह ने जरवल मण्डल अध्यक्ष पद पर मुकेश जायसवाल उर्फ प्रदीप जायसवाल के नाम की घोषणा की।

तो वही मण्डल जरवल के ऊर्जावान कार्यकर्त्ता ओम चंद्र वर्मा को जिले का भाजपा प्रतिनिधि बनाया गया। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपने मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की सूची जारी कर दी गई,लेकिन गजाधरपुर मण्डल अध्यक्ष का नाम सूची में नही है। इनके मनोनयन पर निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा,सुनिधि मिश्रा,आत्रेय मिश्रा ''मोनू पण्डित'',ज्ञानेन्द्र मौर्य,ऋषि राजपूत,लक्ष्मण कुश्वाहा, राम सिंह वर्मा समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने व भाजपा नेताओं ने खुशी व्यक्त किया व उनके आवास पहुँच कर मिठाई खिला कर बधाई दी।

# पुलिस लिखाक़र गाड़ी पर ढोया जा रहा सवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में गुरु नानक चौराहे पर सुबह होते ही एर्टिगा गाड़ियों पर पुलिस लिखाक़र रोड़बेज बस वालो के गाड़ी को आगे बीच सड़क पर ख़डी करके लखनऊ की सवारियां बैठे हैं।जिससे कि सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और हमेशा हादसे का डर बना रहता है।इसके चलते जाम की भी स्थिति बनी रहती है।इसके बावजूद जिम्मेदार अफसर और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं रहे हैं।इससे लोगों में रोष पनप रहा है।

गुरु नानक चौराहे पर अवैध टैक्सी वालों का कब्जा ,

गुरु नानक चौराहे पर सड़क के पर अवैध प्राइवेट टैक्सी वालों का कब्जा रहता है जिससे कि आने जाने वाले रास्ते पर काफी दिक्कत होती है।प्राइवेट टैक्सी वालो का संचा लन कई मार्गों के लिए होता है।इन प्राइवेट टैक्सियों को खड़ा करने के लिए कोई भी जगह नहीं है।ऐसे में शहर के मुख्य चौराहों पर बीच सड़क पर पुलिस लिख कर दबंगई के बल पर गोंडा से लखनऊ के लिए सांवरिया भरते हैं और फिर उनसे दुगना किराया वसूला जाता है वही सूत्र बता रहे है कि हर महीने नगर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को महीना दिया जाता है और इस महीने के व सूली का पैसा ट्रैफिक के उच्च अधिकारियों को भी जाता है।वही देवीपाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित पाठक ने सख्त आदेश दिया था कि सड़क पर रोडवेज बस के पास कोई अवैध टैक्सी स्टैंड नहीं चलेगा उनके आदेश पर आरटीओ ट्रैफिक पुलिस ने कार्यवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की थी और फिर सड़क पर प्राइवेट टैक्सी वालों का जमवाड़ा लगने लगा है।

मेन सड़क से लेकर फुटपाथ तक हो रही पार्किंग,

फुटपाथ के अलावा मेन सड़क भी पार्किंग के लिए इस्तेमाल हो रही है।चालक अपने वाहनों को फुटपाथ किनारे लाइन से खड़ा कर देते हैं।यह वहां पूरे दिन सड़क किनारे खड़े रहते हैं जोकि हादसों का सबब बन रहे हैं।वही आए दिन हादसों के बाद भी पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी ओवरलोडिंग रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।प्रभावी कार्रवाई न होने से इन्हें बढ़ावा मिल रहा है।शहर में सैकड़ों ई-रिक्शा, ऑटो और टैक्सियों का संचालन हो रहा है।डग्गामार वाहनों और रिक्शा चालकों की मनमानी को पुलिस नजर अंदाज कर रही है।

# जिलाधिकारी मोनिका रानी की जनपद बहराइच के किसानों की आय वृद्धि बढ़ाने का एक और प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जिले के किसानों की हल्दी को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान। माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशा-निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी ने बाबा रामदेव की कम्पनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जिले के 03 एफपीओ का कराया एमओयू

बहराइच । जिले के किसानों के सर्वांगीण विकास के लिये जिलाधिकारी मोनिका रानी निरन्तर प्रयास कर रही है। डीएम के प्रयासों से जिले में 86 कृषक उत्पादक संगठन गठित कराये गये हैं साथ ही प्रत्येक माह एफपीओं की बैठक करके उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों में और सुधार लाने तथा जिले के किसानों की आय वृद्धि बढ़ाने के दृष्टिगत 28 दिसम्बर 2024 को बाबा रामदेव की पतंजलि कंपनी के साथ हरिद्वार में जनपद बहराइच के 03 एफपीओ प्रत्यूष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम गंगापुर मिहींपुरवा की निदेशक श्रीमती पुष्पा सिंह, वीरांगना लक्ष्मी बाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड ग्राम जरही मिहींपुरवा की निदेशक श्रीमती मंजू देवी एवं सीएससी राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम गंगापुर मिहींपुरवा के निदेशक अखिलेश कुमार सिंह के साथ हल्दी उत्पादन तथा विपणन का एमओयू किया गया। इस अवसर पर बाबा रामदेव जी, आचार्य बालकृष्ण, डीएम मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड निहिंपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह उपस्थित रहे। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि मिहिंपुरवा जनपद बहराइच का क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु से समृद्ध है। जो कृषि के लिये एक आदर्श स्थान बनाता है। इस क्षेत्र में हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की खेती बहुतायत क्षेत्र में की जाती है। सब्जियों के उत्पादन एवं विपणन का कार्य क्षेत्रीय किसानों द्वारा किया जा रहा है, परन्तु इस क्षेत्र में हजारों किसान हल्दी की खेती कर रहे है परन्तु उन्हें उनका वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है। पंजाब हरियाणा आदि प्रदेशों के व्यापारी यहां के किसानों से सरते मूल्य पर हल्दी का कम कर रहे है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिगत प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हे. के हिसाब से लगभग 2000 हे. क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन बाबा रामदेव की कंपनी से कराया गया है जिसका लाभ जिले के किसानों को होगा। डीएम ने बताया कि हल्दी का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की जा रही है। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने बताया कि उपरोक्त गठित कराये गये एफपीओ में 1880 पुरुष किसान तथा 976 महिला किसानों द्वारा समूह में हल्दी उत्पादन से जुड़े हुए है। इसी प्रकार यहां की भूमि में 150 हे. में जिमीकन्द की योती की जा रही है जिसमें 30-35 टन प्रति हे. कुल 5250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है जिसकी स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में मांग अधिक है। इसी प्रकार लगभग 600 हे. से अधिक क्षेत्रफल में हरी सब्जियों की खेती हो रही है।

इस एमओयू के माध्यम से जिले की हल्दी के विपणन का रास्ता खुल गया है। इससे जिले के और किसान जुड़कर अपनी आय वृद्धि कर सकेंगे। हरिद्वार में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान बाबा रामदेव जी व आचार्य बालकृष्ण जी ने डीएम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आकांक्षी जनपद बहराइच के एफपीओ से जुड़े किसानों को उनकी कम्पनी द्वारा आवश्यकतानुसार हरिद्वार अथवा जनपद बहराइच में प्रशिक्षण तथा उपयोग होने वाले कृषि यन्त्र भी उपलब्ध कराये जायेंगे। डीएम ने पतंजलि जैसी कम्पनी के साथ एमओयू होने पर बाबा रामदेव जी व आचार्य बालकृष्ण जी का आभार ज्ञापित किया।

# जनप्रतिनिधियों के सहयोग से क्षय रोग उन्मूलन अभियान को सफल बनाया जायेगा : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**एक सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान को लेकर डीएम ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ की बैठक**

अमेठी । राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा सात दिसम्बर से चौबीस मार्च तक चलाये गये एक सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान को जनपद में सफल बनाने के लिये जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में टीबी मरीजों को खोजने, उनके समुचित इलाज तथा जन जागरूकता को लेकर विस्तृत चर्चा किया।बैठक में गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद अमेठी में एक सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत अस्सी हजार से अधिक संवेदनशील व्यक्तियों की जांच की गई और एक हजार संदिग्ध व्यक्तियों के एक्सरे किये गये और तीन सौ का नाट परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि एक सौ पचासी से अधिक मरीजों का इलाज शुरू किया गया है निदान किये गये मरीजों को बहत्तर निक्षय पोषण किट वितरित की गई हैं।आशा द्वारा घर घर जाकर सत्तर वर्ष से ऊपर आयु वाले व्यक्तियों को मोबलाइज किया जा रहा है।एक सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निक्षय शिविर का आयोजन कर टीबी मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को खोजना है इसके लिये आशाओं द्वारा घर घर जाकर सत्तर वर्ष से ऊपर आयु के व्यक्तियों को चिन्हित करने के साथ ही गांव में प्रचार प्रचार भी किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस अभियान में आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है आप लोग भी जब क्षेत्र में निकले तो इस अभियान का जन सामान्य के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार करें जो लोग टीबी से ग्रसित हैं उन्हें नियमित दवाई खाने के लिए प्रेरित करें हम सभी लोगों को मिलकर इसे एक मुहिम की तरह लेकर आगे बढ़ना है तभी हमारा जनपद, प्रदेश व देश टीबी मुक्त बन पायेगा।

# गौरव श्रीवास्तव सिंहपुर तो पंकज अवस्थी तिलोई के मण्डल अध्यक्ष बनाये गये

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**भाजपा नेताओं ने मण्डल अध्यक्षों को अंगवस्त भेंटकर फूल मालाओं से किया स्वागत**

अमेठी । भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिंहपुर मण्डल का अध्यक्ष टेढ़ई के ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव और तिलोई का मण्डल अध्यक्ष पंकज अवस्थी तथा राजा फत्तेपुर का मण्डल अध्यक्ष सत्य नारायण सिंह को बनाया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय भाजपा नेताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपाइयों ने नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्षों का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी है। क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी में भाजपा नेता भवानी दत्त दीक्षित और अनिल पाण्डेय ने सिंहपुर के मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव व तिलोई के मण्डल अध्यक्ष पंकज अवस्थी का फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट करते हुये बधाई दी है।सिंहपुर के नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने पार्टी संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ निर्वहन कर पार्टी को मज़बूत बनाने के लिये कार्य करुंगा। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों का पूरा सहयोग भाजपा पार्टी को मज़बूत करने में किया जायेगा और कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिये सदैव संकल्पित रहूंगा। इस मौके पर काली बख्श सिंह,राहुल पाठक,कुलदीप मिश्रा, सुनील पासी,गयानाथ सिंह, विपिन सिंह,दीपू मिश्रा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालय में आयोजित हुई अभिभावक व अध्यापक विशेष मीटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अवकाश में विद्यार्थियों को घर पर निरंतर पढ़ाने हेतु किया गया प्रेरित उन्होंने मोबाइल फोन पर रीड अलांग एवं दीक्षा एप के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई कराई जाने पर दिया गया जोर**

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में अभिभावक अध्यापक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित करने के साथ-साथ अभिभावकों को अर्धवार्षिक परीक्षा में उनके पाल्यों के प्रदर्शन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। अर्धवार्षिक परीक्षा में विद्यार्थी के प्राप्तांकों को उनके अभिभावकों व संरक्षकों के साथ साझा किया गया। साथ ही उनके अधिगम स्तर तथा सुधार के क्षेत्रों के विषय में भी व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ द्वारा अभिभावकों व संरक्षकों को अपने-अपने पाल्यों को घर में भी पढ़ाई कराने का अनुरोध किया। प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने शीतकालीन अवकाश के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रदान किए गए गृहकार्य के संबंध में जानकारी देते हुए अवकाश में विद्यार्थियों को घर पर निरंतर पढ़ाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने मोबाइल फोन पर रीड अलांग एवं दीक्षा एप के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई कराई जाने का अनुरोध किया जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की। बैठक में विद्यालय एवं विद्यार्थियों से जुड़े अन्य विभिन्न बिंदुओं पर भी व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया तथा विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक परिवेश के उन्नयन के लिए मिलजुल कर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर वीर बाल दिवस के अंतर्गत आयोजित की गई कला, कहानी एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिनमें चित्रा देवी, रजनी, रितु, पल्लव मौर्य, राजन, जसोदा, सुनाक्षी, ऋषभ, कृष्णा, साधना देवी, झलक वर्मा, दीक्षा, आयुषी, गुंजन, आस्था शर्मा, सोनाक्षी देवी, रिंकी वर्मा, प्रांशी, दीपमाला, वैष्णवी, अंजली देवी और मीनाक्षी वर्मा सम्मिलित रहीं।

साथ ही दिसंबर माह में सर्वाधिक उपस्थित वाले छात्र-छात्राओं निर्मला, शकुंतला, सोनाक्षी देवी, हेमलता, आर्यन कुमार मौर्य, चित्रा देवी, झलक वर्मा, पल्लवी, साधना, प्रिंस, अतुल कुमार, अमन कुमार सागर, दीपक, कौशल राज, पल्लव, साधना देवी, अंजली, दीपमाला,खुशबू और सुरेंद्र वर्मा को पुरस्कार देखकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर ममता देवी, प्रगति धामी और प्राज्ञी अग्रवाल उपस्थित रहीं हैं।

# संयुक्त सेवा समिति आंदोलन के लिए मजबूर, ज्ञापन यात्रा निकाल सौंपा ज्ञापन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। संयुक्त सेवा समिति के तत्वाधान व गोमती मित्र मंडल समिति के नेतृत्व में जनपद की तमाम सामाजिक संगठनों ने गोमती की दुर्दशा से व्यथित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जनपद के जिलाधिकारी को सौंपा। सीता कुंड धाम से निकली ज्ञापन यात्रा गोमती स्वच्छता के नारों के जय घोष के साथ मुख्य मार्गों से होती हुई जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उप जिलाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपते हुए पांच पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कीं। संयुक्त सेवा समिति के संयोजक ने कहा कि अब सब्र का बांध फूट रहा है, कागजों के अलावा धरातल पर कुछ भी नहीं हो रहा, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि 15 दिनों में शासन या प्रशासन की ओर से कुछ ठोस कार्य नहीं दिखता तो धरना-प्रदर्शन, अनशन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सामाजिक संगठनों में मुख्य रूप से अखिल विश्व गायत्री परिवार, अंकुरण फाउंडेशन, रोटरी क्लब, आजाद सेवा समिति, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ, घर सुल्तानपुर फाउंडेशन, एम.आर.एसोसिएशन, आई.एम.ए, अपराध निरोधक समिति, काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच, यूनिक फाउंडेशन, कुशभवनपुर उत्थान समिति, विश्व हिंदू महासंघ, किराना व्यापार मंडल, स्पेशल युवा एंटी करप्शन समिति आदि की उपस्थिति रही। रुद्र प्रताप सिंह मदन, अशोक सिंह, राकेश सिंह, शिवाकांत पांडे, डा.अंकुर सेठ, अमर बहादुर सिंह, नीरव पांडे, राजेश महेश्वरी आदि ने ज्ञापन यात्रा का नेतृत्व किया।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना कमरौली पुलिस ने बनियान ट्री स्कूल के पास से एक अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उप निरीक्षक रामनाथ बौद्ध मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नन्द कुमार उर्फ नन्द पुत्र राम स्वरुप निवासी सराय आलम मजरे नियावा थाना कमरौली को बनियान ट्री स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुये। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमिनेष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## इन्हौना पुलिस ने दो तस्करों के कब्जे से बरामद की पचास लाख की स्मैक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना इन्हौना पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ शिकंजा कसते हुये दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से एक बाइक के साथ पांच सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई है जिसकी अनुमानित कीमत पचास लाख रुपया बताई जाती है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को उप निरीक्षक सलाहुददीन अंसारी मय हमराही इन्हौना सुबेहा मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान सुबेहा की तरफ से एक अपाचे मोटरसाइकिल पर दो व्यक्तियों के संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हे रोककर पूंछतांछ की गई।मोटर साइकिल के कागजात दिखाने को कहा गया तो कागजात नही दिखा सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में व्यक्तियों ने अपना नाम मोहम्मद वकील पुत्र स्वर्गीयडी शरीफ निवासी ग्राम मोहल्ला वार्ड कुरैशी थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी व शमशीर आलम पुत्र स्वर्गीय कबीर अहमद निवासी ग्राम सलामतगढ़ मजरे सरेसर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी बताया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में मोहम्मद वकील के कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक एवं शमशीर आलम के कब्जे से दो सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि मैने यह स्मैक बाराबंकी से खरीदा है जिसे हम दोनो लोग चोरी छिपे बेचते है। उन्होंने बताया कि इन दोनों तस्करों को इन्हौना सुबेहा मार्ग रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई स्मैक की कीमत पचास लाख रुपया है और दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और बाइक को सीजकर दिया गया है।

## लिटिल एंजेल्स स्कूल में हुआ छात्र परिषद का हुआ गठन सौंपी गई जम्मेदारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । लिटिल एंजेल्स स्कूल में छात्र परिषद का गठन किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं को उनके दायित्व सौंप गए।नई छात्र परिषद कार्यकारिणी में चिराग हेड बॉय, वंशिका गुप्ता हेड गर्ल, शौर्य अग्रवाल डिप्टी हेड बॉय, अदिति गंगवार डिप्टी हेड गर्ल, गर्वित गंगवार स्पोर्ट्स कैप्टन, राशि चंद्रा स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन, श्रैयसी वर्मा एकेडमिक कैप्टन , जान्हवी सिंह एक्टिविटी कैप्टन , तनिष्का सक्सेना एडिटर बनाए गए । इसके अतिरिक्त चारों हाउस के कैप्टन ,वाइस कैप्टन एवं प्रीफ़ेक्ट्स भी बनाए गए , जिसमें पैनंबरा हाउस से लावन्या वैश कैप्टन, हर्षित कौशिक वाइस कैप्टन ,कवनगुन चावला, शुभ भागवानी, आयरा तनवीर प्रीफ़ेक्ट बनाए गए । नगरिटा हाउस से अरीबा नावेद कैप्टन, मेघा अग्रवाल वाइस कैप्टन, नंदिनी जोशी, अंशिका गंगवार, मिशीका कपूर प्रीफ़ेक्ट बनाए गए । वेलिटा हाउस से सौन्दर्या श्रवन कैप्टन, माही चंद्रा वाइस कैप्टन, अमीना फारुकी, तुशिता गंगवार, तनवी चंद्रा प्रीफ़ेक्ट बनाए गए । मरीना हाउस से सारा दीक्षित कैप्टन कनिष्का देव वाइस कैप्टन, गरिमा, आकृति मिश्रा, अस्मिता सिंह प्रीफ़ेक्ट बनाए गए । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल,उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना एवं कोऑर्डिनेटर नीना मल्होत्रा के स्वागत के साथ हुआ पुराने छात्र कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा की गई मार्च पास्ट की सलामी विद्यालय प्रबंधक द्वारा ली गई, तत्पश्चात उन्होंने नई कार्यकारिणी के सदस्यों के नामों की घोषणा की, सभी सदस्यों ने ईमानदारी, कर्तव्य परायणता एवं पूर्ण सक्षमता के साथ कार्य करने की शपथ ली, इसके पश्चात नव नियुक्त हेड बॉय एवं हेड गर्ल द्वारा जलती मशाल लेकर ग्राउंड का एक चक्कर लगाया गया, इसके बाद नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मार्च पास की गई जिसकी सलामी प्रधानाचार्य द्वारा ली गई कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बैंड द्वारा मार्च पास कराया गया । कार्यक्रम के दौरान उद्घोषणा का कार्य शालिनी अग्रवाल द्वारा किया गया, सफल संचालन में मसूद हसन, राजेश कुमार, वीना कुमारी, प्रदीप राघव, कांड्रैड जूलियन सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का सहयोग रहा हैं।

## परिषदीय विद्यालय में एसडीएम और नायब तहसीलदार ने वितरण की कीटें

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के द्वारा अध्यक्ष व जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह पीलीभीत के दिशा निर्देशन में सरकारी विद्यालय में कार्यरत रसोइयों को हाइजीन किट प्रदान करी गई।संस्था के अवेतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर में उप जिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह एवम नायब तहसील दार ऋषि कांत दीक्षित के द्वारा चार विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को हाइजीन किट प्रदान करी गई एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी भी प्रदान करी गई समिति के अवैतनिक जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया एवं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाचार्य बृजेश शुक्ला ने टीवी के बारे में भी जानकारी प्रदान करें एवं टीवी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भी कहा इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य बृजेश शुक्ला एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

## जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों का किया मौका मुआयना एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । डीएम संजय कुमार सिंह ने आज सदर तहसील क्षेत्र के शिकायतकर्ता रामेश्वर दयाल पुत्र लीलाधर, ग्राम वालपुर पट्टी एहतमाली एवं शिकायतकर्ता हरविन्दर कुमार पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम खरूआ की आईजीआरएस की शिकायत का मौका मुआयना व भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता रामेश्वर दयाल द्वारा ग्राम वालपुर पट्टी एहतमाली में प्रार्थी को खेत पर जाने हेतु चकरोड दिलवाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्ध में शिकायत की। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने तहसीलदार के साथ मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें ग्राम वालपुर पट्टी एहतमाली परगना जहानाबाद में स्थित गाटा संख्या 74 रकवा 0.036 हे0 श्रेणी 6–2 चकमार्ग के रूप में दर्ज अभिलेख है। उन्होंने अवगत कराया गया कि चकमार्ग को दिनांक 02.12.2024 को शिकायतकर्ता व पड़ोसी कृषकों की उपस्थिति में पैमाइश उपरान्त चिन्हित कर तूदे लगवा दिये गये तथा शिकायतकर्ता की उपस्थिति में में टैक्ट्रर से जुतवाकर मेड डलवाकर चकमार्ग खाली करा दिया गया है।

# भिखारीपुर के ग्रामीणों ने सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख को मांग पत्र सौंपा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,विकास क्षेत्र में तीन गांवो को जोड़ने वाले कच्चे मार्ग से होने वाली परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को ब्लाक प्रमुख सिंहपुर से मिलकर खंडजा निर्माण के लिये मांग पत्र सौंपा है। जिसपर ब्लाक प्रमुख ने जल्द ही समस्या से निजाद दिलाये जाने का आश्वासन दिया है।सोमवार को पन्हौना गांव निवासी प्रभात द्विवेदी की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीण सिंहपुर ब्लॉक पहुंच गये और सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी से मुलाक़ात कर मांग पत्र सौंपा है।ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम पंचायत पन्हौना से भिखारीपुर व पूरे पासी तीन गांवो को जोड़ने वाला मार्ग कच्चा है।इस कच्चे मार्ग से लगभग दो हजार की आबादी का आना जाना है वहीं स्कूली बच्चे भी आते जाते हैं। बारिश होने पर यह कच्चा मार्ग दलदल में बदल जाता है जिससे फिसलन रहती है और लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जिसपर ग्रामीणों ने खड़ंजा निर्माण किये जाने की मांग की है। वहीं मौजूद लोगों की समस्या को देखते हुये ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने समस्या से जल्द निजात दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है।इस मौके पर देवी प्रकाश बाजपेई,राम नरेश, सोनू बाजपेयी, सदाशिव तिवारी, श्यामराज शर्मा, द्वारिका तिवारी,धर्मेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# राजस्व अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। इन दिनों जिले में अवैध कब्जा और अतिक्रमण आम बात हो चुकी है हालात इस कदर हो चुके है कि राजस्व अमला खुद ही सरकारी जमीनों को छिन्नभिन्न करने पर लगा हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी मीटिंग में अधिकारियों को सख्त आदेश जारी कर रहे हैं कि किसी भी अवैध कब्जेदार को बक्सा न जाए परन्तु जिला प्रशासन के कुछ अधिकारी इस आदेश को झूठा साबित करने में जुटे हैं। ताजा मामला सदर तहसील के भंडरा परसरामपुर गांव सभा से जुड़ा है जहां सरकारी कर्मचारी के भेष में भू माफिया आत्माराम मिश्रा ने सरकारी सार्वजनिक भूमि खलिहान नवीन परती सड़क चकमर्ग आदि पर अतिक्रमण करके अवैध निर्माण कर लिया और सरकारी एजेंसियां देखती रह गई आत्माराम मिश्रा सारे नियम कानून को ताक पर रखकर अवैध कब्जा और निर्माण करता रहा अधिकारी कागजी घोड़े दौड़ाने में व्यस्त रहे। सरकारी बाबुओं के कागजी घोड़ों को आत्माराम मिश्रा हवा में उड़ा दिया आत्माराम मिश्रा के खिलाफ आवाजें उठती रही लेकिन उसके अवैध कब्जे और अवैध निर्माण की रफ्तार नहीं रुकी जो जैसे माना आत्माराम मिश्रा उसे वैसे मनाते रहे साम दाम दंड भेद सब अपनाया। पिछली सरकारों में जब सिस्टम के लोग ही जमीन कब्जाने में आत्माराम के साथ जुटे थे तो किसी का कब्जा हटवाने की बात सोचना ही गुनाह था अब जब महंत योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो लोगों में एक उम्मीद भी जागी योगी आदित्यनाथ ने एंटी भू माफिया टास्क फोर्स गठित कर इस उम्मीद को परवाज भी दिया लेकिन उन्हीं के राज में कानून गो कुड़वार शिव प्रसाद और लेखपाल वाहिद अहमद मिल कर योगी आदित्यनाथ की मंशा पर पानी फ़ेर रहे हैं। पिछले बीस वर्षों से आत्माराम मिश्रा सरकारी भूमि गाटा संख्या 1361 नवीन परती भूमि को अपनी पत्नी के नाम दर्ज गाटा में मिला कर कंटीले तार से घेर कर कब्जा कर लिया गया। कई बार शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय और प्रमुख सचिव राजस्व विभाग से हुईं हर बार अधिकारी आत्माराम मिश्रा को बचाते रहे। अंत में जब राजस्व कर्मियों पर गाज गिरी तो बेदखली का वाद दायर किया गया लेकिन आत्माराम मिश्रा द्वारा सरकारी भूमि पर खेती करता रहा पिछले दिनों 25 दिसंबर 2024 को राजस्व टीम गठित हुई और मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक कुड़वार शिव प्रसाद और लेखपाल वाहिद अहमद द्वारा जांच में फिर आत्माराम मिश्रा का अवैध कब्जा पाया गया मौके पर गेहूं की फसल और कंटीले तार से घेर कर कब्जा पाया गया। यही से लेखपाल वाहिद अहमद और कानून गो कुड़वार शिव प्रसाद द्वारा पूरे मामले मे सौदे बाजी का खेल शुरू हो गया। जमीनी आंकड़ों की बाजीगरी में माहिर राजस्व निरीक्षक कुड़वार ने अपने अधिकारियों को गुमराह करते हुए सरकारी भूमि पर पुनः हुए कब्जे की बात को छुपाते रहे। मामला जब तहसीलदार सदर हृदय राम तिवारी के जानकारी में आया तो उन्होंने पूरे मामले में लेखपाल की रिपोर्ट पर राजस्व निरीक्षक कुड़वार शिवप्रसाद से स्थानीय थाना पर तहरीर देने की बात कही राजस्व निरीक्षक कुड़वार शिव प्रसाद द्वारा अपने अधिकारियों के निर्देश को भी नजरअंदर कर दिया गया।

# डीएम ने जिला अस्पताल के साथ रैन बसेरा और कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जिलाधिकारी ने जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को कम्बल वितरित किया**

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने शीतलहर एवं कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन गौरीगंज व अमेठी, बस स्टेशन अमेठी, जिला अस्पताल, रैन बसेरा, वृद्धाश्रम, कान्हा गौशाला अमेठी का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जिला अस्पताल व रैन बसेरा में अलाव का निरीक्षण किया गया एवं वहां पर उपस्थित जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को कंबल वितरित किया गया। आज अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गौरीगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके उपरांत संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में पहुंचकर भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल जाना एवं अस्पताल की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाएं, चिकित्सकों द्वारा भ्रमण का समय जाना तथा भर्ती मरीजों के परिजनों से भी वार्ता कर उनका हाल-चाल लिया तथा उन्हें कंबल वितरित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर में बने रैन बसेरे का निरीक्षण किया यहां पर अलाव जलता हुआ पाया गया जिलाधिकारी ने रैन बसेरे के सभी कमरों में समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा साफ सफाई रखने को कहा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन अमेठी का निरीक्षण किया यहां पर भी अलाव जलता पाया गया तथा वहां पर मौजूद जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया। इसके उपरांत उन्होंने बस स्टेशन का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने बसों के संचालन के संबंध में जानकारी ली तथा बस स्टेशन पर उपस्थित लोगों से उनका हाल-चाल जाना एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अस्थाई रैन बसेरा नगर पंचायत अमेठी का निरीक्षण किया यहां पर दूसरे जनपद से आए हुए परीक्षार्थी ठहरे थे उनसे बात कर हाल-चाल जाना और उन्हें रैन बसेरे में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला अमेठी का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में गोवंशों के बैठने हेतु बिछावन के लिए पराली डलवाई जाए, ठंड के दृष्टिगत सभी गोवंशों को काऊ कोट पहनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित केयरटेकर को कंबल वितरित किया। गौशाला में जिलाधिकारी ने गोवंशों हेतु भूसा, पशु आहार की उपलब्धता को देखा एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गौरीगंज में वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना एवं उनके रहने, खाने-पीने, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली एवं उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में भी पूछा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सत्ता, लोभ और सिद्धांतहीनता राजनैतिक अस्थिरता के बड़े कारण

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे ,पत्नी ,बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं। राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है। राजनेताओं से अपेक्षा होती है कि वह समाज के प्रति प्रतिबद्ध होकर काम करें किंतु अनैतिक राजनीति इस प्रतिबद्धता में एक बड़ी बाधा है, और इसके साथ ही राजनेता अनैतिक प्रथाओं का समावेश कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने मैं कतई गुरेज नहीं करते हैं। इतना ही नहीं राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की भाषा भी निम्न स्तर तथा अनैतिक होते जा रही है, और यही कारण है कि राजनीति में अयोग्य लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। विडंबना यह है कि भारत में प्रत्येक पेशेवर व्यक्ति के लिए कार्य करने के लिए योग्यता निर्धारित की गई है, किंतु जनता पर शासन करने वाले जनप्रतिनिधियों की कोई भी योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।

# नए वर्ष में भारत के विकास की असीम संभावनाएं

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफ़ा देने वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के ख़ानपान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े-लिखे बढ़िया अंग्रेज़ी जानने बोलने वाले विद्यमान है, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। 2025 तक भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। अब मेक इन इंडिया की बात। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्नों पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है। यह अबतक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है, जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बाँधो और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से 30-35 प्रतिशत भूमि ही सिंचित कर पाए हैं। प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए बरसात पर निर्भर पारंपरिक अन्नों, दलहन और तिलहन की खेती करने वाले छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों की चिंता हमने की ही कहाँ? अब आशा करनी चाहिए कि सतत अनुसंधानों और पारंपरिक फसलों के उत्पादन पर सरकार का ध्यान जाने से किसानों को लाभ होगा। साथ ही मिलेट्स का निर्यात बढ़ेगा और उपभोक्ताओ के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा । 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है। शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। ऑनलाइन शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ और किफायती होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है। -डॉ. आर.के. सिन्हा

# साइबर ठगी, यूजीसी और हैंडबुक

**प्रेम शर्मा**

इंटरनेट की दुनिया मे साइबर अपराध समाज के लिए कोढ़ बनता जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए यूजीसी की हैंडबुक कितनी कारगर साबित होगी यह तो कहा नही जा सकता लेकिन हेड बुक की हिदायतों और जानकारियों को अमल में लाया जाएगा तो काफी हद तक साइबर ठगों से बचा जा सकता है। बहुत ही साधारण तरीके से उक्त हैंडबुक में साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी गई है। देश में बढ़ते साइबर खतरों के खिलाफ यूजीसी, यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शुरू किये गये अभियान के महत्व को समझा जा सकता है। इसके तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों, छात्रों और दूसरे कर्मचारियों को शामिल किया गया है, साथ ही, साइबर खतरों से बचने के लिए उनके लिए एक हैंडबुक भी तैयार की गयी है। इस 126 पन्नों की हैंडबुक में साइबर हमलों से बचने के लिए क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में विस्तार से समझाया गया है। जैसे, इंटरनेट के इस्तेमाल के दौरान किसी भी ऐप या वेबसाइट पर भरोसा न करना, मोबाइल या लैपटॉप का इस्तेमाल करते समय उसमें एंटी वायरस रखना, कोई भी ऐप या सॉफ्टवेयर अधिकृत स्टोर से जांच-परख के बाद ही खरीदना, अलग-अलग इंटरनेट अकाउंट के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखना, और उन्हें बदलते रहना आदि। यही नही इसमें अपने व्यक्तिगत विवरण और वित्तीय लेन-देन के पिन को सोशल मीडिया या व्हाट्सऐप पर साझा न करने, स्पैम ई-मेल या मित्रता के संदिग्ध अनुरोधों पर प्रतिक्रिया न देने और गुमनाम स्रोतों से आये संदेशों पर क्लिक न करने की सलाह दी गयी है। हैंडबुक में दर्ज कुछ महत्वपूर्ण उपायों की चर्चा करे तो इसमें मुख्य रूप से सलाह दी गई है कि यूपीआई से भुगतान में कभी भी अपना पिन साझा न करें। भुगतान से पहले प्राप्तकर्ता की पहचान सत्यापित करें।नेट बैंकिंग फ्रॉड से बचने के लिए अंजान लिंक्स पर क्लिक न करें। बैंकिंग लेनदेन के लिए सार्वजनिक वाई फाई का प्रयोग न करें। ऐसी ऑनलाइन योजनाओं में निवेश न करें जो असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करती हों। सोशल मीडिया पर अज्ञात लोगों की मित्रता उनके सत्यापन के बिना न करें। डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए धमकी भरे काल या ईमेल से न घबराएं और प्रतिक्रिया न दें। सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के लिए जटिल और यूनिक पासवर्ड का प्रयोग करें। गेमिंग एप फ्रॉड से बचने के लिए केवल आधिकारिक एप स्टोर्स से ही गेम और एप्स डाउनलोड करें।डेटिंग एप पर सतर्क रहें और पासवर्ड या निजी तस्वीरें साझा न करें। इस हैंडबुक में साइबर सुरक्षा से जुड़े कानूनी पक्ष, देश में साइबर अपराध से जुड़े कानून और सजा के बारे में तो बताया ही गया है। साइबर हमले की स्थिति में संबंधित प्राधिकरण से शिकायत करने के लिए भी कहा गया है। दरअसल, साइबर हमलों का शिकार होने वालों में बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा से जुड़े छात्र-छात्राएं हैं, क्योंकि वे अपनी दैनंदिन गतिविधियों में एंड्रॉयड मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप का अधिक इस्तेमाल करते हैं। चूंकि यह पीढ़ी साइबर मामलों में तुलनात्मक रूप से ज्यादा कुशल भी होती है। इसलिए विश्वविद्यालय परिसर में मिलने वाली जानकारियों को वे अपने परिजनों और परिचितों में साझा भी कर सकते हैं। हैंडबुक में यह भी जानकारी दी गई है कि बाहर जाते समय ऑनलाइन पोस्ट शेयर करने से बचें, ताकि किसी को आपके बाहर होने की खबर न लगे। डार्क वेव के प्रति सजग रहें, बच्चे अगर ऑनलाइन पढ़ाई या गेम खेलते हैं पर निगरानी भी जरूरी है। अपने बायोमैट्रिक डेटा और आधार को कभी किसी को न बताएं और उसे डिजिटली लॉक रखें, दो चरण का लॉक लगाएं। वाइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल वाइप के जरिये अपने अपने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर हमें सुरक्षा प्रोटोकॉल रखें। किसी सार्वजनिक पावर चार्जिंग स्टेशन पर कभी मोबाइल चार्ज न करें, वहां हमेशा हैकिंग का खतरा बना रहता है।बैंक की ओर से खाते को लेकर कभी कोई डिटेल नहीं मांगी जाती है, आप जानकारी न दें। एटीएम पिन का पासवर्ड, ओटीपी समेत अन्य जानकारी भी किसी से शेयर न करें। इंटरनेट पर किसी भी संदिग्ध लगने वाले लिक को क्लिक न करें। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान प्रचलित मोबाइल एप का ही प्रयोग करें। एटीएम केबिन में कार्ड प्रयोग करते समय सतर्क रहें और मदद न लें। एटीएम में स्कैनर लगा शातिर लोगों की डिटेल चुरा लेते हैं।

## सेहत मंत्र

# घर पर अगर नियमित करेंगे व्यायाम तो आजीवन रहेंगे फिट

आमतौर पर लोगों के मन में यह धारणा है कि फिट रहने के लिए जिम जाना जरूरी है। यह सच है कि एक्सरसाइज व्यक्ति को फिट और हेल्दी बनाती है लेकिन एक्सरसाइज करने के लिए जिम ही जाया जाए, यह आवश्यक नहीं है। अगर आप चाहें तो घर पर भी कुछ बेहतरीन एक्सरसाइज के जरिए खुद को फिट रख सकते हैं। इससे आप अपना समय व पैसा दोनों बचा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ बेहतरीन एक्सरसाइज के बारे में? स्ट्रेचिंग से हो शुरूआत- व्यायाम की शुरूआत करते समय करीबन पांच मिनट वार्मअप में अवश्य दें। इससे बॉडी वर्कआउट के लिए तैयार होती है। चाहे घर पर हों या जिम में, कभी भी सीधे ही इंट्रेस वर्कआउट करना शुरू न करें। अगर आप घर पर हैं तो स्ट्रेचिंग को बतौर वार्मअप किया जा सकता है। इससे मसल्स स्ट्रेच होती है और व्यायाम करते समय चोट लगने की संभावना न के बराबर हो जाती है। स्ट्रेचिंग के लिए सीधे खड़े हो जाएं। इस दौरान कमर, गर्दन सहित शरीर के अन्य अंगों को भी सीधा रखें। इसके बाद हाथ को सिर के ऊपर करें और सांस लेते हुए धीरे धीरे पूरे शरीर को खींचें। यह अभ्यास करते समय खिंचाव पैर की अंगुली से लेकर हाथ की अंगुलियों तक महसूस होगा। इस अवस्था में कुछ समय के लिए होल्ड करें। फिर सांस छोड़ते हुए धीरे धीरे अपने हाथ एवं शरीर को पहली अवस्था में लेकर आयें। बढ़ाएं वर्कआउट- वार्मअप करने के बाद बारी आती है वर्कआउट की। अगर आपके पास समय कम है और आप कम समय में भी एक बेहतरीन वर्कआउट करना चाहते हैं तो बेहतर होगा कि स्पीड वर्कआउट करें। इसके लिए रोप स्किपिंग, रनिंग या जंपिंग आदि करना अच्छा रहेगा। इन एक्सरसाइज का लाभ यह है कि इनको करने के बाद आपको शरीर के विभिन्न अंगों का अलग से व्यायाम नहीं करना पड़ता। यह पूरी बॉडी का वर्कआउट करती हैं। साथ ही इस तरह की एक्सरसाइज कैलोरी बर्न करने के लिहाज से भी काफी अच्छी मानी जाती हैं।

## धर्म मंत्र

# भगवान राम को घर-घर पहुंचाने वाले तुलसीदास अपने घर में उपेक्षित

विश्व भर में भगवान राम को घरों में पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास अपने घर चित्रकूट में ही उपेक्षित है। उनका जन्म संवत 1554 में सावन मास की सप्तमी को चित्रकूट राजापुर में हुआ था। जन्म के समय रामनाम का उच्चारण करने की वजह से उनका नाम रामबोला पड़ गया था। आत्माराम दुबे और हुलसी की इस संतान का बचपन काफी अभाव में बीता लेकिन पत्नी रत्नावली के अगाध प्रेम ने जीवनधारा ही बदल दी। रामबोला बाबा नरसिंहदास के सानिध्य में आने के बाद तुलसीदास के रूप में हीरा बनकर चमके। बाबा उन्हें अयोध्या ले गए और उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराया। तुलसीदास ने इसके बाद देश के विभिन्न तीर्थो में घूम कर रामचरित मानस को लिखा। उनकी हस्तलिखित रामचरित मानस का अयोध्या कांड आज भी राजापुर के मानस मंदिर में रखा है। बाबा की इस धरोहर की रक्षा उनके शिष्य वंशज मानस मंदिर के महंत रामाश्रय त्रिपाठी कर रहे हैं। उनके मुताबिक आज लोग बाबा की जन्म स्थली को लेकर विवाद करने लगे हैं लेकिन गोस्वामी तुलसीदास का जन्म राजापुर में हुआ था इसका सबसे बड़ा प्रमाण हस्तलिखित रामचरित मानस है। साथ ही उन्होंने यहां पर संकट मोचन मंदिर स्थापित किया था। जहां बाबा प्रतिदिन पूजा करने जाते थे। एक बार तुलसीदास जी हनुमान जी को ढूंढते हुए उनके पास पहुंच गए और कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करवा दें। हनुमानजी के आश्र्वासन के बाद बाबा तुलसी जब रामघाट पर लोगों को चंदन लगा रहे थे तभी बालक के रूप में भगवान राम इनके पास आए और कहने लगे कि बाबा हमें चंदन नहीं दोगे।

## पर्यटन



# एक सींग वाले गैंडे देखने हैं तो काजीरंगा नेशनल पार्क आइए

वाइल्ड लाइफ देखने वालों के लिए भारत में कई सारे नेशनल पार्क हैं जहां जाया जा सकता हैं। लेकिन कहते हैं हर जंगल के जानवरों की अपनी अलग पहचान होती हैं। भारत के सभी नेशनल पार्कों में से एक है असम का काजीरंगा नेशनल पार्क, जो 36 वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में से एक है। काजीरंगा नेशनल पार्क में आपको एक सींग वाले गैंडे देखने को मिलेंगे। यहां एक सींग वाले गैंडों की संख्या भी ज्यादा है इसलिए काजीरंगा नेशनल पार्क पूरी दुनिया में मशहूर है। ये असम का सबसे पुराना दर्शनीय स्थल है, यह असम के नौगाँव जिले में स्थित है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडे के अलावा यहां हाथियों के समूह, जंगली बिल्ली, सियार, हिरण, सांभर, लंगूर, तेंदुआ एवं विभिन्न प्रकार के जानवर देख सकते हैं। अन्य पार्कों में मानस नामेटी नैशनल पार्क, ऑरेंज नेशनल पार्क भी पर्यटक देख सकते हैं। काजीरंगा यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थलों की सूची में इसका प्रमुख स्थान है। इसके अलावा यहां बाघ और अन्य जीव भी खूब पाए जाते हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क, असम के बीचों-बीच नौगाँव में 430 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के अंदर बना हुआ है और इसके अंदर ही एक सींग वाले गैंडे की कई प्रजातिया हैं जैसे राइनोसेरोस, यूनीकोर्निस। 1905 में बने इस नेशनल पार्क की सुंदरता सर्दियों के मौसम में और निखर आती है क्योंकि ये हरे-भरे जंगल और यहां के जानवर साथ ही असम का मौसम इस पार्क की खूबसूरती को और बढ़ा देता है। काजीरंगा की एक खास बात ये भी है कि यहां विभिन्न प्रजातियों के बाज, चीलें और तोते भी आते हैं। इस उद्यान का प्राकृतिक परिवेश वनों से युक्त है।

# नगर पालिका/ नगर पंचायतों में हो कूड़े का समुचित निस्तारण : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका नबावगंज व जिले की समस्त नगर पंचायतों में 15वां वित्त आयोग टाइड/अनटाइड ग्रांट योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि से कराये गये कार्यों की प्रगति एवं अन्य कार्यों के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद सहित सभी नगर पंचायतों में घर-घर नियमित कूड़े के उठान सहित समुचित निस्तारण भी किया जाए। डंपिंग यार्ड की जहाँ जरूरत हो उसे प्राथमिकता के साथ बनाया जाए। कस्बों में जल निकासी हेतु नालों के निर्माण/ मरम्मत आदि के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा टाइड/अनटाइड ग्रांट से ई-रिक्शा सहित अन्य जरूरी संसाधनों का क्रय भी नियमानुसार प्रस्ताव पारित करके किया जाए। नगर पंचायतों के तालाबों की नीलामी भी पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन प्रक्रिया के तहत नियमानुसार मत्स्य पालन आदि के लिये की जाए, इससे तालाबों की जलकुंभी आदि की समस्या का निदान भी हो जाएगा। शत्रु संपत्ति को चिन्हाकिंत करते हुए उसे अवैध कब्जे से मुक्त रखा जाए। साथ ही जिन नगर पंचायतों में सुलभ शौचालयों की कमी है वहाँ पर प्राथमिकता से इस कार्य को किया जाए। नगर पंचायतों में बने साप्ताहिक मार्केटों को भी साफ सुथरा रखा जाए। खेल मैदानों को खेलने योग्य साफ-सुथरा रखा जाए। जहाँ पर आवश्यकता है वहाँ पर नए आधार सेंटर बनाये जाएंगे। बैठक में एडीएम (न्यायिक) श्री इंद्रसेन, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, एसडीएम फतेहपुर राजेश कुमार विश्वकर्मा, अनुराग सिंह सहित नगर पालिका व समस्त नगर पंचायतों के ईओ, चेयरमैन/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टीवी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान, रणनीति बनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ली बाराबंकी। वर्ष 2025 तक देश से क्षय रोग टीबी मुक्त देश बनाने के लिए चल रहे अभियान के क्रम मे सोमवार को ब्लाक प्रमुख रईस आलम की अध्यक्षता मे ब्लाक सभागार मे ग्राम प्रधानों एव क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई ।बैठक मे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को प्रभावी बनाने की जानकारी दी गयी। साथ ही 31 दिसंबर से प्रधानमंत्री आवास आवास योजना की पात्रता सूची के होने वाले सर्वे की जानकारी दी गयी।

खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधानों एव क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि आप सभी लोग निक्षय मित्र की भूमिका निभाते हुए, अपनी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाएं तथा टीबी मरीजों को गोद लेकर, उन्हें सहयोग देने की अपील की खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से 2025 तक देश से क्षय रोग (टी0बी0) के समूल समाप्ति का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया जा रहा है।

खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि 31दिसंबर से प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे कार्य शुरु हो रहा है आप सभी लोग आवास सूची के चयन मे पात्रता नियम का ध्यान रखते हुए पात्र व्यक्तियों का चयन कर सूची मे नाम दर्ज करा दे जिससे नये वित्तीय वर्ष से आवास का लाभ दिलाया जा सके। सीएचसी अधीक्षक डा0 संजीव कुमार ने टीबी से जुड़े हुए 10 लक्षणों को बताते हुए कहा कि दो हफ्ते से अधिक खांसी, खून के साथ खांसी (हेमोप्टिसिस), सीने में दर्द, सांस फूलना, वजन का घटना, भूख न लगना , शाम के समय तेज बुखार आना, रात में पसीना आना, थकान, गर्दन में सूजन और अन्य संभावित टीबी के लक्षण है ऐसे मरीजों की पहचान कर अस्पताल तक पहुंचाने का सहयोग करे। बैठक की अध्यक्षता कर ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपील करते हुए कहा है कि कि ग्राम पंचायतों में, किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण पाये जाते हैं तो उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करते हुए शत-प्रतिशत टीबी कराने में सहयोग प्रदान करें उन्होंने कहा कि टीबी की आधुनिक और संपूर्ण जाँच-उपचार सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क है।

बैठक मे खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, बीपीसीएम अखिलेश पटेल, क्षय रोग नियंत्रण सुपवाइजर मनीष कुमार श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सहित ग्राम प्रधान एव क्षेत्र पंचायत सदस्य एव संबंधित पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। नेहरू युवा केंद्र बाराबंकी द्वारा ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मोहसंड ग्राम पंचायत के खेल मैदान में किया गया।मोहसंड ग्राम प्रधान मोहम्मद फैसल ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में परमेश्वर सिंह प्रथम, अभिषेक यादव द्वितीय, सुभाष चंद्र तृतीय रहे। साइकिल रेस में दिव्यांश यादव प्रथम, रोहित द्वितीय, रितेश तृतीय रहे। कुश्ती में आशुतोष प्रथम, लल्लन द्वितीय रहे। वॉलीबॉल में मोहसंड विजेता और टिकैतगंज उप विजेता रही। कबड्डी बालिका वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा ए टीम विजेता तथा बी टीम उपविजेता रही। बैडमिंटन बालिका वर्ग में सरिता प्रथम, भावना आनंद द्वितीय रही।विजेताओं और उप विजेताओं को थाना अध्यक्ष कुर्सी गजेंद्र प्रताप सिंह ने प्रमाण पत्र देकर,मैडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरजीत चौहान पूर्व एनवाईवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर तुलसीराम चौहान, मोहम्मद फुरकान, अश्वनी कुमार शर्मा एपीए नेहरू युवा केंद्र बाराबंकी उपस्थित रहे।

# बिजली कर्मियों ने काट डाले प्रतिबंधित हरे पेड़ आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। करीमपुर गांव में बिजली विभाग की करतूत से लोगों में काफी आक्रोश है। बजगहनी- खिझना मार्ग पर लगे प्रतिबंध हरे पेड़ों को बिजली विभाग के कर्मियों ने काट डाला। साथ ही दर्जनों पेड़ों को तोड़कर बर्बाद कर दिया। स्थानीय लोगों को मामले की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे और हरे पेड़ो को कटा देखकर दंग रह गए। मामले की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री से शिकायत की है।



मल्लावां विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत करीमपुर क्षेत्र में विद्युतीकरण के लिए खिझना-बजगहनी नए पोल लगाए जा रहे हैं।रविवार को विद्युत कर्मचारियों द्वारा विद्युत पोल लगाने के लिए सड़क किनारे लगे आम ,जामुन , खजूर सहति करीब आधा दर्जन से अधिक प्रतिबंधित पेड़ों का बिना आदेश लिए ही सफाया कर दिया गया।यही नही दर्जनों पेड़ो को तोड़ कर बर्बाद कर दिया। कर्मचारियों ने काटे गए पेड़ों की लकड़ियां भी गायब कर दी।जबकि उक्त पेड़ सड़क चौड़ीकरण में आने के चलते वन विभाग द्वारा पेड़ों की गिनती के साथ मार्किंग भी की गई थी। जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा और मामले की सूचना वन विभाग के उच्च अधिकारियों को दी।ग्रामीणों की सूचना पर टीम के साथ पहुंचे वन दरोगा सुभाष चंद्र ने काटे गए पेड़ों की जांच पड़ताल की तथा मौके से गायब की गई लकड़ियां भी बरामद की है।देवा वन रेंजर मयंक सिंह ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा खिझना - बजगहनी मार्ग पर करीब आधा दर्जन प्रतिबंध हरे पेड़ों काटे जाने की जानकारी मिली थी।मौके पर वन दरोगा सुभाष चंद्र को भेजा गया है।संबंधित के खिलाफ पेड़ काटने पर जुर्माना के साथ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# करौंदीकला के खण्ड शिक्षा अधिकारी हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करौंदीकला/सुल्तानपुर। बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के प्रति सदैव सजग प्रहरी के रुप में उत्कृष्ठ कार्य के प्रति तत्पर करौंदी कला के खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र को लखनऊ में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह की उपस्थित में सम्मानित किया गया। गत वर्ष जनपद मथुरा में खण्ड शिक्षा अधिकारी के रुप में विद्यालय को निपुण बनाने मे महत्त्वपूर्ण योगदान दिए थे।खण्ड शिक्षा अधिकारी को सम्मानित किए जाने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र मंत्री देवेश राणा प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राम शब्द पाठक मंत्री मिथिलेश यादव मीडिया प्रभारी के सी मिश्र अध्यक्ष अखिलेश सिंह मंत्री संजय यादव उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह मंत्री संदीप कुमार सिंह वरिष्ठ एआरपी विनय कुमार सिंह प्रधानाध्यापक आशुतोष उपाध्याय आशा वर्मा दयाशंकर सरोज संजय

### बीआरसी पर शिक्षक संगठनों ने किया जोरदार स्वागत

मिश्र श्यामप्रकाश मिश्र इन्द्र मणि मिश्र अनिल कुमार सिंह मनोज यादव राजेन्द्र चौधरी सहित संगठन के पदाधिकारियों ने बीआरसी करौंदीकला में माल्यार्पण अंग वस्त्र एवं प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट में कर गर्मजोशी से स्वागत किया।खण्ड के समस्त शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को बधाई दी एवं इसी प्रकार से विकास खण्ड के विद्यालय को निपुण तथा उत्कृष्ट बनाने में मार्गदर्शन एवं सहयोग की अपेक्षा की।खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र ने सभी संगठन प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सब के सहयोग से ब्लॉक करौंदी कला को भी जल्द ही निपुण ब्लॉक बना लिया जाएगा प्रथम चरण निपुण आकलन में ब्लॉक करौदीकला ने अच्छा प्रदर्शन किया है शासन की मंशा अनुरूप सारी योजनाओं को सुचारू रूप से लागू कराया जा रहा है।

# दीन दुखियों की सेवा ही भगवान की सेवा परमपूज्य : श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पूज्य श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी ने भगवान श्रीराम द्वारा अनुष भंग, परशुराम, लक्ष्मण संवाद एवं श्रीराम विवाह की रोचक प्रसंगों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि जब विश्वामित्र जी ने सम्पूर्ण उत्तर भारत को दुष्टजनों से श्रीराम द्वारा मुक्त करा लिया एवं सभी ऋषि वैज्ञानिकों के यज्ञ सुचारू रूप से होने लगे तो विश्वामित्र श्रीराम को जनकपुरी की ओर ले गये जहां पर सीता स्वयंवर चल रहा था। सीता स्वयंवर में जब कोई राजा धनुष को नहीं तोड़ पा रहा था तो श्रीराम ने विश्वामित्र जी की आज्ञा पाकर धनुष को तोड़ दिया जिसका अर्थ पूरे विश्व में दुष्टों को सावधान करना था कि अब कोई चाहे कितना भी शक्तिशाली राक्षस वृत्ति का व्यक्ति हो वह जीवित नहीं बचेगा।धनुष टूटने का पता चलने पर परशुराम जी का स्वयंवर सभा में आना एवं श्रीराम लक्ष्मण से तर्क वितर्क करके संतुष्ट होना कि श्रीराम पूरे विश्व का कल्याण करने में सक्षम है स्वयं अपने



आराध्य के प्रति भक्ति में लीन हो गये एवं समाज की जिम्मेदारी जो परशुराम ने ले रखी थी जिससे कि दुष्ट राजाओं को भय था परशुराम ने वह सामाजिक जिम्मेदारी श्री राम को सौंप दी एवं स्वयं भक्ति में लीन हो गये। कथा व्यास ने आगे कहा कि भगवान कण-कण में विराजमान है। अगर हम समाज में दीन-दुखियों वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए संगठित शक्ति के द्वारा ही सामाज में व्याप्त बुराईयों को दूर किये इसी कारण से श्री राम भगवान कहलाये उसी प्रकार आज भी समाज में व्याप्त बुराईयों को अच्छे लोग संगठित होकर ही दूर कर सकतें है। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए व्यास जी ने कहां कि राजा जनक राजा दशरथ को बारात लाने का न्यौता भेजा एवं राजा दशरथ नाचते गाते बारातियों सहित जनकपुरी पहुंचे। बारात में शामिल उपस्थित श्रोता जनसमूह खूब भाव पूर्ण नाचे गाये।

पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने श्रोताओं से आग्रह पूर्वक निवेदन करते हुए कहा कि जिस संगठित शक्ति के बल पर वनवासी गिरिवासी बंधुओं ने आपत्तिकाल में श्रीहनुमान जी महराज के नेतृत्व में धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए स्तुत्य कार्य किया, उसी प्रकार समस्त प्रकार के भेद-भावों से रहित होकर हम सबको जीवन में कुछ महान कार्य करने की ललक पैदा करना चाहिए। जिससे आज समाज में पैदा भेद भाव उच नीच छुआ छुत दूर हो सकें।

इस अवसर पर स्वामी चेतनानंद, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, जिला चुनाव अधिकारी रमेश सिंह,पूर्व सांसद उपेंद्र रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह ,कथा संयोजक संतोष सिंह कौशल किशोर त्रिपाठी, हरीश अगिनहोत्री, योगेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार की देर शाम सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर मजरे जकरिया मे एक 27 वर्षीय युवक ने घर के अंदर प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर जकरिया निवासी 27 वर्षीय ललित कुमार वर्मा पुत्र मंशाराम ने रविवार की देर शाम घर के अंदर बने कमरे मे प्लास्टिक रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया है।

## 5 बजे तक ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत तार बदले जाने को लेकर आज मंगलवार सुबह 11बजे से शायं तीन बजे तक नगर पंचायत सिद्धौर टाउन की विद्युत सप्लाई ठप रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए जेई दयाल चंद ने बताया कि 11हजार विद्युत लाइन के तार मंगलवार को एनसीसी फर्म द्वारा बदले जाएंगे जिसकी वजह से उक्त समय अवधि में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## संदिग्धावस्था में लगी आग कई पशु झुलसे

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीनगर में अज्ञात कारणो से छप्पर में आग लग गई। जिससे छप्पर के नीचे बंधी दो भैंस व सामान जलकर राख हो गया । बीती रात अलीनगर निवासी सियाराम के घर पर रखे छप्पर में अचानक से आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते और आग बुझाते तब तक छप्पर के नीचे बंधी दो भैंस जल गई तथा छप्पर के नीचे रखा समान भी जलकर खाक हो गया। किसी तरीके से ग्रामीणों के मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना पर सिरौली गौसपुर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, कांग्रेस नेता जुल्फी मियां, क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव ,हजरतपुर प्रधान प्रतिनिधि औन मियां सहित तमाम लोग सियाराम का हाल जानने के लिए उनके घर पहुंचे और घटना की जानकारी लिया तथा दुख व्यक्त किया। ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

## बेसिक शिक्षा परिषद के जर्जर स्कूल भवन नीलाम

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मदारपुर, करौरा, मौलाबाद, चकदहेपुर, प्यारेपुर,सदेवां, रामसहाय सहित 26 परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों की नीलामी खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।जिसमें अधिक बोली लगाने वाले टेंडर डालने वाले व्यक्तियों को भवन दिए गए और उन्हें समय से भवन तोड़कर मलवा उठाने के लिए कहा गया।सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रांगण में नीलामी बोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के टेंडर डालने वाले तमाम व्यक्तियों के द्वारा विद्यालयों के जर्जर भवन पाने के लिए अपनी-अपनी बोली लगाई ज्यादा बोली लगाने वाले व्यक्तियों को जर्जर भवन दिए गए। खण्ड शिक्षाधिकारी संजय कुमार ने उन्हें समय से जर्जर भवन तोड़कर मालवा उठा ले जाने के लिए कहा। कार्यक्रम कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव, शिक्षक अभिषेक सिंह, सहित जर्जर भवन के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक संगीता तिवारी, प्रहलाद कनौजिया, विनीता,शिवराम वर्मा, उमेश चन्द्र,मौजूद रहे।

## शीत लहर की दृष्टिगत आलो पॉइंट में वृद्धि

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठंढ से राहत दिलाने के लिए कटिबंध नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर में अलाव केंद्रों मैं बढ़ोतरी की गई है। सिद्धौर नगर पंचायत के लिपिक श्रीष मिश्रा ने बताया कि अभी तक नगर पंचायत में पांच स्थलों पर अलाव जलाए जाते थे, परंतु बढ़ती ठंड को देखते हुए अब नगर में 12 स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। ताकि आमजन को ठंड से राहत मिले और लोगों को दिक्कतें न हो।

## राम नाम जप में सम्मिलित हए मंत्री बैजनाथ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निंदूरा क्षेत्र के हाजीपुर ग्राम पंचायत में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल डांडी तुला धाम पर राम नाम का जाप किया जा रहा है सोमवार को राम नाम जाप में शामिल हुए एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत पहुंचकर मंदिर परिसर में चल रहे राम नाम जाप में प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया । इस मौके उमाशंकर चौरसिया, देशराज वर्मा, अंकित जयसवाल, मानसिंह, मंदिर के महंत गंगाराम दास, संजय कुमार रावत ,पूनम कनोजिया,आलोक दास सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन मैनेजमेंट के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोर्डिनेशन मैनेजमेंट के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों ने पिछली बैठक के आधार पर की गई कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन सामान्य एवं छात्रों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराए जाने के लिए समस्त विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर अधिक तीव्रता से प्रचार प्रसार करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और जनपद को नशे के अवैध कारोबार से पूर्णतः मुक्त करने के लिए अधिकारीगण वृहद स्तर पर अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक बनाया जा सके और नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाए। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि नशा मुक्ति की थीम पर आधारित वीडियो तैयार करते हुए सभी कॉलेजों में होने वाले प्रोग्राम में उनको दिखाया जाए, इसके लिए सभी कॉलेज प्रबंधकों को लेटर प्रेषित करते हुए अवगत कराया जाए।जिलाधिकारी ने बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि जनपद के सभी स्कूल व कॉलेजों में ड्रग्स की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाय और कार्यवाही नार्को कोऑर्डिनेशन मैनेजमेंट समिति की बैठक के सम्मुख प्रस्तुत करें। साथ ही पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर अवैध कारोबार पर पूर्णतया अंकुश लगाए जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि पिछली बार हुई बैठक के बाद क्या कार्रवाई हुई और उसके आधार पर सूचना तंत्र को और विकसित कर निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई एक अभियान चलाकर की जाए, ताकि जनपद को नशे के अवैध कारोबार से पूर्णतः मुक्त किया जाए सके। बैठक का सफल संचालन जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक द्वारा किया गया।बैठक में अपर जिलाधिकारी, सिटी पुलिस उपाधीक्षक, आईबी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसएसबी, समाज कल्याण, औषधि विभाग आदि से वरिष्ठ अधिकारी एवं आबकारी विभाग से निरीक्षक गण उपस्थित रहे।

# अभाविप काशी प्रान्त के प्रांत उपाध्यक्ष बने डॉ संतोष अंश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त का 64वॉ प्रान्त अधिवेशन केएनआईटी फरीदीपुर परिसर में सम्पन्न हुआ। प्रान्त अधिवेशन का उदघाटन उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह द्वारा हुआ। अधिवेशन में विविध शैक्षिक, सामाजिक, पर्यावरणीय मुद्दे पर गहन बौद्धिक चिंतन हुआ। यहां चार प्रस्ताव भी पारित हुए। इस अधिवेशन में प्रान्त अध्यक्ष प्रो सुचिता त्रिपाठी ने प्रान्त दायित्वों की घोषणा किया। कुशभवनपुर विभाग ( सुल्तानपुर ,अमेठी) के विभाग प्रमुख डॉ संतोष कुमार सिंह 'अंश' प्रान्त उपाध्यक्ष के रूप में चुने गए। डॉ संतोष अंश राणा प्रताप पी जी कॉलेज में असिस्टेंट प्रो़फेसर के रूप में कार्यरत है। रुद्र प्रताप सिंह रुद्र प्रान्त कार्यसमिति सदस्य, अमन राठौर और सत्यम त्रिपाठी प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य, तेजस्व पाण्डेय प्रान्त सह संयोजक एसएफडी, ऋतिक द्विवेदी प्रान्त सह संयोजक कजेलो भारत आयाम, प्रीति शर्मा प्रान्त सह संयोजक राष्ट्रीय कला मंच के रूप में मनोनीत किये गए। डॉ संतोष अंश एवं जनपद के सभी नवीन दायित्वधारियों को क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही जी,प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष, राष्ट्रीय मंत्री अंकित, प्रान्त अध्यक्ष सुचिता त्रिपाठी, प्रान्त मंत्री अभय प्रताप सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जनपद से प्रान्त स्तर के दायित्व प्राप्त प्राप्त करने पर कार्यकर्ताओं में अपार हर्ष है।

# राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के निधन का फायदा उठाया : भाजपा

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपने 'राजनीतिक लाभ' के लिए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का ''फायदा'' उठाया और जब पूरा देश उनके निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गए।

कांग्रेस ने पलटवार करते हुए पूछा कि ''संघी ध्यान भटकाने की राजनीति कब बंद करेंगे। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जब पूरा देश प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपनी ''सुविधाजनक राजनीति'' के लिए डॉ. सिंह के निधन का ''फायदा'' उठाया। भाजपा नेता ने कहा कि सिंह के प्रति राहुल के 'असम्मान' को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मालवीय ने आरोप लगाया, ''गांधी और कांग्रेस सिखों से नफरत करते हैं। यह कभी न भूलें कि इंदिरा गांधी ने दरबार साहिब को अपवित्र किया था। कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''संघी ध्यान भटकाने की ये राजनीति कब बंद करेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यमुना तट पर जगह देने से इनकार कर दिया और उनके मंत्रियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार को जगह नहीं दी, वह 'शर्मनाक' था। वियतनाम यात्रा पर कांग्रस नेता ने मालवीय से पूछा, ''अगर गांधी निजी तौर पर यात्रा करते हैं, तो आपको इससे क्या परेशानी है?

# भारतीय रक्षा उत्पादन क्षेत्र में पांच वर्षों में 20% वार्षिक की दर से वृद्धि की संभावना

एजेंसी

नई दिल्ली। केयरएज रेटिंग्स ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि मजबूत सरकारी समर्थन और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के दम पर भारतीय रक्षा क्षेत्र अगले पांच वर्ष तक वर्ष-प्रति-वर्ष लगभग 20 प्रतिशत की दर (सीएजीआर) से वृद्धि संभव है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2028-29 के दौरान रक्षा क्षेत्र का ब्याज, लीज रेंटल, मूल्यह्रास और कराधान से पहले लाभ का मार्जिन (पीबीआईएलडीटी) लगभग 20 प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने का अनुमान है।

केयरएज रेटिंग्स ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा, भारतीय रक्षा क्षेत्र की कंपनियां देश की रक्षा क्षमताओं को और बढ़ाने, आयात निर्भरता को कम करने और अपने वैश्विक कद को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के रक्षा क्षेत्र में सरकारी और निजी क्षेत्र की संस्थाओं के बीच सहयोग ने हथियार और गोला-बारूद, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स और नौसेना प्रौद्योगिकियों में प्रगति को बढ़ावा दिया है। रेटिंग एजेंसी के अनुसार , निजी क्षेत्र की संस्थाएँ, घरेलू और बहुराष्ट्रीय दोनों, रक्षा आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी, अपनी इंजीनियरिंग और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाएँगी। इस सहयोग को 'मेक इन इंडिया' और उदार एफडीआई मानदंडों जैसी नीतियों का समर्थन मिला है, जिसने घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाया है, रक्षा नवाचार में अंतर्राष्ट्रीय निवेश आकर्षित किया है और सैन्य उपकरणों के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रेटिंग एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा है कि भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी वार्षिक रक्षा उत्पादन परिव्यय निर्धारित किया है, जो वित्त वर्ष 2028-29 तक लगभग 20 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से तीन लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। केयरएज रेटिंग्स के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. नवीन कुमार ने कहा, ्लभारत का रक्षा क्षेत्र महत्वपूर्ण आधुनिकीकरण के मुहाने पर है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हमें और अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादन पर ज़ोर दिया जा रहा है।

'मेक इन इंडिया' पहल के तहत, अत्याधुनिक सैन्य उपकरण विकसित करने के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रक्षा फर्मों के बीच सहयोग में अपेक्षित वृद्धि हुई है। भू-राजनीतिक गतिशीलता और समुद्री सुरक्षा चिंताएँ रक्षा प्राथमिकताओं को आकार देंगी, जो खरीद रणनीतियों और रणनीतिक साझेदारी को प्रभावित करेंगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और हाइपरसोनिक हथियार जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण होंगी, जो अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) में पर्याप्त निवेश को बढ़ावा दे सकती हैं।

# मुस्लिम काशी, मथुरा पर दावा छोड़ें, मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजना बंद करेंगे : विहिप

एजेंसी

नागपुर। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन ने कहा है कि अगर मुसलमान काशी और मथुरा पर अपना दावा छोड़ दें तो वे हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग ढूंढना बंद कर देंगे। बतौर जैन अगर मुस्लिम समुदाय पहल करे और कट्टरता को छोड़कर प्यार से अपने अधिकार छोड़ दे तो आप हमारा दिल जीत लेंगे, अन्यथा इन मामलों के फैसले के लिए अदालतें हैं।

डॉ. जैन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि विश्व हिंदू परिषद ने अपने किसी भी विषय को नहीं छोड़ा है। 'मंदिर वहीं बनाएंगे, मंदिर भव्य बनाएंगे' के वादे के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है, अब कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ मंदिर मुक्त होंगे। जैन ने कहा कि शांतिप्रिय हिंदू समाज 1984 से काशी और मथुरा पर दावा कर रहा है। उस समय भी हमने मुसलमानों को प्रस्ताव दिया था कि अगर वे इन दोनों जगहों पर अपना दावा छोड़ दें तो हिंदू समाज बाकी जगहों पर दावा नहीं करेगा। जैन ने खेद जाहिर करते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय ने अपनी कट्टरता नहीं छोड़ी और इस अवसर को गंवा दिया। अब मामला कोर्ट में है, फिर भी यदि मुसलमान काशी और मथुरा पर अपना दावा छोड़ दें तो हम मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजना बंद कर देंगे। डॉ. जैन ने सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के उस बयान पर भी सहमति जताई, जिसमें उन्होंने 'हर मस्जिद के नीचे मंदिर मत ढूंढ़ो' का आह्वान किया था। डॉ. जैन ने इस पर अपनी राय रखते हुए कहा कि हम सरसंघचालक के बयान से पूरी तरह सहमत हैं, लेकिन उनके बयान का एक वाक्य उठाकर दिखाया गया। बतौर जैन सरसंघचालक ने यह भी कहा है कि पहले मुस्लिम समुदाय को कट्टरता छोड़नी होगी। जैन ने कहा कि मुस्लिमों की कट्टरता के चलते आज हिंदू समाज मस्जिद के नीचे मंदिरों की तलाश कर रहा है। बतौर जैन काशी और मथुरा के मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। जैन ने कहा कि मुस्लिम समुदाय को इस मामले के नतीजे का धैर्यपूर्वक इंतजार करना चाहिए।

# हार से आशंकित केजरीवाल रोज कर रहे नयी घोषणा: सचदेवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पुजारियों और ग्रंथियों के लिये आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घोषणा को लेकर सोमवार को कहा कि श्री केजरीवाल एक ऐसे सुल्तान हैं, जो हार से आशंकित होकर रोज नयी लोक लुभावनी घोषणायें कर रहे हैं, ताकि किसी तरह सत्ता में बने रह सकें।

श्री सचदेवा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि श्री केजरीवाल दिल्ली में जहां भी जाते हैं, लोग उनसे दिल्ली के ठप विकास के कार्यों, शीशमहल के निर्माण पर, एक पर एक मुफ्त में बांटी गयीं शराब बोतलों पर सवाल पूछते हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही लोग उनसे उन 62 मौतों पर भी जवाब मांगते हैं, जो इस वर्ष मानसून के दौरान जलजमाव में डूबने और बिजली करंट लगने से हुईं, लेकिन श्री केजरीवाल इन सवालों का जवाब देने की बजाय अब सपनों के सौदागर बन कर घूम रहे हैं और फिर से आम आदमी को ठगना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल अब जितनी भी घोषणायें कर लें, दिल्ली वाले उनका यकीन नहीं करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान योजना के छलावे के बाद अब श्री केजरीवाल ने पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा की है। दिल्ली भाजपा का पुजारी प्रकोष्ठ लम्बे समय से पुजारियों के लिये भी वेतन भत्ते की मांग करता है, हमने अनेक बार धरने प्रदर्शन किये और केजरीवाल सरकार पर पुजारियों एवं ग्रंथियों के लिये वेतन देने का दबाव बनाया। श्री सचदेवा ने कहा कि आज दिल्ली भाजपा और उसके पुजारी प्रकोष्ठ के लगभग दो साल से अधिक से चल रहे आंदोलन के दबाव के चलते श्री केजरीवाल को पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि अभी तक दिल्ली की महिलायें श्री केजरीवाल से पूछ रही है, क्या 'आप' की पंजाब सरकार राज्य की महिलाओं को कोई सम्मान राशि दे रही हैं। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल दिल्ली में मौलवियों को वेतन भत्ता देते रहे हैं और भाजपा के विरोध और दिल्ली उच्च न्यायालय में अधिवक्ता रुक्मणी सिंह की ओर से लगायी गयी याचिका के कारण वह समझ रहे थे कि उनको मौलवियों का वेतन-भत्ता बंद करना पड़ेगा, तो उन्होंने अदालत को गुमराह करने के लिये यह योजना घोषित की है। वहीं, सुश्री सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल सरकार ने अदालत में स्वीकार किया है कि उसने 1100 से अधिक मौलवियों और उनके सहायकों को 58 करोड़ रुपये से अधिक वेतन भत्ते के तौर पर दिये हैं और उन्हें 21 जनवरी अदालत में इस संबंध में लिखित में जवाब देना है और यह घोषणा उसी से जुड़ी है।

## बिहार विधान परिषद उपचुनाव 23 जनवरी को

पटना। बिहार विधान परिषद में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सदस्य सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त होने के बाद रिक्त सीट पर उपचुनाव के लिए आज चुनाव आयोग ने तारीख की घोषणा कर दी। चुनाव आयोग की ओर से सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। आयोग की तरफ से मतदान की तारीख 23 जनवरी 2025 तय की गई है। इसके साथ ही इसको लेकर अधिसूचना जारी होने की तिथि 06 जनवरी और नामांकन दायर करने की अंतिम तिथि 13 जनवरी है। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच 14 जनवरी को होगी। इसके साथ ही नाम वापसी की तारीख 16 जनवरी 2025 है। अधिसूचना के अनुसार, इस उपचुनाव के लिए मतदान करने का समय सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे तक तय किया गया है। इसके बाद मतगणना की तारीख 23 जनवरी 2025 तय की गई है। उल्लेखनीय है कि राजद विधान पार्षद सुनील सिंह पर बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर मिमिक्री कर मजाक उड़ाना भारी पड़ गया।

# नीतीश सरकार में महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर सशक्त हुयीं : राजीव

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में राज्य की महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर सशक्त हुई हैं। श्री प्रसाद ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता संभालते ही श्री कुमार ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर समृद्ध करने के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिए। वर्ष 2006 में उन्होंने पंचायती राज में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की साथ ही वर्ष 2007 में उन्होंने नगर निकाय में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया।नौकरियों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिये सरकार के सभी सरकारी सेवाओं/संवर्गों के सभी स्तर एवं सभी प्रकार पदों पर सीधी नियुक्ति में महिलाओं को 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया। साथ ही प्राथमिक शिक्षकों के नियोजन/नियुक्ति में भी महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। जदयू प्रवक्ता ने कहा,महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की कोशिशों के चलते वर्ष 2001 की जनगणना में राज्य की महिलाओं की साक्षरता दर में 20 प्रतिशत की दशकीय वृद्धि दर्ज हुई, जिसके कारण बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। महिलाओं में साक्षरता दर में वृद्धि का सीधा प्रभाव जनसंख्या के स्थिरीकरण पर पड़ा। वर्ष 2005 में बिहार का कुल प्रजनन दर 4.3 था जो अब घटकर 2.9 हो गया। वर्ष 2007 में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन परियोजना यानि 'जीविका' को प्रारंभ किया गया। जीविका के तहत स्वयं सहायता समूह में आच्छादित परिवारों की संख्या वर्तमान में 1 करोड़ 30 लाख हो गई है।एवं 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार ने साल 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को विशेष तौर पर 35 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। आज इसी का परिणाम है देश में सबसे ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों की तादाद बिहार में है। वहीं बिहार देश का पहला राज्य है जहां महिला पुलिस बटालियन का गठन किया गया है।

श्री प्रसाद ने कहा कि श्री कुमार के शासनकाल में 'सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना' के तहत महिला अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग और बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा पास करने पर लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी के लिए राज्य सरकार द्वारा एक लाख रुपए और पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है जिससे बड़ी तादाद में महिलाओं को लाभ मिल रहा है।

## खरगे, प्रियंका ने की बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा

नयी दिल्ली। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को शर्मनाक और अमानवीय करार दिया और कहा कि डबल इंजन युवाओं पर दोहरे अत्याचार का प्रतीक बन गया है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, बिहार की राजग सरकार ने बीपीएससी अभ्यर्थियों पर क्रूर लाठीचार्ज और अमानवीय अत्याचार पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए किया है। युवाओं के खिलाफ तानाशाही का इस्तेमाल करके उनके मनोबल को तोड़ने का प्रयास है, जो बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पिछले सात सालों में 70 से अधिक पेपर लीक की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश भर में पेपर लीक माफिया का जाल फैलाने का भी आरोप लगाया, जो युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है।

## एनसीसी का गणतंत्र दिवस शिविर शुरू, 2361 कैडेट ले रहे हैं हिस्सा

नयी दिल्ली। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का शिविर सोमवार को सर्व धर्म पूजा के साथ यहां दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड में शुरू हुआ और इसमें 2361 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में देश के सभी 28 राज्यों और 08 केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2,361 कैडेट एक महीने तक चलने वाले शिविर में भाग ले रहे हैं। कैडेटों में 917 लड़कियां भी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन कैडेटों में जम्मू- कश्मीर और लद्दाख के 114 कैडेट और पूर्वोततर क्षेत्र के 178 कैडेट शामिल हैं, जो ्ल मिनी इंडियाङ्क की झलक पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 14 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के रूप में शिविर में भाग लेंगे। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने इस अवसर पर कैडेटों को एनसीसी के सबसे प्रतिष्ठित शिविर के लिए चुने जाने पर बधाई देते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा, जाति की बाधाओं को पार करते हुए चरित्र, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, भाईचारा और टीम वर्क के उच्चतम गुणों को प्रदर्शित करने की सलाह दी। गणतंत्र दिवस शिविर का मूल उद्देश्य भाग लेने वाले कैडेटों में देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व गुणों की गहरी भावना पैदा करना है। यह वार्षिक कार्यक्रम कैडेटों को प्रशिक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने और सामाजिक सेवा पहलों में भाग लेने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

# आरिफ मोहम्मद खान के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा नई ऊंचाई प्राप्त करेगी : सम्राट



एजेंसी

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मनोनीत राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा नई ऊंचाई प्राप्त करेगी।

श्री चौधरी ने सोमवार को श्री खान का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्री खान के कुलाधिपति-सह-राज्यपाल का पद सम्भालने से राज्य में उच्च शिक्षा का स्तर सुधारने का अभियान तेज होगा। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति, संविधान, संसदीय परम्परा और इस्लाम के गहन अध्येता श्री खान अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में अरबी फारसी विश्वविद्यालय, उर्दू अकादमी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का किशनगंज कैम्पस और इस्लामिक रिसर्च सेंटर जैसे जो भी अध्ययन केंद्र विकसित किए हैं, उन्हें श्री खान के मार्गदर्शन में नयी ऊंचाई मिलेगी।

# पेज एक का शेष

### मोदी के डिजिटल...

स्थानीय और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार किया है और पोर्टल पर 29 अक्टूबर से 12 नवम्बर तक आवेदन प्राप्त किए। भूमि और सुविधा आवंटन के लिए कुम्भ 2019 के डेटा का विश्लेषण किया गया और जमीन आवंटन के लिए तय नियमों के अनुसार कार्य किया गया। मेला प्राधिकरण द्वारा संस्था को दी गई सुविधा पर्ची को वेंडर ऑनलाइन देख सकते हैं और संस्था को दी गई सुविधा को उनके समन्वय के साथ फोटो के साथ अपडेट कर सकते हैं। डिजिटल और ऑनलाइन सुविधा की सबसे बड़ी पारदर्शिता ये है कि आवेदक जब चाहे अपने जमीन के आवंटन सम्बंधित जानकारी और सुविधा का अपडेट देख सकता है और कमियों पर अपनी आपत्ति जता सकता है। आवेदनों की सम्पूर्ण जानकारी का डाटा डिजिटलाईज़ेशन और आवेदन की स्थिति की लाइव ट्रैकिंग के साथ आवंटन। समयबद्ध स्थापना के लिए सुविधा पर्चियों से सम्बंधित विक्रेताओं और सरकारी विभागों में स्वचालित ऑटोमेटेड डाटा फ्लो। सुविधाओं की स्थापना के फोटोग्राफिक साक्ष्य के साथ सत्यापन के लिए थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन और सत्यापन समिति मॉडल। प्रयागराज मेला प्राधिकरण, कस्टमाइज़्ड एमआईएस रिपोर्ट और व्यापक संस्था विश्लेषण, यह सॉफ्टवेयर प्रयागराज मेला प्राधिकरण को संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा न्यूनतम कतार और भौतिक नियुक्तियों के साथ भूमि और सुविधा आवंटन को समय पर पूरा करने में सक्षम बनाएगा।

### मुख्य स्नान पर्वों के...

एक्जिट प्लान के बारे में जन संपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मुख्य स्नान पर्वों के दिन प्रयागराज जंक्शन में एंट्री या प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफोर्म नं.-1 की ओर से दिया जाएगा और एक्जिट सिविल लाइंस साइड की ओर से ही होगा। अनारक्षित यात्रियों को दिशावार, उनके गन्तव्य स्टेशन के हिसाब से यात्री आश्रय स्थलों के माध्यम से सही ट्रेन और उसके प्लेटफॉर्म की ओर ले जाया जाएगा। वहीं आरक्षित या पहले से रिजर्वेशन कराये हुए यात्रियों को प्रयाराज जंक्शन के सिटी साइड से गेट नंबर 5 से अलग से प्रवेश कराया जाएगा। इसी तरह नैनी जंक्शन पर प्रवेश केवल स्टेशन रोड से दिया जाएगा और निकास केवल मालगोदाम की ओर दूसरे प्रवेश द्वार से होगा। प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिर्ज़ापुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से तो निकास केवल जीईसी नैनी रोड की ओर से कराया जाएगा। इसी तरह, सूबेदारगंज स्टेशन में स्नान पर्वों के दिन प्रवेश केवल झलवा, कौशाम्बी रोड की ओर से और एक्जिट केवल जी.टी. रोड की ओर ही होगा। प्रयाग जंक्शन में एंट्री केवल चैथम लाइन, प्लेटफोर्म नं.-1 की ओर से तो एक्जिट रामप्रिया रोड, प्लेटफॉर्म नं.- 4 की ओर से होगी। लेकिन आरक्षित या रिजर्व्ड यात्रियों को सहसों मार्ग से द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर से ही प्रवेश दिया जायेगा। तो वहीं फाफामऊ स्टेशन में प्रवेश केवल द्वितीय प्रवेश द्वार, प्लेटफॉर्म नं.-4 की ओर और निकास केवल फाफामऊ बाजार की ओर से होगा और प्रयागराज रामबाग स्टेशन में यात्रियों को प्रवेश केवल हनुमान मन्दिर चौराहा की ओर से मुख्य प्रवेश द्वार से दिया जाएगा और निकास केवल लाउदर रोड की ओर से होगा। इसके अलावा प्रयागराज संगम स्टेशन, दारागंज लगभग मेला क्षेत्र में ही होने के कारण मुख्य स्नान पर्वों के दिन बंद रहेगा। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज के सभी स्टेशनों पर 3000 से 4000 यात्रियों के रुकने की व्यवस्था के आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इन यात्री स्थलों में श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्टेशन क मुताबिक अलग-अलग कलर कोड के आश्रय स्थलों में रुकवाया जाएगा। अनरिजर्वड या अनारक्षित टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रय स्थलों में बने टिकट काउंटर, ए.टी.वी.एम या मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी। तो वही रिजर्वड या आरक्षित यात्रियों को उनकी ट्रेन आने के 30 मिनट पहले ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। प्रयागराज रेल मण्डल भीड़ के अतिरिक्त दबाव को सही ढंग से मैनेज करने के सभी उपाय कर रहा है ताकि मेले मे किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी ...

ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराया और विश्वास जताया कि आने वाले समय में सशस्त्र बल एक साथ मिलकर बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि महू छावनी में सभी विंग के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से इन्फैंट्री स्कूल में हथियार प्रशिक्षण, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में एआई और संचार प्रौद्योगिकी तथा एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड में नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण के माध्यम से एकीकरण को बढ़ावा देने की संभावना तलाशने का आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि भविष्य में कुछ अधिकारी रक्षा अताशे के रूप में काम करेंगे और उन्हें वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, ्ल जब आप रक्षा अताशे का पद संभालेंगे, तो आपको सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए। आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकता है और विश्व मंच पर अधिक सम्मान प्राप्त कर सकता है। रक्षा मंत्री ने भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसी तरह, सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक हम न केवल एक विकसित राष्ट्र बन जाएंगे, बल्कि हमारी सशस्त्र सेनाएं दुनिया की सबसे आधुनिक और सबसे मजबूत सेनाओं में से एक होंगी। श्री सिंह ने अधिकारियों से डॉ. बीआर अंबेडकर के समर्पण और भावना के मूल्यों को आत्मसात करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बाबा साहब को न केवल भारतीय संविधान का निर्माता बताया, बल्कि एक दूरदर्शी मार्गदर्शक भी बताया। उन्होंने लोगों, खासकर युवाओं को उनके मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, राष्ट्र की रक्षा के लिए यह समर्पण और लगातार बदलती दुनिया में खुद को अपडेट रखने की यह भावना हमें दूसरों से आगे ले जा सकती है। इससे पहले रक्षा मंत्री ने इन्फैंट्री मेमोरियल पर माल्यार्पण किया और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी।

### शांति से मनाएं नया...

के फलस्वरूप सड़क दुर्घटना आदि की प्रबल संभावना बनी रहती है। ऐसे में दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की चेकिंग ब्रेथ एनालाइजर द्वारा प्रभावी तौर पर सुनिश्चित की जाएगी। सोशल मीडिया की राउंड-द-क्लॉक मॉनिटरिंग की जाएगी। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर संज्ञान में आते ही संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए तत्काल अफवाहों का खंडन किया जाएगा।

### पनडुब्बी, तारपीड़ो ...

संबंधित परियोजना पारंपरिक पनडुब्बियों की शक्ति को बढ़ाएगी और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इससे लगभग तीन लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा। ईएचडब्ल्यूटी का एकीकरण भारतीय नौसेना, डीआरडीओ और नौसेना समूह, फ्रांस का संयुक्त प्रयास होगा। इससे भारतीय नौसेना की कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों की मारक क्षमता में काफी वृद्धि होगी।

### बहराइच की 50 हजार...

की आय बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन स्वामी रामदेव की कंपनी से कराया गया है। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि एफपीओ के 1,880 पुरुष किसान तथा 975 महिला किसान हल्दी उत्पादन से जुड़े हैं। इसी तरह यहां 150 हेक्टेयर में जिमीकन्द की खेती की जा रही है, जिसमें 30-35 टन प्रति हेक्टेयर में कुल 5,250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है। स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में इसकी मांग अधिक है। इसी प्रकार लगभग 600 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में हरी सब्जियों की भी यहां खेती हो रही है।

### साइबर धोखाधड़ी...

2,623 करोड़ रुपये के 14,480 मामले सामने आए थे। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, नियामक पहल के तहत वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा और मजबूती पर ध्यान दिया जाता रहा है। साइबर स्तर पर मजबूती, धोखाधड़ी की रोकथाम और ग्राहक सुरक्षा पर जोर देने के साथ वित्तीय मध्यस्थों और बाजार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को लेकर प्रयास किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नियामक वित्तीय प्रणाली की मजबूती को और सुदृढ़ करने के लिए बदलते वित्तीय माहौल को अपनाते हुए सतर्क और जवाबदेह बने हुए हैं।

### उद्योग और रोजगार...

और वस्त्र उद्योग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में महिलाओं को अधिक अवसर दिए गए हैं। इसके अलावा, महिलाओं के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। योगी सरकार द्वारा किए गए ये प्रयास प्रदेश को आर्थिक, औद्योगिक, और सामाजिक रूप से मजबूत बना रहे हैं। श्रम कानूनों में सुधार, डिजिटल प्रक्रियाओं का विस्तार, और महिला श्रमिकों के लिए विशेष योजनाएं, यह सभी पहल प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मार्ग पर अग्रसर कर रही हैं।

# उत्तराखंड : शीतलहर से बचाव में मुख्यमंत्री धामी ने बढ़ाई तत्परता, हर जरूरतमंद तक पहुंचेगी राहत

**■ मुख्यमंत्री ने राज्य भर में शीतलहर से बचाव के लिए प्रभावी उपायों की समीक्षा की**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तराखंड में शीतलहर से बचाव के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शीतलहर से बचाव के लिए जरूरी उपायों की निर्देशित किया ताकि आम जनता और विशेष रूप से जरूरतमंदों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए रेन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और इनका समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। इसके अलावा जरूरतमंदों को कंबल, दस्ताने, मौजे और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। शीतलहर के दौरान अलाव की व्यवस्था की गई है, इसके बारे में लोगों को सूचित किया जाए ताकि वे ठंड से बच सकें। मुख्यमंत्री ने बर्फबारी के कारण सड़कों पर यातायात बाधित न हो, इसके लिए आवश्यक संसाधनों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिलाधिकारियों से गर्भवती महिलाओं का डाटा तैयार रखने की बात की, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उन्हें त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सके। निराश्रित पशुओं के लिए भी शीतलहर से बचाव के उपायों का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री ने बैठक में यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे और किसी भी गलत तरीके से इसका फायदा न उठाया जाए। इसके अलावा बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के संदर्भ में भी मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने शीतलहर से बचाव के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी।

# भाजपा उम्मीदवार मीरा के नामांकन में शामिल हुए मंत्री गणेश जोशी,

**■ बोले- प्रचंड बहुमत से जीतेंगी सकलानी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी पहुंचकर मसूरीवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर पालिका परिषद मसूरी के अध्यक्ष पद की भाजपा उम्मीदवार मीरा सकलानी के नामांकन में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विश्वास जताते हुए कहा कि उम्मीदवार मीरा सकलानी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से मसूरी के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को गति प्रदान करने में एक अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार मीरा सकलानी प्रचंड बहुमत से विजयी होंगी। उन्होंने मसूरी वासियों से भाजपा उम्मीदवार मीरा सकलानी को अपना स्नेह व आशीर्वाद देकर निकाय चुनाव में प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के लिए आह्वान भी किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, मोहन पेटवाल, सतीश ढौंडियाल, रजत अग्रवाल, गीता कुमाई आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में अग्निवीर भर्ती में 4500 अभ्यर्थियों का चयन, 02 हजार रिक्त पदों पर भी जल्द होगी भर्ती



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मेजर जनरल मनोज तिवारी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अग्निवीर भर्ती में उत्तराखंड से 4500 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। 02 हजार रिक्त पदों पर भी जल्द भर्ती की जाएगी। इस मौके पर मेजर जनरल मनोज तिवारी ने कहा कि आने वाली भर्तियों में भी राज्य से अधिक से अधिक युवा प्रतिभाग कर सकें, इसके लिए राज्य और जनपद स्तरों पर कैंप लगाए जाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बहुल प्रदेश है। उत्तराखंड में होने वाली भर्तियों में सेना को पूरा प्रशासनिक सहयोग दिया जाएगा। सेना की ओर से राज्य में जो कैंप लगाए जाएंगे, उसमें राज्य सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

# सोमवती अमावस्या : हर की पैड़ी पर गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, पूजन-दान कर किया पुण्य अर्जित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। सोमवती अमावस्या पर्व को लेकर हरिद्वार में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। देर रात से ही हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। देश के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही हर की पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित करना शुरू दिया था। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया और दान आदि कर्म कर पुण्य लाभ अर्जित किया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नारायणीशिला व कुशावर्त घाट पर अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व पिण्डदान कर उनके मोक्ष की कामना की। अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ऐसी मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर गंगा में स्नान करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही नहीं सैकड़ों अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पितरों के निमित्त पूजा करने से जीवन में सुख और शांति आती है। भीषण ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। सोमवती अमावस्या पर भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र को 14 जोन और 39 सेक्टरों में बांट कर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को तैनात किया। इसके साथ ही यातायात प्लान भी लागू किया गया। इस बाबत नारायणीशिला के पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि वैसे तो सभी अमावस्या पर गंगा स्नान का महत्व है। मगर सोमयुता अर्थात सोमवती अथवा भोमयुता अर्थात भौमवती अमावस्या विशेष पुण्यदायी होती है। इसके पुण्य का इसी बात से पता लगा सकते हैं कि इस सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में स्वयं भीष्म पितामह ने अपनी शरशैया पर पड़े रहते हुए इंतजार किया था। सोमवती अमावस्या के आने का सोमयुता अर्थात अक्षुण्य कर देने वाली अमावस्या आज के दिन है। मात्र जल स्नान करना व्यक्ति को अश्वमेघ यज्ञ के समान फल दे देता है। बताया कि आज के दिन अपने पितरों के प्रति तर्पण, श्राद्ध आदि करना, पीपल के वृक्ष की पूजा करना श्रेष्ठ बताया गया है। इस दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से व्यक्ति के कल्पकल्पान्तर तक के पाप नष्ट हो जाते हैं और व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। आज के दिन किया गया दान भी अक्षय फलदायी होता है। समाचार लिखे जाने तक स्नान का सिलसिला जारी था। उल्लेखनीय है कि यूं तो सभी अमावस्या का महत्व होता है, मगर सोमवती अमावस्या सनातन धर्म में अत्यधिक पुण्यदायी मानी जाती है। इस दिन गंगा स्नान और पितरों के निमित्त श्राद्ध तर्पण करने का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है।

## जालंधर शहर में 24 प्रमुख स्थानों पर लगभग 1200 पुलिस अधिकारी तैनात

जालंधर किसानों द्वारा राज्यव्यापी 'पंजाब बंद' के आह्वान के मद्देनजर श्री स्वप्न शर्मा, पुलिस आयुक्त, जालंधर ने सोमवार को अधिकारियों के साथ सार्वजनिक सुरक्षा, शांति और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शहर के प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण किया। श्री स्वप्न शर्मा ने कई रणनीतिक चौकियों का दौरा किया और इन महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी का निरीक्षण किया। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से सतर्कता और तत्काल प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर जोर दिया और उनसे किसी भी अप्रिय घटना या व्यवधान के मामले में तेजी से कार्रवाई करने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने कहा कि जनता की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरे शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच डिवीजनों में 24 प्रमुख बिंदुओं पर लगभग 1,200 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## डीयू ने सीईएस के लिए आमंत्रित किए आवेदन, 8 जनवरी अंतिम तिथि

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने विश्वविद्यालय के विभागों (द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर) और कॉलेजों (द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रस्तुत किए जाने वाले पेपरों के लेकर योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) 2024-25 के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। सीईएस 2024-25 में पंजीकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी, 2025 है। डीयू की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसरण में डीयू सीईएस के तहत किसी भी आयु के शिक्षार्थियों को अपने विभागों और कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत मौजूदा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है।

# उत्तराखंड निकाय चुनाव : उम्मीदवारों के लिए आज नामांकन भरने का अंतिम दिन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड में निकाय चुनावों का बिगुल बज चुका है और नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन चुनावी गहमागहमी चरम पर है। राज्य के 11 नगर निगमों, 43 नगर पालिका परिषदों और 46 नगर पंचायतों सहित कुल 100 नगर निकायों के लिए चुनाव 23 जनवरी को होंगे। इन चुनावों में मतपत्रों के जरिए मतदान होगा और नतीजे 25 जनवरी को घोषित किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया में बढ़ा जोशनामांकन के आखिरी दिन सोमवार को सभी प्रमुख राजनीतिक दल और निर्दलीय उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ जोर-शोर से पर्चा भरने पहुंच रहे हैं। जुलूस, नारेबाजी और शक्ति प्रदर्शन के बीच उम्मीदवार अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। राजनीतिक दलों की तैयारियां भाजपा ने अपने अधिकांश उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित कर दिए हैं, जिससे पार्टी को प्रचार के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। भाजपा ने विकास और जनसेवा को चुनावी एजेंडा बनाया है। पार्टी के नेता नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने के लिए आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। वहीं कांग्रेस ने भी अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। हालांकि उम्मीदवारों की घोषणा में देरी के कारण पार्टी थोड़ी पिछड़ी हुई दिख रही है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार की कथित नाकामियों और स्थानीय समस्याओं को चुनावी मुद्दा बनाने का फैसला किया है। अन्य दल और निर्दलीय उम्मीदवारआम आदमी पार्टी (आप) और उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) जैसे छोटे दल भी मैदान में हैं और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार भी निकाय चुनाव में जोर-शोर से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। 31 दिसंबर को होगी नामांकन पत्रों की जांच इस बार राज्य में कुल 30,83,500 मतदाता हैं। इनमें 14,93,519 महिलाएं, 15,89,467 पुरुष और 514 अन्य शामिल हैं। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच कल यानी 31 दिसंबर को होगी। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। प्रमुख मुद्दे निकाय चुनावों में स्थानीय स्तर पर सफाई, जल निकासी, सड़कें, जलापूर्ति और बिजली जैसे बुनियादी मुद्दे हावी रहेंगे। इसके अलावा शहरी विकास और रोजगार जैसे विषय भी चर्चा में हैं। भाजपा ने जहां अपने विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। वहीं कांग्रेस स्थानीय समस्याओं और भाजपा सरकार की नीतियों को निशाना बना रही है।

## निकाय चुनाव: पोलिंग कार्मिकों का पहला रैंडमाइजेशन, प्रक्रिया हुई पारदर्शी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोपेश्वर। नगर निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था.नि.) चमोली संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में मतदान कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। जिले की चार नगर पालिका परिषद और छह नगर पंचायत में बनाए गए 80 पोलिंग बूथों के लिए 23 रिजर्व पार्टी सहित 103 पोलिंग पार्टियां बनाई गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय शामिल है। मतदान कार्मिक द्वितीय के रूप में एक महिला कार्मिक की तैनाती की गई है। पोलिंग कार्मिकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। कार्मिकों के दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन में पोलिंग पार्टियों को बूथ आवंटित किए जाएंगे। पोलिंग पार्टियों में तैनात कार्मिकों को जल्द ही निकाय चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी, नोडल अधिकारी कार्मिक व मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश सहित रिटर्निंग आफिसर आदि मौजूद थे।

# धर्म के प्रकाश के लिए ईश्वर ने संतों को माध्यम बनाया है : स्वामी दयाराम दास

**■ महाकुंभ से पहले ऋषिकेश में संतों की बैठक, पॉलिथीन मुक्त और पौधारोपण अभियान की तैयारी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



ऋषिकेश। अखिल भारतीय संत समिति विरक्त वैष्णव मंडल समिति ऋषिकेश ने महाकुंभ से पहले सभी मठ-मंदिरों और आश्रमों के महामंडलेश्वर संत समाज के साथ बैठक आयोजित की, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। यह बैठक सोमवार को सच्चिदानंद आश्रम शीशम झाड़ी में हुई। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश महामंत्री महामंडलेश्वर स्वामी ईश्वर दास महाराज ने की। जबकि संचालन तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से विरक्त वैष्णव मंडल के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास महाराज ने कहा कि भारत भूमि सनातन धर्म की प्रतीक है। यहां राम–कृष्ण जैसे परम तपस्वी जन्मे हैं। इस भूमि पर धर्म के प्रकाश के लिए ईश्वर ने संतों को माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा कि संत सदैव मानव कल्याण और राष्ट्र निर्माण में अपना समर्पण रखते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी ईश्वर दास महाराज ने कहा कि गंगा, गायत्री और सनातनी संस्कृति के लिए जो भी भगवा धारण करते हुए समाज सेवा में कार्य करता है, संत उसी के साथ चलते हैं। संतों का आशीर्वाद हमेशा सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा में होता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा, समाज सेवा और संत सेवा को परम लक्ष्य मानते हुए आगे बढ़ना चाहिए। बैठक में महाकुंभ से पहले सभी मठ मंदिरों और आश्रमों के महामंडलेश्वर संत समाज ने यह निर्णय लिया कि महाकुंभ में पॉलिथीन मुक्त महाकुंभ अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए संतों द्वारा घर-घर पौधारोपण अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में महामंडलेश्वर दयाराम दास महाराज, महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज, महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज, महंत चेतन स्वरूप महाराज, महंत छोटन दास महाराज, महंत गणेश दास महाराज, महंत आलोक हरि महाराज, महंत कन्हैया दास महाराज, महंत भारत भूषण दास, महंत रामशरण दास त्यागी, महंत निर्मल दास, महंत रवींद्र दास, महंत करुणा शरण, स्वामी गोपाल दास, स्वामी बालक दास, स्वामी प्रब्रह्म आनंद महाराज, पवन दास, महावीर दास, प्रमोद दास आदि उपस्थित थे।

## रुड़की : कांग्रेस मेयर उम्मीदवार पूजा ने नामांकन दाखिल किया

हरिद्वार। रुड़की नगर निगम के मेयर पद के लिए कांग्रेस उम्मीदवार पूजा गुप्ता ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने मंदिर पहुंच कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। कांग्रेस उम्मीदवार पूजा गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ दुर्गा मंदिर पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। दुर्गा मंदिर से पूजा-अर्चना के पश्चात कांग्रेस उम्मीदवार तथा सभी कांग्रेसजन नगर के मुख्य चौराहों से होते हुए नामांकन के लिए पुरानी कचहरी पहुंचे। इस दौरान उनका विभिन्न स्थानों पर नगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। सचिन गुप्ता ने दलबल के साथ कचहरी पहुंच अपनी धर्मपत्नी पूजा गुप्ता का नामांकन दाखिल कराया। नामांकन से पूर्व कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह जनता के आशीर्वाद तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि नगर का चहुंमुखी विकास हो तथा वर्षों से जो नगर के विकास कार्य अवरुद्ध हैं, उसे प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, डॉ. विनय गुप्ता, राजकुमार सैनी, जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस सेठमाल, कलीम खान आदि मौजूद थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063